ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 07 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-200 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

फिल्म 'द केरल स्टोरी' के समर्थन में ... पेज 10 पर



# झारखंड में नीट परीक्षा में 10 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए रांची में 10 केंद्र बनाए हैं। इस परीक्षा के कॉर्डिनेटर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह हैं। राम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा केंद्र पर कड़े जांच की व्यवस्था की गयी है। हर बच्चे की जांच की जाएगी। बच्चों को क्या करना है और क्या नहीं है, इसकी जानकारी स्टूडेंट्स को दे दी गयी है।

इस नीट टेस्ट के जरिए झारखंड के आठ मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिलता है। इन सभी मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटा सीट तय है। इस स्टेट कोटा सीट में केवल झारखंड राज्य के बच्चों का ही एडमिशन होता है।



झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, डेंटल और होमियोपैथी की पढ़ाई होती है। स्टेट काउंसलिंग के जरिए इन कोर्सेस में एडमिशन लिया जाता है।

झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के स्टेट कोटा में एडमिशन के लिए नीट के रिजल्ट के बाद स्टेट की ओर से काउंसलिग होती है। इस काउंसलिंग को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी ) कंडक्ट करती है। स्टेट के स्टूडेंट्स से जेसीईसीईबी एप्लीकेशन लेती है। इस एप्लीकेशन के आधार पर स्टेट मेरिट लिस्ट निकाला जाता है। फिर स्टूडेंट्स को रैंक के आधार पर कॉलेज और कोर्स अलॉट किए जाते हैं। जिसके बाद स्टूडेंट्स संबंधित कॉलेज में जाकर एडमिशन लेता है।

### बीडीएस

कॉलेज का नाम स्टेट कोटा सीट
डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स, रांची-52
हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल-85
वनांचल डेंटल कॉलेज, गढ़वा-85
अवध डेंटल कॉलेज, जमशेदपुर-85

### एमबीबीएस की कितनी स्टेट सीट निर्धारित

रिम्स रांची- 148, एमजीएम जमशेदपुर-83, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद- 41, फूलो-झानों मेडिकल कॉलेज, दुमका- 83, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, बारीडीह, जमशेदपुर- 25, लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज, विश्रामपुर, पलामू- 100, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू-83, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग- 83।

### होमियोपैथी की स्टेट कोटा सीट

राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज, परसपानी, गोड्डा- 54
आरोग्य होमिपैथिक मेडिकल कॉलेज, झलुआ, गढ़वा - 51
मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटा के अंतर्गत कोटिवार सीट का बंटवारा किया गया है। इसके तहत जनरल कोटा के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तर के 40 प्रतिशत सीटें सुनिश्चित की गयी है। इसके अलावा इडब्ल्यूएस कोटा पर 10 प्रतिशत, एससी कोटा पर 10 प्रतिशत, एसटी कोटा पर 26 प्रतिशत, बीसी-1 पर आठ प्रतिशत और बीसी-2 पर छह प्रतिशत सीटें सुनिश्चित की जाती हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### लातेहार मंडल कारा में विचाराधीन कैदी को आया मिर्गी का दौरा, मौत

**लातेहार।** मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा की शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। सेन्धु मुंडा चंदवा के हेसला गांव का रहने वाला था। वह 4 दिन पूर्व चंदवा प्रखंड में डायन बिसाही के शक में दंपति हत्याकांड का आरोपित था। इसी मामले में 4 दिन पहले वह जेल में आया था। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसे मिर्गी का दौरा आया और वह बेहोश हो गया। जेल के अस्पताल में इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लातेहार सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि कैदी को मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिससे उसकी मौत हुई है। कैदी की मौत की सूचना पर एसडीएम शेखर कुमार ने लातेहार प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव को मजिस्ट्रेट के रूप में सदर अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मृतक कैदी के परिजनों को भी दे दी गई है। वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मृतक कैदी के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### राजौरी मुठभेड़ : एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** सेना के उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान की समीक्षा की। जिसमें शनिवार को एक आतंकवादी मारा गया था। राजौरी जिले के कंडी वन क्षेत्र में शुक्रवार को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों और सेना के बीच शनिवार को फिर से मुठभेड़ जारी रही।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भेजा कानूनी नोटिस

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर मानहानि का आरोप लगाते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में खरगे पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए 100 करोड़ रुपये की मानहानि का दावा किया गया है।विश्व हिंदू परिषद ने चंडीगढ़ विहिप के विधि प्रकोष्ठ के सह प्रमुख एडवोकेट साहिल बंसल द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजे गए कानूनी नोटिस को अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर करते हुए कहा कि, बजरंग दल को बदनाम करने और पूरे विश्व के हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को 100 करोड़ रुपये की मानहानि का नोटिस भेजा गया है।

## ईडी के पास रांची के चर्चित जमीन घोटालों के दर्जनों मामले

# अब होगी जमीन के बड़े मामलों की जांच

**बुंडू में 10 करोड़ में बेची 1457 एकड़ भूमि**

**पुंदाग में 100 एकड़ की अवैध जमाबंदी**

**रांची।** रांची में जमीन का गोरखधंधा वर्षों से चल रहा है। लेकिन ईडी की कार्रवाई के बाद जिस तरह जमीन घोटालों का खुलासा हुआ, उसके बाद गलत तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री की शिकायतों का ढेर लग गया है। ईडी के पास रांची के चर्चित जमीन की खरीद-बिक्री के दर्जनों मामले पहुंचे हैं। इसमें नामकुम के चाय बागान में 100 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से बिक्री, नगड़ी के



पुंदाग में 383 खाता की 100 एकड़ से अधिक जमीन का म्यूटेशन करने, बुंडू में मात्र 10 करोड़ में 1457 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री, बड़गाईं में 50 एकड़ से अधिक गैर मजरुआ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री, बीआईटी मेसरा के लिए अधिग्रहित की गई जमीन में से करीब 60 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री, कांके अंचल क्षेत्र में रिंग रोड के दोनों किनारे, लॉ यूनिवर्सिटी के पीछे और चामा मौजा में प्रभावशाली लोगों द्वारा करीब 200 एकड़ आदिवासी खाता की जमीन को गैर आदिवासी बनाकर बेचने, हेहल अंचल में 250 एकड़ से अधिक जमीन की खरीद-बिक्री फर्जी कागजात पर करने सहित करीब 100 शिकायतें ईडी के पास पहुंची हैं। ईडी अब जमीन के बड़े मामलों की जांच करेगा। इसके लिए कागजात जुटाए जा रहे हैं। फर्जी कागजात पर जमीन की खरीद-बिक्री व म्यूटेशन करने के मामले में पिछले दस वर्षों से रांची में पदस्थापित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आईएएस छवि रंजन तत्काल प्रभाव से निलंबित



**रांची।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड कैडर के आईएएस छवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। उनको 4 मई को ईडी की टीम ने घंटों पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल छवि रंजन न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# ओपीएस, एनपीएस फंड पर केंद्र व राज्य सरकार में तकरार

**रांची।** झारखंड सरकार ने 1 सितंबर, 2022 को अपनी कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल किया, जिसके बाद राज्य में लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया। सरकारी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों द्वारा लिए गए इस फैसले की सराहना की। सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 2018 के राज्य विधानसभा चुनाव से पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में ओपीएस को बहाल करने का वादा किया था और ट्वीट किया था, एक और चुनावी वादा पूरा हो गया है। झारखंड चौथा राज्य है, जिसने ओपीएस को बहाल करने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक, नीति आयोग और आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा ओपीएस को लागू करने के खतरों के बारे में बार-बार चेतावनी देने के




बावजूद झारखंड सरकार ने यह निर्णय लिया। जानकारों का कहना है कि इस योजना को लागू करने में राज्य सरकार को हर साल काफी अतिरिक्त वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता रामेश्वर उरांव ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि ओपीएस को लागू करने के लिए झारखंड सरकार को हर साल अतिरिक्त वित्तीय बोझ उठाना पड़ेगा। लेकिन हमें राज्य सरकार के कर्मचारियों के हित में यह निर्णय लेना होगा। झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में ओपीएस के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत आने वाले अपने सभी कर्मचारियों को विकल्प दिया था कि वे 31 दिसंबर 2022 तक ओपीएस का चुनाव कर सकते हैं। झारखंड भविष्य निधि निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक, ओपीएस के लिए 1,16,303 सरकारी कर्मचारियों ने सहमति दी है, जो राज्य सरकार के कुल कर्मचारियों का लगभग 98 प्रतिशत है। झारखंड सरकार ने ओपीएस लागू कर दिया है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी चिंता यह है कि राज्य सरकार के पूर्व कर्मचारियों के नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के पेंशन फंड का क्या होगा जो ओपीएस लागू होने से पहले करीब 17,000 करोड़ रुपये है? राज्य के वित्त मंत्री ने एनएसडीएल पेंशन फंड की वापसी के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा था, जिस पर अब तक कोई जवाब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हेमंत सोरेन को इन्वेस्टमेंट समिट में भाग लेने के लिए नहीं मिला क्लीयरेंस

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में आयोजित इन्वेस्टमेंट समिट में जाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की ओर से राजनीतिक क्लीयरेंस नहीं मिल पाया। अबू धाबी के नेशनल एग्जीबिशन सेंटर में 8 से 10 मई तक एनुअल इन्वेस्टमेंट मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यूएई फॉरेन ट्रेड के मंत्री और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ. तनानी बिन अहमद अल जियोदी ने फरवरी 2023 में ही पत्र लिखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से उद्योग विभाग को आगे की प्रक्रिया बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। पर विदेश मंत्रालय से राजनीतिक क्लीयरेंस न मिलने से यह पूरा मामला खटाई में पड़ गया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यूएई के दौरे के लिए राजनीतिक क्लीयरेंस न मिलने को झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन के दल मुद्दा बना सकते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता डॉ. तनुज खत्री ने कहा है कि केंद्र की सत्तारुढ़ भाजपा सरकार झारखंड का विकास नहीं चाहती। यही वजह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विदेश मंत्रालय से राजनीतिक क्लीयरेंस नहीं मिला। केंद्र की भाजपा सरकार पहले भी झारखंड के विकास की राह में रोड़े अटकाती रही है और यह कोई नई बात नहीं है।

# रामगढ़ में अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक पत्रकार घायल

**रामगढ़।** शनिवार का दिन रामगढ़ जिले के लिए एक बार फिर एक काला दिन साबित हुआ। सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो कहीं अगलगी की घटना में भारी नुकसान हुआ। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन पर दो अलग अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि रामगढ़-बोकारो मार्ग में स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क दुर्घटना में एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना कोठार ओवर ब्रिज के निकट एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत युवक की पहचान सिमराबेड़ा महुआटांड़ बोकारो निवासी महेंद्र किस्कू (23) के रूप में की गई है। दूसरी घटना शनिवार की शाम ग्राम कोठार के समीप एनएच 33 पर हुई। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे बुलेट पर सवार दो युवकों को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चकनाचूर हो गई और दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अभय कृष्ण गिरी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर दोनों युवकों का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं रामगढ़-बोकारो मार्ग पर स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पत्रकार को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

# राजौरी में शहीद जवानों के हत्यारे को तलाशा जाएगा : राजनाथ



**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात सैनिकों से बातचीत की और स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों का पता लगाया जाएगा। राजनाथ सिंह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख मनोज पांडे के साथ राजौरी में सेना के डिवीजन मुख्यालय पहुंचे। जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) उत्तरी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और फील्ड कमांडरों ने रक्षा मंत्री को कंडी जंगल और राजौरी और पुंछ जिलों के अन्य क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों को मारने वाले आतंकवादियों को हर कीमत पर खोजा जाएगा। सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कथित तौर पर कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। राजौरी से वापस जम्मू के लिए उड़ान भरने के बाद, रक्षा मंत्री दोपहर में नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को कंडी वन क्षेत्र में आतंकवादियों के हमले में एलीट पैरा कमांडो समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया जबकि एक अन्य के घायल होने की खबर है।

## धोखाधड़ी — रांची में एक्टिव है ठगों का गिरोह

# स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में स्मार्ट मीटर के नाम पर ठगी शुरू हो गयी है। आप इस ठगी का शिकार ना हो इसके लिए जरूरी है कि आप अलर्ट रहें। राजधानी रांची स्मार्ट हो रही है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। ठगी करने वाले इस स्कीम का लाभ उठाकर पैसा कमा रहे हैं। एक गिरोह एक्टिव है जो दुकानदार और कुछ इलाकों में घरवालों से स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर पैसे की उगाही कर रहा है। गुरुवार को अपर बाजार के कुंजलाल स्ट्रीट के इलाके में कई दुकानदारों के साथ ऐसा हुआ। स्मार्ट मीटर लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन के नाम पर कई दुकानदारों से 50-50 रुपये मांगे गये। कई दुकानदारों को लगा कि



यह जरूरी है तो उन्होंने 50 रुपए निकाल कर दे दिए, उनके कुछ डिटेल लिए गये और लड़के आगे बढ़ गये। इसी तरह कई दुकानदार इसकी चपेट में आ गये।

### स्मार्ट मीटर के नाम पर पैसे की उगाही

ठग स्मार्ट मीटर के नाम पर पैसे की उगाही यह कहकर कर रहे हैं कि वह मीटर वाली कंपनी से आये हैं। पहले रजिस्ट्रेशन कराने वालों को कंपनी प्राथमिकता दे रही है। अपने साथ वह एक मशीन भी ले कर चलते हैं, बिल प्रिंटिंग मशीन से एक बिल प्रिंट करके भी देते हैं। कई दुकानदारों ने रजिस्ट्रेशन कर लिया।

### बिजली विभाग को दें जानकारी

इस धोखाधड़ी की जानकारी जब बिजली विभाग को मिली तो बिजली विभाग ने स्पष्ट कर दिया कि स्मार्ट मीटर के लिए किसी भी तरह के पैसे नहीं लिए जाते। जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा, स्मार्ट मीटर पूरी तरह निःशुल्क है। इसे लगाने के लिए किसी तरह के रजिस्ट्रेशन की भी जरूरत नहीं है। अपर बाजार की घटना पूरी तरह से फ्रॉड है। इस तरह की घटना से सावधान रहने की जरूरत है, अगर स्मार्ट मीटर के नाम पर कोई पैसा मांगता है, विभाग के व्हाट्सएप नंबर 9431135682 पर तत्काल मैसेज कर इसकी जानकारी दी जा सकती है।

# पलामू में अवैध संचालित क्रशरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## संचालित 6 क्रशरों के अनुज्ञप्ति को किया रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिले के तीनों एसडीओ व डीएमओ अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत लगातार छापेमारी कर रहें हैं। इसी क्रम में छत्तरपुर एसडीओ ने हरिहरगंज अंचल के बलरा, खांसीखाप एवं रामपुर ग्राम में विभिन्न क्रशरों का जांच कर उपायुक्त को कार्रवाई हेतु अनुरोध किया था जिसके पश्चात उपायुक्त ए दोड्डे ने छतरपुर एसडीओ के जांच के आलोक में डीएमओ को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जिसके बाद डीएमओ आनंद ने हरिहरगंज अंचल में अवैध रूप से संचालित कुल छः क्रशरों का लाइसेंस रद्द कर दिया।

**कार्रवाई के लिए रहे तैयार : उपायुक्त** : जिले के उपायुक्त ए दोड्डे ने सभी क्रशर संचालकों को खनन एक्ट के तहत ही क्रशर का संचालन करने की अपील की है अथवा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है.उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से क्रशर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### इन क्रशरों को किया गया रद्द

राजा स्टोन चिप्स, प्रो चंदन सिंह, बलरा
वंदे पुरूषोतम स्टोन, चिप्स, संचालक संतोष सिंह,बलरा,
जय मॉ शक्ति स्टोन चिप्स, संचालक हरेन्द्र सिंह, बलरा
जय गुरू स्टोन चिप्स, संचालक दिल रंजन सिंह, बलरा
आनंद स्टोन चिप्स, संचालक आनंद कुमार सिंह, बलरा
बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स, संचालक प्रभात सिंह, बलरा

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी बि मोड़ मुख्य पथ पर हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हों गए हैं। जिसकी पहचान सिगसिगी निवासी तस्लीम अंसारी वहीं दूसरे रोहित राज है।दोनों युवक पड़ोसी बताए जा रहे है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने बाइक द्वारा सिगसिगी से बी मोड़ आ रहे थे। तभी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ में टकरा गई। जिससे बाइक चालक व उस पर सवार युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्रथमिक उपचार के तुरंत बाद युवक की जांच कराने हेतु जिला अस्पताल मेदनी नगर रेफर कर दिया।

### अस्पष्ट नीतियों के कारण राज्य का विकास ठहरा : सतेंद्र नाथ चौबे

**नावा बजार।** वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार की नीति और नीयत दोनो ही स्पष्ट नहीं है। नियोजन नीति से लेकर स्थानीय नीति सभी अस्पष्ट है।श्री चौबे आज बिश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अपराधियों का मनोबल इस सरकार में चरम पर है।विधी व्यस्था चौपट हो चुकी है।श्री चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार निकाय चुनाव भी नही करा पा रही है। जिससे निकायों में अधिकारियों की मनमानी कायम हो चुकी है।सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है।यह सरकार अब तक की सबसे निकम्मी सरकार साबित हो चुकी है।जनता भी इस सरकार के कारनामों से ऊब चुकी है। झारखंड में अगली सरकार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की बनेगी।

# पेड़ के नीचे मिली हनुमान जी की मूर्ति, चर्चा का विषय

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला के स्टेशन रोड में प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित पीपल पेड़ के नीचे से आठ सौ 70 ग्राम चांदी के हनुमान जी की मूर्ति मिली है। जिसके बाद से क्षेत्र में कौतूहल मचा हुआ है। लोग मूर्ति को देखने हेतु काफी संख्या में पीपल पेड़ के पास जमा हो गए। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस स्थल पर पहुंची और मूर्ति को अपने साथ थाना ले गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम स्थानीय लोगो ने पीपल पेड़ के नीचे हनुमान जी की मूर्ति को देखा।उसके बाद लोग पीपल पेड़ के पास जमा होने लगे और देखते ही देखते भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे और इसकी जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने स्थानीय लोगों से मूर्ति के बाबत पूछताछ भी की। लेकिन कुछ भी स्पष्ट पता नही चल पाया। मूर्ति की जांच कराई तो निकाला की मूर्ति नई व चांदी की है और उसका वजन आठ सौ 70 ग्राम है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मूर्ति कहा से आई और कौन रखा। इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। ताकि मूर्ति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। इधर स्थानीय लोगो की माने तो मन्नत के पूरा होने पर कुछ महिला एक कार से गुरुवार की देर शाम में आयी और पूजा-अर्चना के बाद चांदी के हनुमान जी की मूर्ति को पीपल पेड़ के नीचे रख कर चली गयी। इसके आलावा भी स्थानीय लोग कई तरह का कयास लगा रहे हैं।



## वीर कुंवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा होगी स्थापित

**उंटारी रोड।** पलामू जिल के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। जिसमें झारखंड सरकार के ऊजावान मंत्री मिथिलेश ठाकुर को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की नवनिर्मित प्रतिमा के अनावरण में निमंत्रण पत्र दिया गया। जिसकी जानकारी अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने मीडिया को दी। बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा स्थापना दिन 18 मई गुरुवार को रखा गया है एवं रात्री में कार्यक्रम का भी प्रबंध किया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, सचिव प्रभु सिंह, महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी लवकुश सिंह, प्रमुख प्रवक्ता नवनीत पांडेय, व्यवस्थापक सत्येन्द्र गुप्ता और शनी जायसवाल सहित कई लोग शामिल थे।

# मनरेगा योजना में घोटाला, जेल में रहकर मनरेगा में मजदूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** मनरेगा योजना सरकार की ओर से गरीब व मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें संबल प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। लेकिन इसे भी भ्रष्टाचार का बड़ा जरिया बना लिया गया है। जिले के तरहसी प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गोइंदी पंचायत में एक मनरेगा मजदूर जेल में बंद रहा, लेकिन पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं मुखिया की मिलीभगत से बकायदा उसकी उपस्थिति दर्ज कराई गई और उसके नाम से पेमेंट भी करा दिया गया। बताते चलें कि 24 अक्टूबर 2022 को उदेश कुमार यादव पिता सिधारी यादव को अपहरण के मामले में पुलिस ने जेल भेज दिया था। उदेश एक मई 2023 तक जेल में रहा। इस दौरान वह बतौर मनरेगा मजदूर मजदूरी भी करता रहा। दो मई को उसकी जमानत हुई। इस बीच तीन फरवरी 2023 को उसके खाते में 1422 रूपए का पहला मनरेगा मजदूर का पेमेंट आया। इसके बाद 10 फरवरी को इतनी ही राशि का दुबारा भुगतान हुआ। अंत में 27 फरवरी 2023 को 2844 रूपए का भुगतान पुनः किया गया। जानकारी के अनुसार वितीय वर्ष 2021-22 में गोइंदी में सिधारी यादव के खेत में 60 / 60/10 साइज का डोभा निर्माण किया गया था। इसी डोभा में उदेश यादव ने मनरेगा मजदूर बनकर कार्य किया। उसका मनरेगा जॉब कार्ड जेएच 05006020009/237 है। सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर भी जो मस्टरोल दर्ज है, उसमें फरवरी महीने में उदेश यादव को मनरेगा कार्य में मजदूरी करते हुए दिखाया गया है। मनरेगा मजदूर का जेल में रहना और फिर उसके नाम से हाजिरी बनना और फिर भुगतान किया जाना अपने आप में हास्यास्पद है। इस मामले में मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के पास कोई ठोस जवाब नजर नहीं आ रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सचिदानंद महतो ने कहा कि अगर इस तरह का मामला है तो उसकी जांच की जायेगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जेल में रहते हुए मनरेगा मजदूर के नाम से कैसे डिमांड खुला, इसकी जांच भी की जायेगी। मामले में गोइंदी की उपमुखिया उर्मिला देवी ने मुखिया समेत सभी दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनकी पंचायत में मृत और अंडर एज को भी मनरेगा मजदूर बनाकर भुगतान कर दिया जाता है और फिर अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली जाती है। जेल में बंद उदेश यादव के साथ भी ऐसा ही हुआ होगा।




# बीडीओ ने बघमंवा पंचायत में लंबित आवास व स्कूल का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शनिवार को विश्रामपुर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने प्रखंड अन्तर्गत बघमंवा पंचायत का औचक निरीक्षण किया। जिसमें लंबित पीएम आवास स्थल की बीडीओ ने जांच की। बीडीओ श्री हेंब्रम ने बताया कि वैसे लाभुक जिन्होंने प्रथम किस्त की राशि प्राप्त कर ली है और निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उन सभी लाभुक के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके उपरांत निर्माण कार्य नहीं करने पर 2 दिनों के अंदर लाभुक पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाएगा। वहीं बीडीओ ने बघमंवा उत्कर्मिक मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया जिसमें बिना ड्रेस के मौजूद छात्रों को देख बीडीओ ने संबंधित शिक्षक को अविलंब ड्रेस कोड में छात्रों को विद्यालय में उपस्थित होने कि बात कही। बीडीओ ने कहा जिन छात्रों को राशि प्राप्त हो चुकी है आखिर वो बिना ड्रेस कैसे स्कूल में आ रहे ।अतः राशि व ड्रेस प्राप्त छात्र हमेशा विद्यालय में ड्रेस को पहन कर ही आए। मौके पर शिक्षक संतोष केशरी,जितेन्द्र राम सहित प्रखंड के कई कर्मचारी मौजूद थे।

## वाहन चेकिंग अभियान में आधा दर्जन वाहन जब्त

**हरिहरगंज ।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरा पुलिस ने दमवा मोड पर शनिवार को सड़क सुरक्षा व एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एएसआई अनिल कुमार नायक के नेतृत्व में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाली दर्जनों दो पहिया, चार पहिया वाहनों की कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, इस्यूरेंस, ट्रीपल लोडिंग, वाहन की डिक्की की गहनता से जांच की। जांच के दौरान बिना कागजात, लाइसेंस और हेलमेट के आधा दर्जन जब्त किया गया। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि घर से वाहन लेकर निकलते वक्त हेलमेट व गाड़ी के अवश्य कागजात साथ लेकर चले अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जांच अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## घर से नाबालिग लड़की लापता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के खराड़ गांव निवासी रामपति राम ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर नाबालिग पुत्री को एक युवक द्वारा भागा कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 3 मई 2023 को वह और उनकी पत्नी बेटी के घर हुसैनाबाद के चौखड़ा गांव में गृहप्रवेश में गयें थे। वहां जाने पर बेटी पुष्पा ने फोन पर बताई कि पूजा घर पर नहीं है। फोन के बाद चौखड़ा से भागे-भागे घर आये, तो पता चला कि गांव के ही 25 वर्षीय युवक भरदुल राम नाबालिक बेटी पुजा कुमारी उम्र-करीब 14 वर्ष को बहला- फुसलाकर ले गया है।लड़का भरदूल राम पूजा से पहले फोन से बात भी करता था। भरदूल ने पूजा को मोबाइल फोन भी दिया था। वह लड़का भी घर पर नहीं है।उन्होंने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि उनकी बेटी पूजा को भरदुल राम ही भगा कर ले गया है।उन्होंने बताया कि पूजा कुमारी ने घर में रखे 8 हजार रुपए भी ले गई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन के माध्यम जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## लक्ष्मी नारायण सह विष्णु भगवान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में कथा वाचन

**नावा बजार।** समस्त संसार में प्रभु श्रीराम ने ताड़का राक्षसी का वध कर हरि अवतार में आने का इशारा किया क्योंकि ताड़का को भगवान के सिवा कोई मार नहीं सकता था। यह उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य से पधारे छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर श्री श्री ब्रह्देवाचार्य महाराज ने कही । ब्रह्मदेवाचार्य पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम में आयोजित 20मई से लक्ष्मी नारायण सह विष्णु भगवान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में 30अप्रैल से श्रीराम कथा कर रहे हैं। पीठाधीश्वर कथा को इतना रसमय बना रहे हैं कि भक्त ध्यान लगा कथा श्रवण कर रहे हैं। कथावाचक बीच बीच में भक्तिमय भजन की धुन भी जमा रहे हैं।आज की कथा में विश्वामित्र ऋषि का अयोध्या जाकर राम को मांगना बक्सर, ताड़का वध, मारिच सुबाहु , मारिच को प्रभू श्रीराम द्वारा बिना फर का बाण मारकर समुद्र किनारे सात योजन दूर गिराना सब पर विस्तृत प्रसंग सुनाए।

## भुइयाँ समाज की बैठक में संगठन मजबूती पर बल



**मनातू।** मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के न्यू प्राथमिक विद्यालय अब्दुलडीह के प्रांगण में अखिल भारतीय भुइयाँ संघर्ष समिति मनातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय भुइयाँ संघर्ष समिति के मनातू प्रखंड अध्यक्ष पचू भुइयाँ और संचालन गांधी भुइयाँ ने किया। बैठक में भुइयाँ समाज के प्रति विचार विमर्श किया गया और समाज को मजबूती से आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। साथ ही भुइयाँ समाज के प्रति सभी कमियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठित लोगों से ही समाज का विकास हो सकता है। लोंगो ने कहा की अक्षिक्षा, नशाखोरी जैसे सामाजिक कुरीतियों से मिलकर लड़ने से दूर किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय भुइयाँ संघर्ष समिति के पलामू जिला अध्यक्ष राजू भुइयाँ, जिला सचिव महेंद्र भुइयाँ,मनातू जिला परिषद सदस्य सह समाज के जिला कार्यकारणी सदस्य प्रदीप भुइयाँ, नौडीहा पंचायत के मुखिया बंधु भुइयाँ, रंगेया पंचायत के पूर्व मुखिया रामचंद्र भुइयाँ,रामदयाल भुइयाँ,पदमा पंचायत समिति पूनम देवी,जिला मिडिया प्रभारी अनिल कुमार भुइयाँ, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष शिवदत्त भुइयाँ, आदि जिला और प्रखंड के सैकड़ो की संख्या में भुइयाँ के लोग उपस्थित थे।

## हृदयाघात से महिला की मौत

**हरिहरगंज।** शहर के प्रसिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य की छोटी पुत्रवधु करीब 37 वर्षीय फुलकुमारी देवी की हृदय गति रुकने से शुक्रवार की देर शाम मृत्यु हो गयी। वह रासबिहारी वैद्य उर्फ कारू की पत्नी थी। मृतका का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। परिजनों के अनुसार शाम को घर में अचानक वह गिर पड़ी। आनन-फानन में स्थानीय निजी चिकित्सक से इलाज कराने ले गए। जहां गंभीर हालत बताते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन इलाज के लिए औरंगाबाद ले जा रहे थे। तभी इलाज के लिए जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के दो पुत्रों सहित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। इस घटना पर शहर के कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, संतोष प्रसाद, राजू सिंह, अरूण प्रसाद स्वर्णकार, ओमप्रकाश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, चंदन जायसवाल, राजेश निराला, अनुप कुमार, धीरज कुमार, दिलीप स्वर्णकार, बिट्टू कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला**
**समाहरणालय, लोहरदगा**
ई–मेल: lohardaga.rmsa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Cont. No : 00612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अन्तिम न्यायादेश की कंडिका 4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के चयनित अभ्यर्थियों का फोल्डर सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची में निम्न पत्रांक द्वारा लोहरदगा जिला हेतु कुल 73 विषयवार स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त है।

उक्त के आलोक में उपायुक्त, लोहरदगा के निदेशानुसार दिनांक 09.05.2023 एवं 10.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में काउंसेलिंग हेतु तिथि निर्धारित की गई है।

| क्र0 स0 | प्राप्त अनुशंसा का पत्रांक एवं दिनांक | विषय | अनुसंशित शिक्षकों की संख्या | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 1285 / 27 .04.2023 | इतिहास/नागरिक शास्त्र | 40 | 09.05.2023 एवं 10.05.2023<br>स्थान : पाण्डेय गणपत राय भवन, सभा कक्ष, द्वितीय तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा |
| 02 | 1286 / 27 .04.2023 | अंग्रेजी | 03 | |
| 03 | 1287 / 27 .04.2023 | वाण्जिय | 04 | |
| 04 | 1289 / 27 .04.2023 | कुडूख | 04 | |
| 05 | 1309 / 28 .04.2023 | अर्थशास्त्र | 06 | |
| 06 | 1308 / 28 .04.2023 | भूगोल | 06 | |
| 07 | 1321 / 04 .05.2023 | हिन्दी | 05 | |
| 08 | 1322 / 04 .05.2023 | गणित/भौतिकी | 05 | |
| | | कुल | 73 | |

संबंधित विषय के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर निम्न प्रमाण पत्रों के साथ काउंसेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे:–

01. प्रवेश पत्र – झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची के विज्ञापन संख्या–21/2016
02. शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रवेश पत्र सहित स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति – 02 प्रति में।
03. प्रशिक्षण प्राप्त संस्थान की मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
04. जाति/आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति – 2 प्रति में।
05. पासपोर्ट साईज फोटो – 4 प्रति।
06. नि:शक्तता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (नि:शक्तता अभ्यर्थियों के लिए स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति – 02 प्रतियों में)
07. आधार कार्ड/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति – 2 प्रति में।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 296663Lohardaga(23-24)#D



**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू**
**नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101**
Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1285, 1286, 1287, 1288 दिनांक 27.04.2023, एवं पत्रांक 1308, 1309 दिनांक 28.04.2023 का पत्र के साथ संलग्न झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉंची के पत्रांक 873 दिनांक 25.04.2023, पत्रांक 854, 849 दिनांक 18.04.2023, पत्रांक 835 दिनांक 12.04.2023, पत्रांक 878 दिनांक 26.04.2023 एवं पत्रांक 855 दिनांक 19.04.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयो यथा वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास/नागरिकशास्त्र एवं शारीरिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 71 (एकहतर) अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउॅसलिंग किया जाना है। काउॅसलिंग कार्य राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में दिनांक 11.05.2023 को पूर्वाहन 11:00 से 05:00 बजे अपराहन तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी पलामू जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को ससमय काउॅसलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–अनिल कुमार चौधरी,
जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

PR 296655 Jharkhand Education Project Council(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

**निविदा संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/02/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.05.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24.05.2023 को 3:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 24.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन्, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शेर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्ष की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख–रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्श की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–116 दिनांक–03.05.2023 के अन्य शर्तें भी संवेदक को मान्य होगा।
12.. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू के ग्राम कुदाग में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500 | 2500 | 29000 | 3 माह | प्रथम |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 296638 Rural Work Department (23-24)D



**कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम - सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या – 21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का (विषयवार) दिनांक 10.05.2023 एवं 11.05.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाहन 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | इतिहास/नागरिकशास्त्र | मधु कुमारी – 21111200857, कमराज पाण्डेय – 28143250091, स्वेता कुमारी – 27114230356, बिमलेश कुमार पाठक – 28173263820, प्रदीप राम – 28159257907, नरेश पासवान – 28176265118, चन्दन दास – 28127240847, रजनी कुमारी – 28141249428 एवं निवास कुमार सिंह – 28117235626 | 10.05.2023 |
| 2 | अंग्रेजी | प्रिया कुमारी – 11117115265, मोमीता विश्वास – 11116115030, दोमिनिका अमृता टेटे – 21120204672 एवं कुमार गौरव – 11123119718 | 10.05.2023 |
| 3 | कुडूख | मंगीता कुमारी – 22114206407, सती कुमारी – 31115280101, लक्ष्मी उराँव – 22117208360, रीता कुमारी – 16126169685, अखिलेश किण्डो – 18117181863, बिरसी कुमारी – 11121118785, निरंजन उराँव – 11132124734, राजेश तिर्की – 16132172686, सरिता कच्छप – 19138197291, सुमन कुमारी – 26111221977 एवं सरोज उराँव – 19112184451 | 10.05.2023 |
| 4 | वाणिज्य | आशीष कुमार चौरसिया – 15112156872, पवन कुमार सिंह – 26120225806, विवेक जयसवाल – 11128122855, सर्वेश्वर सिंह – 22114206173, प्रदीप प्रसाद – 24119216613, अभिनाश कुमार ओझा – 18116181102, शशि कुमार दास – 14146151509, सुनिल कुमार उराँव – 15124161806, स्वेता मिंज – 16123167873, मनोज कुमार दास – 22116207856, सुनिल एक्का – 15118159589, रोज मेरी मिंज – 16120166849 एवं अजय प्रदीप कुजूर – 15124161688 | 10.05.2023 |
| 5 | भूगोल | अतुल कुमार अस्थाना – 17113177770, उज्ज्वल कुमार सिंह – 11120117711, विमला कच्छप – 19113185480, सुशील मिंज – 14149152453, आशा एरेन टोप्पो – 19132193859 एवं रेणु कुमारी – 25112219115 | 10.05.2023 |
| 6 | अर्थशास्त्र | अवनिन्द्र कुमार मिश्रा – 13120134777, रेणु कुमारी – 11112112115, संध्या गुप्ता – 11135127131, राहुल कुमार – 11123119991, मनोज कुमार – 26122226309 एवं बीरू आन्नद उराँव – 32115282769 | 11.05.2023 |
| 7 | जीव विज्ञान एवं रसायन शास्त्र | आर्यन – 14129143139 | 11.05.2023 |
| 8 | गणित / भौतिकी | रूपेश कुमार – 22116208115, संजय मिस्त्री – 11131124004 एवं पिन्कु कुमार – 26113222810 | 11.05.2023 |
| 9 | हिन्दी | निपुन कुजूर – 19112184509, प्रियंका कुजूर – 14154154731, सुषमा कुमार टोप्पो – 32114282451, कुमारी उर्मिला – 29117272087, अरबिन्द दास – 11113113404, किरण कुमारी – 30116274918, सोनी कुमारी – 19119188343, चन्द्रकान्त राम – 12111128610, संदीप कुमार यादव – 18118182502 एवं ललित कुमार गुप्ता – 21119203785 | 11.05.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोश्ठ में पूर्वाह्न 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लातेहार

PR 296671 Human Resource Developement (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लातेहार**

**पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला मई 2023 से संबंधित सूचना**

DGT पत्रांक: Computer No. 501376, दिनांक: 28.04.2023 एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक: 714, दिनांक: 04.05.2023 द्वारा जिला खेल स्टेडियम लातेहार के सामने दिनांक: 08.05.2023 को पी0एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजित किया जा रहा है।

अतः लातेहार जिले के 5वीं/10वीं/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0 तथा उच्चतर प्रशिक्षणार्थियों एवं लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/ Establishment अपना –अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक: 08.05.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे जिला खेल स्टेडियम लातेहार के सामने आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।

नोट: मेला स्थल पर पंजीकरण 10:00 बजे से आरंभ होगा, कोविड के नियमों का पालन जरूरी है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
–सह– शिक्षु सलाहकार(AAA)
लातेहार

PR 296659 Labour Employment and Traning (23-24)_D

# विभागीय लापरवाही का दंश झेल रही पेयजलापूर्ति योजना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विभागीय लापरवाही एवं उदासीनता के कारण पिछले पांच वर्षों से रेहला पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य अधर में लटका है। फलस्वरूप 10 हजार की आबादी शुद्ध पेय जलापूर्ति से वंचित है। शुद्ध पेयजल को लेकर रेहला व आसपास के लगभग 10 हजार की आबादी बरसों से आस लगाए बैठे हैं।। जानकारी के अनुसार नगर विकास विभाग रेहला पेयजलापूर्ति योजना की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2015-16 में दी थी। साथ ही निर्माण कार्य के लिए झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) को जिम्मेवारी सौंपी गई थी। निर्माण को लेकर नगर विकास विभाग की ओर से 9 करोड़ 18 लाख 11 हजार रुपए आवंटित कर जुडको के खाते में भी ट्रांसफर कर दिए गए। इस योजना से विश्रामपुर नगर परिषद के पांच वार्डो में पेयजलापूर्ति की जानी है। बावजूद पांच साल बाद भी एक बूंद पानी लोगों को मयस्सर नहीं हो पाया है। निर्माण के नाम पर केवल कोयल नदी में इंटेकवेल को ले एक कुआं का निर्माण व नदी के किनारे एक वाटर टैंक बना है। अति महत्वकांक्षी पेयजलापूर्ति योजना के विलंब का कारण कभी भूमि की अनुपलब्धता तो कभी डीपीआर में ही तकनीकी खराबी का रोना रोया जा रहा है। योजना से जुड़े आलाधिकारियों की माने तो पहले अंचल कार्यालय वाटर सप्लाई टैंक के लिए भूमि नहीं दे पा रहा था। बाद में समय के साथ भूमि भी उपलब्ध हो गई है। फिर भी निर्माण कार्य के प्रति न तो विभाग गंभीर है और न ही प्रशासनिक पहल की जा रही है। हाल के दिनों में डीपीआर में तकनीकी खामी बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार एक बार फिर योजना के लिए डीपीआर तैयार कराया जा रहा है।



### 5 हजार की आबादी बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट पर निर्भर

विश्रामपुर नगर परिषद में आने वाली रेहला की लगभग 5 हजार की आबादी बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट पर निर्भर है। पूरे दिन टैंकर के सहारे रेहला के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जाता रहा है। बढ़ती आबादी के हिसाब से यह नाकाफी है। बाक्स..चार साल पूर्व इस योजना को विश्रामपुर नगर परिषद प्रबंधन को सौंप दिया गया था। पाइप आदि पेयजलापूर्ति विभाग ने ही उपलब्ध कराया था।

रेहला में पेयजलापूर्ति के लिए योजना स्वीकृत है। इसका कार्य जुडको से कराया जा रहा है। एजेंसी की ओर से कार्य भी कराए गए हैं। कार्य को कराने में आने वाली परेशानी के मामले में संबंधित लोगों से जानकारी ली जाएगी।

**मो. परवेज आलम, सहायक नगर आयुक्त, विश्रामपुर, पलामू**

# पलामू में 11 को होगी अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा 71 अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग के लिए सूची जारी की गयी। सभी अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग स्थानीय गिरिवर प्लस टू स्कूल में करायी जाएगी। शनिवार को सभी अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी। अभ्यर्थियों क ी जारी सूची में इतिहास-नागरिक, शारीरिक विज्ञान, वाणिज्य, अंग्रजी, भूगोल, और अर्थशास्त्र विषय की सूची जारी की गयी है। ज्ञात हो कि स्कूली एवं साक्षरता विभाग के द्वारा हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सभी जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसमें स्टेट मेरीट बनाकर सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा रही है। कॉउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को 11 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्गत किया गया है।अभ्यर्थियों को सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

## घायल अवस्था में सड़क पर मिला युवक

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के तारिडीह पंचायत के ग्राम झारहा मे सड़क पर एक खून से लथ-पथ घायल अवस्था में मिला युवक। जिसकी पहचान डुमरी निवासी सचन ठाकुर के 20वर्षीय पुत्र जीतेन्द्र ठाकुर के रूप की गयी है। पुलिस अवर निरीक्षक सुरेश पासवान ने घटनास्थल पहुंचकर युवक को गंभीर स्थिति देखते हुए तुरंत इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजवाया। जहाँ चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति बताते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज डाल्टनगंज भेज दिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित बड़ा तालाब के पास शुक्रवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति तालाब के नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा व्यक्ति के गिर जाने की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। यदि कोई भी व्यक्ति इसे पहचानते हैं तो शहर थाना मोबाइल नंबर 94 31706249 पर संपर्क करें। मरीज की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है।

### सत्येन्द्र ठाकुर बने जेकेएम के केन्द्रीय कमिटी सचिव

**मेदिनीनगर।** जेकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पटेल नगर सूदना,वार्ड नं० 2 निवासी युवा समाजसेवी सत्येन्द्र ठाकुर को जेकेएम के केन्द्रीय कमिटी का सचिव मनोनीत किया गया है। शनिवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि केन्द्रीय सचिव बनने से मंच के आन्दोलनात्मक व सांगठनिक गतिविधियों का जमीनी स्तर पर विस्तार होगा। इस अवसर पर मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व डाकपाल रामनरेश राम, केन्द्रीय महासचिव सह लोहड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया बुद्धिनारायण पासवान व मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम मौजूद रहे।

### हॉस्पिटल चौक नीम के पेड़ में अचानक लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर के हॉस्पिटल चौक स्थित शनि मंदिर के बगल में शनिवार की दोपहर एक नीम के पेड़ में अचानक आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पेड़ में आग लगने की सूचना पुलिस को दी। आग लगने की खबर मिलते ही टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार, शारीक इरशाद,परवेज खान,विनोद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। फिर भी आग नहीं बुझ पाया तो उन्होंने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दे दिया है। जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने में सफल रहा। हालांकि घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया था। इसी को लेकर फायर ब्रिगेड वाहन को आग बुझाने के लिए बुलाया गया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी सफाई कर्मी के द्वारा कूड़ा में आग लगाने के दौरान पेड़ में आग लगी है।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का जायजा

**मोहम्मदगंज।** अधूरे प्रधानमंत्री आवास निर्माण को पूरा कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा के नेतृत्व में प्रखंड के अधिकारी और कर्मी लाभुक के घर घर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लेने में लगे हुए है। मोहम्मद गंज अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिला द्वारा कुल 3881 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें 3602 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कुल लंबित आवास की संख्या 279 है जिसमें प्रथम किस्त 97 लाभुक और द्वितीय किस्त 182 लाभुकों के द्वारा सरकारी राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास निर्माण कार्य मे लापरवाही बरती जा रही है।

# शिक्षा पदाधिकारी ने तीन विद्यालयों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी के द्वारा सदर प्रखंड मेदिनीनगर के तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिसमें पोलपोल संकुल के राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह तथा झाबर संकुल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुने भी सम्मिलित है। इस बावत क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी श्री तिवारी ने बताया कि झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के निर्देशानुसार राज्य भर के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों का मूल्यांकन आज से जारी है। इसी कड़ी में विद्यालय स्तर पर विद्यालय में कक्षा 1 से 7 तक के सभी विद्यार्थीगण शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ मूल्यांकन में सम्मिलित हों तथा विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार मानक तरीके से विद्यालय स्तर पर मूल्यांकन का कार्य हो। यह सुनिश्चित करने हेतु उनके स्तर से विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने बाल संसद के सदस्यों से भी बात की। बाल संसद की सक्रिय सहभागिता से वो काफी प्रभावित हुए। विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रार्थना सभा में क्विज एवं समाचार वाचन को लेकर बाल संसद के उप प्रधानमंत्री हरिनंदन पाल ने क्वीज व समाचार का संकलन का रजिस्टर पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर उनका हस्ताक्षर भी लिया व विद्यालय में बेहतर शैक्षिक माहौल की बात करते हुए शिक्षकों की कमी को दूर करने का भी आग्रह किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राम उपेंद्र पाण्डेय,प्रेमचंद कुमार तथा रवींद्र कुमार पाल उपस्थित थे।



# बुद्ध व मार्क्स को लेकर इप्टा ने आयोजित की विचार गोष्ठी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महात्मा बुद्ध और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की जयंती के मौके पर इप्टा पलामू के द्वारा कितना प्रासंगिक हैं मार्क्सवाद विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अधिवक्ता नंदलाल सिंह तथा वरिष्ठ चिंतक शब्बीर अहमद उपस्थित थे। गोष्ठी की शुरूआत अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। श्री सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि 5 मई खासकर वर्ष 2023 के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि 5 मई के दिन दो महापुरुषों महात्मा बुद्ध और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स का जन्म हुआ था। जब चारों तरफ यह कहा जा रहा हो कि मार्क्सवाद का अंत हो गया है तो ऐसे में आज की गोष्ठी का विषय कितना प्रासंगिक है,समझा जा सकता है। क्योंकि यह सत्य है कि मार्क्सवाद के बिना सुंदर दुनिया का निर्माण संभव नहीं। आज तमाम पॉलिटिकल पार्टियों के मुद्दे में रोजी और रोटी का सवाल निहित है। यह बात दीगर है कि पॉलिटिकल पार्टियां इन सवालों से परे हटकर कार्य कर रही है। लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए तमाम पार्टियों को रोजी और रोटी की बात करनी होती है। मौके पर गौतम कुमार, अच्छे लाल प्रजापति, अधिवक्ता रंजन कुमार सिंह, गणेश रवि, संजीव कुमार संजू, घनश्याम कुमार, शशि पांडे एवं रवि शंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## बाल श्रम नहीं, शिक्षा ग्रहण अभियान चलाया जायेगा

**मेदिनीनगर।** बाल मजदूरी विरोधी अभियान की राज्य स्तरीय कार्य योजना निर्माण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएसीएल के राष्ट्रीय संयोजक अशोक कुमार झा ने कहा कि झारखंड में 28 प्रतिशत खनन क्षेत्र है। झारखंड में बाल मजदूरी की समस्या काफी है। झारखण्ड राज्य में 44 दिवसीय श्रम नहीं शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। एके सिंह ने कहा कि पूरे देश और दुनिया में एनजीओ के पास संसाधन की बहुत कमी हो गई है। झारखंड के एनजीओ और सामुदायिक लोगों की संस्कृति मिलजुल कर आगे बढ़ने की है। शिक्षा की व्यवस्था को आगे बढ़ाएं तभी बाल श्रम समाप्त होगा। वक्ताओं ने कहा कि बाल मजदूरी के कारण ही गरीबी है। बच्चा कौन है। बाल श्रम मुक्त झारखंड राज्य कैसे किया जाए। इस पर विचार किया गया।कोविड के बाद शिक्षा का स्तर कम हो गया है। बच्चे बच्चियां स्कूल से बाहर हो जा रहे हैं। बाल मजदूर मुक्त झारखंड के लिए सीएसीएल और राइट टू एजुकेशन फॉर्म जोरदार अभियान चलाने का निर्णय लिया।

# क्षत्रिय महासभा 9 को मनायेगी महाराणा प्रताप की जयंती



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाराणा प्रताप जयंती को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक पाटन मोड़ अवस्थित विवाह मंडप में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। बैठक में आगामी 9 मई को वीर महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवाटीका में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने जयंती के प्रचार प्रसार सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और कार्यकताओं को जिम्मेवारियां दी। मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के वीर योद्धा थे। उनके ओजस्वी विचार आज भी युवाओं के दिलों में देश प्रेम की मशाल जलाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को एक पर्व की तरह मनाये। बैठक में सूर्यांश प्रताप सिंह, गणेश सिंह, सुशील सिंह, सोमेश सिंह, शैलेश सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, आलोक सिंह, सुजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह, राम रेस सिंह, सुनील कुमार सिंह, साकेत सिंह, अनिमेष सिंह सहित काफी संख्या में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएवी प्रबंधक के कारण अभिभावक परेशान : रूचिर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाकपा के जिला सचिव शाह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ,नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी और श्रद्धानंद तिवारी ने अभिभावकों को परेशानियों को देखते हुए स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल के व्यवस्था का मुआयना किया। जिसमें जिला सचिव ने पाया कि मार्च में नए सिरे से एडमिशन फी अलग से लिया जा रहा है। वन से लेकर दसवीं क्लास तक के विद्यार्थियों को किताब तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वहां पर पूछने के बाद अभिभावकों ने बताया कि एक बच्चे का किताब लेने के लिए तीन से चार बार आना पड़ता है। क्योंकि एक बार में स्कूल बच्चों का किताब उपलब्ध नहीं करा रहा है। वही ऑनलाइन एटीएम से पैसा लेने के कारण अभिभावकों को लंबे लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है ।जिससे अभिभावक परेशान है लेकिन उनको सुनने वाला कोई नहीं है। जो गरीब एवं मध्यम क्लास के व्यक्ति हैं जिनका रोजमर्रा का काम है वह ऑनलाइन पेमेंट कैसे करेंगे। इस पर डीएवी स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों का कोई जवाब नहीं है। अभिभावकों की परेशानी से स्कूल के प्रबंधक और प्रचार को कोई मतलब नहीं है वह अभिभावकों से सिर्फ मोटी रकम लेने का काम कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में पलामू उपायुक्त से मांग करते हैं कि सभी प्राइवेट स्कूलों के काउंटर पर फीस जमा करने वाली जगह क्लास रूम के साथ-साथ स्कूल वाहन का भी निरीक्षण किया जाये और अभिभावकों के परेशानियों को दूर की जाये।



# पिकअप व बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी हेरिटेज स्कूल के पास शुक्रवार की दोपहर करीब 12:30 बजे गढ़वा जिले के ग्राम जोबरैया निवासी रामप्रीत पाल का पुत्र जयपाल पाल उम्र 37 वर्ष की पिकअप वाहन के धक्के से मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि जयपाल शुक्रवार की दोपहर अपने ससुराल पोलपोल से बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जमुने गांव जा रहा था। इसी बीच रास्ते में हेरिटेज स्कूल के आसपास एक तेज गति से आ रही पिकअप वाहन ने उसे धक्का मार दिया। जिसमें जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद पीसीआर की पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जयपाल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जयपाल की मौत से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था।वही इस घटना के बाद शहर थाना के एसआई लिल्ली मिंज शनिवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। घटना के बाद पुलिस पिकअप वाहन को पकड़ कर थाना ले गई है। जबकि पिकअप चालक भागने में सफल रहा।

# हुसैनाबाद राजकीय मध्य विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में शनिवार को नियमित प्रार्थना, राष्ट्रगान, सफाई हेतु संकल्प, संविधान की प्रस्तावना व जेसीईआरटी रांची द्वारा प्रेषित कंटेंट बताने के बाद वर्ग आठ के बच्चों को छोड़कर शेष वर्गों में एसए-2 की परीक्षा हुई। विभागीय निदेर्शानुसार सत्र 2022-23 के बच्चों के आग्रह पर परीक्षा समाप्ति के बाद पढ़ाये जा रहे अंग्रेजी ट्रांसलेशन, हिन्दी व्याकरण व सामान्य ज्ञान से प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण की थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज थी। विद्यालय परिवार व छात्राओं की ओर से बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय थी। तीन चक्रों क ी इस प्रतियोगिता में दो राउंड ड्रा रहा। जबकि अंतिम राउंड में लड़कियां मामूली अंकों से बढ़त लेते हुए विजयी घोषित हुई। लड़कियों में सानिया खातून, खुशी कुमारी, अपराजिता कुमारी,एकता कुमारी,जूली कुमारी,स्वीटी कुमारी एवं लड़कों में रुद्राक्ष प्रजापति, आदित्य प्रजापति, अभिषेक कुमार, अर्पित कुमार, सुमंत कुमार, आकाश कुमार मुखर दिखें। बच्चों को संबोधित करते हुए सुरबाला भृंगराज ने कहा कि आज का समय प्रतियोगी परीक्षा का समय है। उन्होंने कहा कि जितना पढ़ेंगे उतना ही ज्ञान अर्जित करेंगे।आपकी तैयारी उच्च स्तरीय होनी चाहिए व यह सिलसिला लगातार जारी रहना चाहिए। भविष्य में यह जानकारी मील का पत्थर साबित होगी, सफलता आपके कदम चूमेगी। लड़कों एवं लड़कियों ने भी इनसे अपने भविष्य संवारने के लिए प्रश्न पूछे। मसलन यूपीएससी, जेपीएससी, दारोगा बनने की तैयारी, बैंकिंग की तैयारी संबंधित प्रश्न पूछे गए। काफी शांत चित्त भाव से सभी प्रश्नों का जवाब थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने दिया। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

**घोषणा**

## उड़ीसा के कारीगरों से बनवाया जायेगा परशुराम मंदिर

# हर घर से एक ईंट अभियान चलेगा, करीब एक करोड़ खर्च

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू की धरती पर झारखण्ड के पहले भगवान परशुराम मंदिर की आधारशिला रखी गई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में दो हजार से अधिक परशुराम भक्तों का जुटान हुआ था। ज्ञात हो कि परशुराम मंदिर उड़ीसा के कारीगरों से बनवाया जायेगा। जिसकी लागत अस्सी लाख से एक करोड़ की बताई जा रही है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों का कहना है कि पलामू प्रमंडल के परशुराम भक्तों का परशुराम मंदिर को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। परशुराम भक्तों का आस्था को ध्यान रखते हुए भार्गव सेना मंदिर निर्माण का कार्य करेगी। परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि यह मंदिर सनातन संस्कृति के पूजक लोगों के लिए होगी। जो भी भगवान परशुराम और सनातन में आस्था रखते हैं। इस मंदिर कार्य को विस्तार रूप दिया जायेगा, ताकि पूरे सनातन पूजक की आस्था इस मंदिर से जुड़ सके। साथ ही समाज के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पूरे झारखण्ड में 'हर घर से एक ईंट' लेने की बात कही गई। जो कि गांव गांव भ्रमण कर भार्गव सेना के सदस्य एवं पदाधिकारी इक्कट्ठा करेंगे । जो मंदिर निर्माण कार्य में उपयोग किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत झारखण्ड के सभी गांवों में भ्रमण अभियान को पूरा किया जाएगा। संगठन के द्वारा लिया गया लक्ष्य एक साल में पूरा किया जाएगा। प्रदेश संरक्षक सतेन्द्र तिवारी ने कहा कि पलामू की धरती पर बनने वाला यह मंदिर झारखण्ड और बिहार तक में पताका लहराते नजर आयेगा। घर घर से ईंट का अभियान जल्द शुरू किया जायेगा । जिससे मंदिर निर्माण को बल मिल सके। जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने सनातन धर्म के सभी लोगों को इस मंदिर में बढ़- चढ़ कर भाग लेने के लिए आग्रह किया है। इस अभियान की सलाह और मार्गदर्शन के लिए प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी प्रदेश संगठन मंत्री आलोक तिवारी अनुशासन प्रभारी अमित तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी, प्रमंडल संरक्षक बसंत तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, प्रमंडल अध्यक्ष पांडे मनोज सिंह, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, अरविंद पांडे, प्रमंडल संगठन मंत्री नवीन पांडे रहेंगे एवं कैम्पेनिंग टीम में राहुल पाठक, अंकित पांडे, संजीत पांडे, राजन पंडित, रितिक चौबे, नवनीत शुक्ला, अभिषेक पांडे, सचिन पांडे, अमित पांडे, शशिकांत तिवारी, विश्वजीत दिक्षित, मनीष मिश्रा, मनीष शर्मा, विपिन पांडे, सुबास. दुबे, कुनाल दुबे, सत्यम पांडे, शिवम दुबे, राहुल उपाध्याय, अमित तिवारी, आशीष उपाध्याय उपस्थित रहेंगे।



## विश्वविद्यालय में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार पर रोक लगाने व दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई

# एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने एनपीयू के कुलपति को सौंपा मांगपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सहमंत्री निशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति को एस.एस.जे.एस. नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार पर रोक लगाने एवं दोषियों पर कार्रवाई संबंधित तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मचंद्र लाल अग्रवाल व तत्कालीन अर्थपाल डॉ ब्रह्मदेव सिंह द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत 7 लैब सहायक व एक आदेशपाल का वर्ष 1996 से 2000 एवं 2007 तक का एरियर करीब 30 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि वर्ष 1996 से 2000 एवं 2007 तक की उपस्थिति पुस्तिका में कहीं भी उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं है। ऐसे में उनका भुगतान किस आधार पर हुआ इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए। साथ ही नामधारी महाविद्यालय में नैक कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 27,15,504 रुपए आवंटित की गई थी, नैक मद में प्राप्त राशियों के व्यय



की वृहद जांच कराने की मांग एबीवीपी ने कुलपति से की है।

प्रदेश सहमंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि नामधारी महाविद्यालय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है नैक के मामले को लेकर के भी कुलपति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन उस विषय पर भी कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई। लेकिन इस बार मामला बहुत ही गंभीर हैं और विषय को गंभीरता से लेते हुए यदि इस पर कार्यवाही नहीं की जाएगी विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। विभाग संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि नामधारी महाविद्यालय आर्थिक भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। प्राचार्य के संरक्षण में आर्थिक लूट फल फूल रहा है। यह महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को दिन प्रतिदिन दूषित करता जा रहा है। ऐसी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो विद्यार्थी परिषद मांग करती है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि कुलपति मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करें जिससे कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में भ्रष्ट पदाधिकारियों को यह संदेश पहुंचे कि भ्रष्टाचार करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव, जिला सह संयोजक शुभेंद्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी, शेखर गुप्ता, गोविंद मेहता शामिल रहे।

# बाइक की टक्कर में एक बच्चा सहित तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
चिनिया मार्ग पर चामा गांव के पास शनिवार को बाइक की टक्कर में महिला व बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेस्का गांव निवासी मुमताज अंसारी, उसकी पत्नी सैदून बीवी एवं ढाई वर्षीय उसकी पुत्री नुसरत खातून शामिल हैं। सभी घायलों को घटवासन अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में मुमताज अंसारी ने बताया कि वह अपने घर पेसका से एक बाइक पर पत्नी और बच्चे को लेकर गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया गांव जा रहे थे। इसी दौरान चामा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

### हादसे में एक घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बंसानी रइया बाबा स्थान के पास मिर्चा लदा पिकअप पलटने से एक व्यक्ति घायल हो गए जबकि दो अन्य बाल- बाल बच्चे। घायल पिकअप मालिक उतर प्रदेश के कोन निवासी दीपू गुप्ता है। दीपू गुप्ता भवनाथपुर से मिर्चा खरीद कर अपने घर कोन ले कर जा रहा था। बंसानी के रइया बाबा स्थान के पास अनियंत्रित हो कर पलट गया। इससे मालिक दीपू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### जब्बारिया मस्जिद के मोवजिम शाह का हृदय गति रुकने से निधन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चट्टी पर साईं मोहल्ला निवासी व जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद के मोवजिम एनुल शाह (65) की मौत हृदय गति रुकने से हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वे अपनी बड़ी पुत्री को लेने पलामू जिला के पथरवा जा रहे थे। इसी क्रम में रेहला से आगे बी मोड़ के समीप फल खरीदने के बाद दुकानदार को पैसा देकर गाड़ी में बैठने के क्रम में अचानक उन्हें सीने में दर्द हआ और वे जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मगरिब नमाज के बाद गोसाईबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। एनुल शाह के पुत्री की शादी आगामी 11 मई को होनी है। इसीलिए वे अपनी बड़ी पुत्री को लेने के लिए पथरवा जा रहे थे। शाह की मृत्यु की खबर शहर में आग की तरह फैल गई बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुचकर परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया। लोगों ने उनकी आत्मीयता को याद किया।

## प्रखंड के राजी, चंदनी, खरौंधी, करीवाडीह आदि पंचायतों से अब तक सैकड़ों हरे पेड़ काटे जा चुके

# खरौंधी में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों की कटाई जारी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर हरे लेप्टस का पेड़ काटकर दिनदहाड़े क्रेन के माध्यम से लोड कर बड़े ट्रकों से बाहर सप्लाई किया जा रहा है। प्रखंड के राजी, चंदनी, खरौंधी, करीवाडीह आदि पंचायतों से अब तक सैकड़ों हरे पेड़ काटे जा चुके हैं। लेपटस के हरे पेड़ को काटकर क्रेन के माध्यम से बड़े ट्रकों पर लादकर उन्हे लकड़ी को वेस्ट बंगाल आदि शहरों में भेजा जा रहा है। पिछले कुछ माह/अर्से में अब तक प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों से हजारों हरे पेड़ों को काटा जा चुका है जो अनवरत जारी है। अवैध तरीके से काटे गए इन हरे पेड़ों में कुछ को अभी भी सड़कों के किनारे सहज ही देखा जा सकता है।



खरौंधी प्रशासन के नाक के नीचे हरे पेड़ों को काटने का यह सारा खेल चल रहा है। वन विभाग भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है। जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण अभियान चलाता है। इस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं साथ ही विभिन्न संस्थाएं भी लोगो को लगातार जागरूक करते हुए पौधारोपण कर रही हैं। जिससे पर्यावरण हरा भरा रहे और प्रकृति संरक्षण का सपना सरकार का साकार हो सके। लेकिन लकड़ी कारोबारियों/ माफियाओं पर शिकंजा कसने की जगह वन विभाग रैयती भूमि पर ट्री फॉलिंग का सरकार का कोई नियम नहीं होने का हवाला देकर चुप्पी साध ले रहा है। जिम्मेदार अफसरों के ध्यान नहीं देने, लापरवाही व कार्रवाई के अभाव में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

**2017 की अधिसूचना की आड़ ली जा रही :** रैयती भूमि से बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों को काटकर बिना परिवहन अनुज्ञा के धड़ल्ले से बाहर सप्लाई करने का यह सारा खेल झारखंड सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 2017 में जारी एक अधिसूचना आदेश की आड़ में खेला जा रहा है। इसके तहत झारखंड कास्ट एवं अन्य वन उत्पाद नियमावली 2004 में आंशिक संशोधन कर मुख्यमंत्री जन वन योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से 19 प्रकार के कास्ट प्रजाति पेड़ों के परिवहन के लिए परिवहन अनुज्ञा की अनिवार्यता से मुक्त किया गया था। बस इसी की आड़ में लकड़ी माफिया प्रखंड क्षेत्र के पंचायत/ गांव से बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों को काटकर बिना परिवहन अनुज्ञा पत्र के बाहर सप्लाई कर रहे हैं। हालांकि परिवहन अनुज्ञा पत्र से मुक्ति की जिस 2017 की विभागीय अधिसूचना की आड़ में हरे पेड़ों को काटकर भेज रहे हैं। उसमें विभाग द्वारा ट्री फॉलिंग (हरे पेड़ों को काटने) का कोई आदेश या दिशा निर्देश नहीं दिया गया है। उसमें सिर्फ 19 प्रजाति के वृक्षों को सिर्फ परिवहन अनुज्ञा पत्र से मुक्त किया गया है।

**पर्यावरण को क्षति पहुंचाया जा रहा :** विभागीय अनुमति की जगह कहीं पर पंचायतों से फर्जी अनुमति लेकर तो कहीं बिना अनुमति के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। कारोबारियों द्वारा इसके लिए कोई विभागीय अनुमति नहीं ली गई है। इस संबंध में कारोबारी शिवम प्रताप देव ने बताया पंचायत प्रतिनिधियों से अनुमति लेकर पेड़ को काट रहे हैं। जिन पंचायत में जनप्रतिनिधि से अनुमति नहीं ली है वहां बाद में अनुमति ले लेंगे। हालांकि घर अथवा घर के आसपास, सार्वजनिक परिसर में कोई हरा पेड़ काटना है तो उसे काटने के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति आवश्यक है। उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान है। इसके बावजूद सड़क के किनारे व रैयती भूमि पर लगे हरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाया जा रहा है।

**वन विभाग इसमें कुछ नहीं कर सकता :** इस संबंध में उत्तरी वन क्षेत्र के डीएफओ दिलीप यादव ने बताया कि सरकार द्वारा रैयती भूमि में लगे काष्ट प्रजाति के पेड़ों के ट्री फॉलिंग का कोई नियम नहीं है। इन पेड़ों की कटाई के विरुद्ध कार्रवाई वन विभाग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इन पेड़ों के काटने व नहीं काटने का कोई नियम नहीं होने के कारण वन विभाग इसमें कुछ नहीं कर सकता।

### माइके वालों ने मारपीट कर महिला को घायल किया, थाने में शिकायत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के ऊचरी मोहल्ला निवासी जाहिद खलीफा की पत्नी नजमा परवीन मारपीट की घटना में घायल हो गई। उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

घटना के संबंध में नाजमा परवीन ने आरोप लगाया है कि उसका पति किसी आपसी विवाद के कारण उसे छोड़ दिया था। इसके बाद वह अपने मां-बाप के साथ उचरी मोहल्ला में रहने लगी। इस दौरान उसके पिता मुस्ताक अंसारी ने नाजमा परवीन के नाम से एक डिसमिल जमीन लिख दी। मां की मृत्यु के बाद उसने गढ़वा जिले के मेराल में भाड़े के कमरे में अपने बच्चों के साथ रहने लगी। 4 मई को अपने घर भाई भोजाई के यहां गई थी, जहां भाई से घर में रहने देने के लिए बातचीत कर रही थी। दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी। सुबह होने पर वह वहां से अपना कपड़ा छोड़कर निकल गई। 5 मई को शाम को फिर कपड़ा लेने अपने घर गई तो उसका भाई नौशाद खलीफा, उसकी पत्नी इशरत खातून, शमशाद खलीफा एवं उसकी पत्नी रिजवाना खातून ने उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे मरा हुआ समझकर बाजार समिति के पास फेंक दिया। काफी देर सहयोगी ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। इस संबंध में नाजमा परवीन ने गढ़वा थाने में शुक्रवार को आवेदन दिया था। नजमा ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# सरकार आपके द्वार का हाल : प्रखंड दफ्तर के कूड़ेदान में मिला आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
धुरकी प्रखंड कार्यालय परिसर के कुड़ेदान में गनियारीकला पंचायत के बिसुनिया गांव के एक आदिवासी ग्रामीण की ओर से विगत दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिया गया आवेदन शनिवार को मिला है। इसका खुलासा स्वयं ग्रामीण ने किया है। आपको बता दें सीएम हेमंत सोरेन अपने सभी कार्यक्रमों में यह बताते है कि की जो ग्रामीण कभी अपने घर गांव और टोले से निकलकर प्रखंड कार्यालय में अपनी समस्याओं को अधिकारियों को बताने में संकोच करते थे उनके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हुआ है। ग्रामीणों ने काफी संख्या में आवेदन दिए हैं और कार्रवाई भी निरंतर हो रही है, लेकिन धुरकी प्रखंड कार्यालय में सीएम के इस निर्देश का रत्तीभर भी ख्याल रखा नहीं गया है। ग्रामीण रामचंद्र सिंह ने बताया कि उसने गनियारीकला पंचायत सचिवालय मे आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में केसीसी के लिए आवेदन दिया



था। वह कभी-कभी प्रखंड कार्यालय में अपने दिए गए आवेदन के संबंध मे जानकारी लेने आते थे। उन्होने बताया की अब वह इस आवदेन को लेकर उपायुक्त को देंगे और बताएंगे की धुरकी प्रखंड में सभी अधिकारी कर्मी सरकार के दिशा-निर्देश का पालन नहीं करते हैं।

# विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार को भवनाथपुर बीएसएम कॉलेज के गेट से पीडब्ल्यूडी रोड तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद की ओर से बनाई जाने वाली इस सड़क पर 10 लाख रुपसे की लागत आएगी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि भवनाथपुर बीएसएम कॉलेज के टीचर एवं छात्र-छात्राएं लंबे समय से सड़क निर्माण कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था जिसके कारण छात्र छात्राओं को बरसात के दिनों में कॉलेज आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना



पड़ता था। विधायक ने यह भी कहा कि सड़क के निर्माण हो जाने के बाद कॉलेज में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने इस कार्य के संवेदक से कहा कि सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए। मौके पर उपस्थित शिक्षक गण, प्रचार्य आरपी शुक्ला, राम सिंह, वेद प्रकाश पांडे, डॉ. स्कंद कुमार भारती, वीरेंद्र विश्वकर्मा एवं छात्र पप्पू सिंह, फुलेंद्र यादव, विशाल सिंह, राजपूत लव उत्कर्ष, रूपेश कुमार, दया सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास आज

**श्री बंशीधर नगर।** अधौरा ग्राम स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास, ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन व प्रतिमा का अनावरण रविवार को किया जायेगा। कॉलेज के शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति डॉ राम लखन सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानुप्रताप शाही आदि मौजूद रहेंगे।

**कार्यक्रम** | **जिला स्तरीय स्वास्थ्य सहिया सम्मेलन का हुआ आयोजन**

# अब बेटों से बढ़कर बेटियां हो रही हैं सशक्त : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से शनिवार को जिला स्तरीय स्वास्थ्य सहिया सम्मेलन का आयोजन स्थानीय बंधन मैरिज हॉल के सभागार में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहिया बहनों को सम्मानित करना एवं आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि उपायुक्त जमुआर, सिविल सर्जन, डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक अवधेश सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में सहियाओं को फ्रंट लाइन वर्कर कहते हुए बताया कि अब ऐसा समय आ चुका है कि बेटे से बढ़कर बेटियां सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। गांव के सुदूरवर्ती इलाकों में लोगों का दुःख-दर्द एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को समझना एवं उनका हल निकालना सहियाओं का कार्य है, जो वे पारदर्शी रूप से करते हैं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर सामूहिक विकास हेतु ब्लॉक लेवल पदाधिकारियों, कर्मियों जेएसएलपीएस की सखी दीदियों व स्वास्थ्य सहियाओं तथा स्वास्थ्य कर्मी एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात उपायुक्त ने कही। साथ ही किसी भी प्रकार



की बाधाएं अथवा समस्या आने पर सूचित करने की बात कही। उन्होंने पोषण के क्षेत्र में अच्छी उपलब्धि पाने हेतु सहिया बहनों की सराहना की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन की ओर से भी बेहतर सुविधा हेतु कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही बताया कि सरकारी संस्थाओं में बेहतर सुविधाएं मौजूद हैं, अतः प्राइवेट संस्थानों में केस रेफर नहीं करने की सलाह दी।

सम्मेलन में सहिया बहनों के द्वारा भ्रूण हत्या पर बहुत सुंदर नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर जागरूकता फैलाई गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटा-बेटी के जन्म में फर्क समझने की गलत अवधारणा को दूर करने की बात बताई गई। बेटा-बेटी को एक समान बताया गया। नुक्कड़-नाटक के माध्यम से बताया गया कि बेटा यदि वंश है तो बेटी अंश है, जो दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। नुक्कड़-नाटक की उपायुक्त ने काफी सराहना की। भंडरिया प्रखंड के सरूवत की सहिया बहन पोकली देवी को सांकेतिक रूप से अंग वस्त्र (शॉल) एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। पोकली देवी एवं गढ़वा की संयोगिता देवी आदि अन्य सहिया ने भी मंच के माध्यम से अपने-अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं अनुभव को लोगों के बीच साझा किया। सम्मेलन में सभी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने हेतु हौसला बढ़ाई गई। उक्त सम्मेलन में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं लगभग 650 की संख्या में सहिया बहनें उपस्थित थीं।

इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1350 सहिया कार्यरत हैं। स्वास्थ्य सहियाओं के बेहतर योगदान के फलस्वरूप ही आज सरकारी संस्थागत प्रसव, एनसीडी, ऑपरेशनल आदि में बेहतर काम हो रहे हैं। जहां पूर्व में संस्थागत प्रसव, एनसीडी (नन कम्युनिकेबल डिसीज) अथवा टीकाकरण आदि का परसेंटेज 16 प्रतिशत से 22 प्रतिशत रहता था, अब बढ़कर लगभग 90 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने सहिया बहनों को लिंक वर्कर बताया, जो स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव आमजनों तक पहुंचाते हैं।

# उपासना केंद्र में सत्संग का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार की शाम स्टेशन रोड स्थित सत्संग उपासना केंद्र में सत्संग का आयोजन कियाा। सत्संग में धृतिसुंदर लाल व अनिता सिन्हा ने भगवान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके उपदेशों का पालन करने का आग्रह किया। इस मौके पर ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भगवान बुद्ध का सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिये समर्पित था। सत्संग में अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, शक्तिदास सिन्हा, प्रीति सिन्हा, संजय दा, राकेश कुमार, उत्कर्ष सिन्हा, लक्ष्य सिन्हा, सुशीला देवी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

# शादी से लौट रहा परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार, एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-मालहन-मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर मालहन पहाड़ के समीप शुक्रवार शाम शादी की रस्में पूरी कर वापस लौट रहा परिवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में घायल एक युवक की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि मालहन पंचायत के नवाटोली निवासी कलेश्वर गंझु दूसरी शादी करने के बाद ससुराल से दुवरलंघाई की रस्म अदा कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान मालहन पहाड़ के समीप ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे



पलट गया। ऑटो पलटने से उस पर सवार कलेश्वर की दोनों पत्नियों समेत चार लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां नावाटोली निवासी घायल सुलेंद्र गंझू के पुत्र प्रदीप की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु की सूचना मिली है। अन्य घायलों का इलाज चंदवा के एक निजी अस्पताल में चलने के बाद दो घायलों को छुट्टी दे दी गई है। जबकि एक बालक संजीत गंझू पिता भोला गंझू का पैर टूट गया था, जिसका इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है। बताते चलें कि इन दिनों चंदवा समेत जिले भर में सड़क दुर्घनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण वाहनों की तेज गति बताई जाती है।

# ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे चालक-उपचालक

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग के बरछिया स्थित झिकिया पुल के डिवाइडर में अनियंत्रित होकर कोयला लदा 14 चक्का ट्रक पलट गया। इसमें चालक व उप चालक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ट्रक टंडवा के अमरपाली से कोयला लोड कर बालूमाथ के कुश्माही साइडिंग जा रही था। इसी बीच रास्ते में झिकिया नदी पुल के डिवाइडर में अनियंत्रित होकर लगभग 50 फीट डिवाइडर को तोड़ते हुए खेत में जा कर पलट गया। चालक व उपचालक गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। यह ट्रक लावागाड़ा निवासी शंभु कुमार चौधरी का बताया जा रहा है। उधर, ट्रक ऑनर चौधरी ने गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना आवेदन के माध्यम से थाना को दे दी है।



## हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के पेक्सा गांव निवासी मोती दांगी की पत्नी यशोदा देवी की मौत इलाज के दौरान बीते देर रात रांची प्लस हॉस्पिटल में हो गई। ज्ञात हो कि बाइक दुर्घटना में बीते बुधवार को घायल होने के बाद रांची के प्लस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। शनिवार को स्थानीय शमशान घाट में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### एएनएम सुशीला को मिला अंतरराष्ट्रीय बुद्ध साहित्यिक सम्मान



**मयूरहंड(चतरा)।** भगवान बुद्ध की पावन भूमि बिहार के बोधगया में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक महोत्सव सह अंतरराष्ट्रीय बुद्ध विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत नरचाही उपस्वास्थ केंद्र में पदस्थापित एएनएम सह कवयित्री व लेखिका सुशीला कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रर्यावरणविंद मेहता नागेन्द्र सिंह, राजीव रंजन पांडेय निदेशक गौरैया विहग फाउंडेशन नालंदा, बुद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के निदेशक सुरेन्द्र सिंह शौर्य एवं देश-विदेश के कई प्रसिद्ध साहित्यकार शामिल थे।

### उमरा के लिए रवाना हुए अकीदतमंद

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के डिपाटोली से फरीद अंसारी व अम्वाटोली से बाहर अंसारी व उनकी पत्नी शैरुन बीबी समेत कुल तीन लोग महुआंडाड़ से अरब देश उमरा के लिए शनिवार को रवाना हुए। जहां महुआडांड़ लोगों ने सभी को खुशी के साथ उमरा के लिए विदा किया। मौके पर मदरसा अशरफिया गरीब नवाज के मोहतमिम मौलाना गुलाम सरवर फैजी जुबैर अहमद नुरूल अंसारी फिरोज अंसारी समेत काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार बालूमाथ द्वारा शानिवार को विश्वव्यापी अभियान के तहत गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य अनिकांत पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत कराया।

## प्रशिक्षु डीएसपी राम के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई

# दस ग्राम ब्रॉउन सुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**
पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से छापेमारी कर 10 ग्राम ब्रॉउन सुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। छापेमारी प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। प्रशिक्षु डीएसपी ने पत्रकारों को बताया कि थाना क्षेत्र के मसूरिया निम पेड़ पुलिया के समीप कटकमसांडी थाना क्षेत्र के रोमी गांव निवासी मुस्लिम खान के पुत्र मो. तालिब व अजीमुद्दीन के पुत्र मो. असलम को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो दोनों की निशानदेही पर गिद्धौर थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव निवासी लालजी यादव के पुत्र रविंद्र कुमार यादव को उसके घर से अवैध ब्रॉउन सुगर के साथ पकड़ा गया।

इस बाबत तीनों पर एनडीपीएस एक्ट के अलावे अन्य धाराओं में प्रार्थमिकी दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया। युवकों के पास से तीन अलग-अलग प्लास्टिक में कुल 10 ग्राम ब्रॉउन सुगर के अलावा एक काले रंग की बाइक, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन व दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। डीएसपी ने आगे बताया कि रविन्द्र इस कांड के अलावे एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक अन्य मामले में भी आरोपी है और पूर्व में जेल जा चुका है। छापामारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी के अलावे थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, आरक्षी पंकज यादव, सुनील कुमार साव आदि शामिल थे। डीएसपी श्री राम ने बताया कि ब्रॉउन सुगर की अवैध खरीद बिक्री के पीछे एक रैकेट कार्य कर रहा है। इसके सदस्य चतरा व हजारीबाग में सक्रिय हैं। पुलिस जल्द ही इन तक पहुंचेगी।



## दुकान में अधिक मूल्य में शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार

**बारियातु।** मुख्यालय स्थित सरकारी शराब दुकान में मुल्य से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री करने के आरोप में दो प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त सबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मुल्य से अधिक किमत पर शराब बिक्री करते राजु रंजन कुमार (30) पिता विश्व नाथ प्रसाद, साकीन बालुगंज, थाना ठिबरा, जिला औरंगाबाद, बिहार व सुमित कुमार गुप्ता (21), पिता संजय गुप्ता, साकीन पुलिस लाइन रोड सुदना, जोखन गली थाना डालटेनगंज, जिला पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अवर निरिक्षक उत्पाद विभाग लातेहार व बारियातु थाना के सहयोग से कार्रवाई की गई।

# लाइफ लाइन मेडिकल ट्रेन का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
15 मई से 4 जून तक जिले में लगने वाले लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से मेडिकल कैंप का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसको लेकर उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं व स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।



इसमें निर्देशित किया गया कि इसका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को पहुंचाने के लिए योजनाएं बनाएं। राकेश सहाय ने बताया कि जिले के लोगों के लिए गौरव और खुशी की बात है कि वैसे चिकित्सा सेवा जो देश के महानगरों में मिलती है वे सभी सुविधाएं जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से आम लोगों को मुहैया कराने का काम किया जाएगा। इसको लेकर जरूरतमंद लोगों का पंजीयन क्षेत्र में स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से होगा। साथ ही उन सभी मरीजों को लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के मेडिकल कैंप स्थल लातेहार चंदवा ले जाने के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था भी जिला प्रशासन के माध्यम से कराई गई है। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से आंख, कान, दांत, महिला रोग कटे होठ, समेत दर्जनों बीमारियों का निशुल्क इलाज व ऑपरेशन कराया जाएगा।

## कानूनी सहायता देने का निर्देश

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला ग्राम में डायन-बिसाही के आरोप में बुजुर्ग दंपती की हत्या और उनकी बहू की निर्मम तरीके से पिटाई के मामले में झालसा, रांची ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार को इस वाद की पीड़िता को आर्थिक तथा कानूनी सहायता देने का निर्देश दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार स्वाती विजय उपाध्याय द्वारा घटना पीड़िता को आर्थिक एवं कानूनी सहायता प्रदान की गई तथा प्राधिकार की सचिव ने पीड़िता को हरसंभव कानूनी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## सीएचसीः बंद होगी कोरोना जांच

**लातेहार।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने सिविल सर्जन दिनेश कुमार से शुक्रवार को दुरभाष पर बात कर चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए जा रहे मरीजों को हो रही परेशानी का मामला उठाया। इलाज से पहले मरीजों की कोरोना जांच को ग्रामीणों के हित में बंद करने का आग्रह किया है। इसपर सीएस ने अस्पताल में जाने वाले मरीजों को असुविधा न हो इसके लिए शीघ्र ही कोरोना जांच बंद करने का आश्वासन दिया है। अयुब खान ने कहा है कि विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन यहां सबसे पहले मरीज को कोराना जांच कराने के लिए कहा जाता है। मरीजों को कोरोना जांच में घंटों लग जाता है।

# पीटीआर क्षेत्र में वृक्षों की कटाई पर रोक लगेः सोनी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर निवासी वन विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार सोनी ने चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह से पत्राचार कर पीटीआर क्षेत्र में हो रहे अंधाधुंध वृक्षों की कटाई पर अविलंब रोक लगाने की मांग की।

इस संबंध में अजय सोनी ने सांसद का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में पीटीआर (पलामू व्याघ्र परियोजना) वन तस्करों द्वारा अंधाधुंध कीमती सागवान के वृक्षों की कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पीटीआर क्षेत्रों में कई वृक्षों के कटे हुए अवशेष प्राप्त हुए हैं। सोनी ने सांसद का ध्यान आकर्षित कराते हुए आरोप लगाया कि वन विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में वनों की कटाई की जा रही है।

सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पीटीआर क्षेत्र के वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी वनों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। इससे जिले ही नहीं, पूरे देश का गौरव अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने सांसद से इस धरोहर को बचाए रखने के लिए आवश्यक पहल करने की मांग की।

# मरम्मत के अभाव में बेकार पड़ा है उत्क्रमित विद्यालय का जलमीनार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/हंटरगंज**
जिले के हटरंजग प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाली में लगा जलमीनार मरम्मत के अभाव में बेकार पड़ा है। जलमीनार का अधिष्ठापन 15वें वित्त आयोग की राशि से कराई गई है। ऐसे में लाखों रुपये खर्च करने के बाबजूद विद्यालय के बच्चे शुद्ध पेयजल से महरुम हैं। जिसे देखने के लिए ना ही पंचायत के पास समय है और ना ही पीएचईडी विभाग के पास। जबकी जलमीनार का अधिष्ठापन संबंधित मुखिया व पंचायत सचिव के द्वारा कराया गया है। यही नही पांच वर्ष तक



देख रेख व मरम्मती का कार्य भी संबंधित एजेंसी को ही करना है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से बेकार पड़े जलमीनार की मरम्मत कराने व संबंधितों के विरुद्ध जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है।

# मुखिया ने सात चापकल की मरम्मत की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
छिपादोहर के मुखिया वेरोनिका कुजूर ने पंचायत में पेयजल समस्याओं के निदान के लिए पंचायत में खराब पड़े सात चापाकल की सूची मरम्मत के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को उपलब्ध कराई है। प्रखंड की किसी भी पंचायतों में पेयजल की समस्याओं का तत्काल निवारण के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा शुरू किए गए प्रयास का परिणाम दिख रहा है। खराब पड़े चापाकल की सूची उपलब्ध होने के साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा खराब चापाकल की तत्काल मरम्मत करवाई जा रही है।

वहीं छिपादोहर के मुखिया बेरोनिका कुजूर पंचायत के घर के पास, दिनेश सिंह के घर के पास वार्ड नंबर 10, रामचरित्र राम के घर के पास वार्ड नंबर 9, समुद्री मसोमतके घर के पास हरिनामाड़ वार्ड नंबर 15, कुलदीप कोरबाघर के पास वार्ड नंबर 7, राजेश उरांव जूरूहार वार्ड नंबर 12, बकेन टोला स्कूल के पास वार्ड नंबर 14, प्रबिल सिंह जुरुहार घर के पास वार्ड नंबर 12 के खराब पड़े चापाकल को बीडीओ को सूची उपलब्ध कराया है। वहीं बीडीओ ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पंचायत में सभी खराब पड़े चापाकल को अविलंब मरम्मत करने की निर्देश दिया।

## आयोजन | केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी हुई

# बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा दो से पांच तक के छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उदेश्य छात्रों के नये सत्र में पाठ्यक्रमों की जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की जानकारी अभिभावकों को दी गयी। कक्षाओं के वर्ग शिक्षकों ने अपने-अपने कक्षा के पाठ्यक्रम एवं परीक्षाओं के पैटर्न की जानकारी अभिभावकों को दी। कक्षा तीन (ब) की वर्ग शिक्षिका ललिता कुमारी ने अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कक्षा में जो



भी गृह कार्य मिलते हैं उसे पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने घर पर बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखने एवं उन्हें समय देने की भी बात कही। शिक्षिका ने अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की बात कही। कहा कि मोबाइल के अधिक प्रयोग से बच्चों की आंख एवं मष्तिस्क पर प्रतिकूल असर पढ़ता है। केंद्रीय विद्यालय में आगामी आठ मई से 16 जून तक ग्रीष्म अवकाश की घोषणा की गयी है। मौके पर कई आशीष, मनीष सिन्हा, नवल कुमार व संजय यादव समेत कई अभिभावक व छात्र उपस्थित थे।

## महिला को मिले खाते से अवैध रूप से उड़ाए पीएम आवास के पैसे

**मनिका।** झारखंड ग्रामीण बैंक से कलावती कुंवर नामक महिला के खाते से अवैध तरीके से बैंक कर्मियों द्वारा उड़ाए गए रुपयों में से 48000 रुपये वापस दिए गए और 3000 कुछ दिन के अंदर देने की बात कही गई। इस विषय में महिला कलावती कुंवर ने बताया कि लातेहार से मेरे घर पर राजू लोहरा नामक व्यक्ति आया और मुझे बोला कि आपके खाते से मेरे खाते में पैसा चला गया था, जिसमें से आपको आज 48000 रुपये दे रहा हूं और 3000 कुछ दिन के बाद दे दूंगा। इस विषय में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जिला लातेहार की टीम ने भी ग्रामीण बैंक मनिका पहुंचकर बैंक मैनेजर को प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, जिला अध्यक्ष संदीप राम, जिला सचिव विशाल कुमार पासवान, समेत अन्य ने जमकर फटकार लगाई थी और भुक्तभोगी महिला को जल्द से जल्द पैसा वापस देने का निर्देश दिया था।

# स्कूली बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण जरूरी : प्रिंसिपल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
सोतोकान कराटे स्टाइल आफ क्लासिकल मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में शनिवार से प्रखंड के संत थॉमस पब्लिक स्कूल में कराटे का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरज कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के हर लड़के व लड़कियों को निडर और साहसी बनाना है, जिसके लिए कराटे का हुनर सभी को आत्म रक्षा के लिए सीखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी लड़के-लड़कियों को पूरे तन मन से इस प्रशिक्षण में भाग लेकर कराटे को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक रूप से अपनाने की जरूरत है। वहीं मुख्य कराटे प्रशिक्षक सेंसेई मदन लाल ने कहा एक अभियान के तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों में कराटे का



प्रशिक्षण देकर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी वर्ग के बच्चों को आत्मरक्षा का गुर सिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कराटे का प्रशिक्षण अच्छी तरह प्राप्त कर बच्चे अपने जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर पर होने वाली कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेम्पाई संगीता टोप्पो जिला सचिव सेम्पाई जंग बहादुर सिंह शिक्षक सोनाली खलको, शब्बा नियाजी, सोनाली कुमारी का योगदान रहा।

## सरल स्वभाव के बंदे दूसरी बार बने थे टाटी के मुखिया

# मुखिया बंदे उरांव की हार्ट अटैक से निधन



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**
प्रखंड की टाटी पंचायत के मुखिया बंदे उरांव की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। सीधे सादे और मिलनसार स्वभाव के बंदे उरांव की मौत से एक ओर जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, तो वहीं पंचायत सहित प्रखंड में शोक का माहौल है। ज्ञात हो कि बंदे उरांव टाटी पंचायत के दूसरी बार मुखिया बने थे जबकि एक बार उनकी पत्नी मुखिया बनी थी। बताया जा रहा है कि वे कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। शनिवार 6 मई को सुबह बच्चों को स्कूल पहुंचाया और लाया दोपहर घर पर ही थे जहां दिल का दौरा पड़ने पर परिजनो ने उन्हें कुडू अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह सूचना क्षेत्र में पहुंची, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दुख व्यक्त किया।

### प्रखंड मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन

कुडू के टाटी पंचायत के मुखिया बंदे उरांव के आकस्मिक निधन पर कुडू प्रखंड मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड व अचल के सभी कर्मियों के अलावे जन प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मुनी देवी, उपप्रमुख एनुल अंसारी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह सहित अनेक लोग शामिल थे।

## रामनवमी में बिजली से झुलसे युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** रामनवमी पर्व पर सेन्हा स्कूल मैदान में मेले के लिए विद्युत सज्जा के दौरान 11 हजार बिजली वोल्ट तार के संपर्क में आने से जख्मी मनोज कुमार लंबे समय तक चले इलाज के उपरांत जिंदगी की जंग हार गया। मनोज की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि उसे निजी अस्पताल देवकमल रांची में भर्ती कराया गया था, जहां लंबे समय तक इलाज चलने के पश्चात स्थिति में सुधार होने पर 15 दिन पहले चिकित्सकों के परामर्श से मनोज को घर लाया गया था। मनोज कुमार की मौत पर हिंदू संगठन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने शोक प्रकट किया है। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी व दो छोटी-छोटी बच्ची एवं माता पिता छोड़ गया।

# स्काउट व गाइड के विद्यार्थी नेतरहाट रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा साइडिंग बस स्टैंड से जिले के स्काउट और गाइड के छात्र व छात्राओं को नेतरहाट के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्काउट गाइड के विद्यार्थी 6 मई से 10 मई तक नेतरहाट में आयोजित आवासीय प्रशिक्षण सह नेचर अध्ययन शिविर में भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 170 छात्र छात्राओं को रवाना किया गया। डीसी ने कहा कि स्काउट गाइड हर एक अच्छे कार्य को ईमानदारी से करते हैं। स्काउट गाइड साहसी और विनम्र होते हैं। आप सभी ट्रैकिंग एंड नेचर स्टडी कार्यक्रम में नेतरहाट जा रहे हैं। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य क्रम में अच्छे अनुभव को जीवन में सहेजने की जरूरत है। अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा ईमानदार बने रहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी दास




सुनंदा चंद्रमौलेश्वरी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम ने कहा कि प्रकृति को नजदीक से जानने समझने से आपके जीवन में उपयोगी साबित होगा। ट्रैकिंग से प्रोग्राम जीवन लिए मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, सचिव सह शिक्षक शैलेंद्र सुमन, सहायक सचिव मुमताज अहमद, स्काउटउर पारस साहू, सिस्टर उषा आदि मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### बिजली के जर्जर तार गिरने से दो पशु मरे

**कुडू।** प्रखंड के सलगी महतो टोली में बिजली के तार की चपेट में आकर एक बैल और एक बछिया की मौत हो गई, जबकि पशु लेकर जा रहे चराने जा रही महिला बाल-बाल बच गई। घटना शनिवार की सुबह करीब बजे की है। इस संबंध में पशु की मालिक बाबिया उरांव ने बताया कि वह अपने पशुओं को लेकर चराने जा रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। पशुओं की मौत से 40 हजार की क्षति का अनुमान है। मुआवजे के लिए खबर मुखिया को दी गई। इधर भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार और पैरावेट सुरेंद्र प्रजापति ने पोस्टमार्टम के बाद पशुओं को बाबिया उरांव को सौंप दिया।

### जिला स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता मे जिला स्थापना दिवस 17 मई को मनाने को लेकर बैठक की गई। निर्णय लिया गया कि जिला स्थापना दिवस के अवसर पर क्रिकेट मैच, एथलेटिक्स, फुटबॉल मैच आदि का आयोजन सुबह कराया जाएगा। जिला स्थापना दिवस पर महिला सशक्तिकरण महोसव के रूप में समाहरणालय मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 5 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पर्षद देवेंद्र कुमार, खेल पदाधिकारी, डॉ गणेश प्रसाद, मनोरमा एक्का, जे एस एल पी एस, खेलों के नियुक्त कोच, सहित महिला समूह के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### आंतरिक संसाधन/राजस्व संग्रहण से संबंधित बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन/राजस्व संग्रहण से संबंधित बैठक की गई। इसमें परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग, सहित सभी अंचलाधिकारियों से राजस्व संग्रहण के लक्ष्य व उपलब्धि की जानकारी ली गई। अंचलाधिकारियों को लंबित दाखिल खारिज का निबटारा करने का निर्देश दिया गया।

## परिजनों ने मुआवजे को लेकर काटा बवाल

# ट्रक ने दो बच्चों को कुचला, एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा से सिसई जाने वाली सड़क पर लोहरदगा राइस मिल के पास मालवाहक गाड़ी से दबकर एक 11 साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रिम्स भेजा गया। दोनों भाई अपनी मौसी की शादी में सामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से भरनो थाना क्षेत्र के पहरकेसा गांव जा रहे थे। इसी बीच भंडरा से आगे जाने के बाद लोहरदगा राइस मिल मोड़ के पास बाइक सहित ट्रक के नीचे आ गए। दुर्घटना स्थल पर ही एक की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान सोएब सेख, पिता जियाउल सेख, रंकुली गांव, थाना सेरेंगदाग निवासी के रूप में की गई है, जबकि मृतक के भाई शाहिद शेख गंभीर रूप से घायल हो गया।



दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों ने रोड जाम करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर शव नहीं उठाने दिए। घटना को लेकर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण जुटे और हंगामा किया। सूचना पर पहुचे बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के समझाने के बाद सभी माने। मौके पर ही तत्काल राइस मील मालिक ने एक लाख रुपये का मुआवजा दिया। वहीं थाना प्रभारी ने ट्रक जब्त कर लिया है। बताया गया कि हादसे की वजह राइस मील जाने वाली सड़क पर मोड़ के समीप ठोकर एवं बोर्ड नहीं लगाया जाना माना गया है। ग्रामीणों ने इसको लेकर घटना होने का संदेह जताया है।

## लोहरदगा में कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा बिजली भार

**लोहरदगा।** कामर्शियल बिजली उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली के लोड में एक किलो वाट का इजाफा करने का निर्णय विद्युत अधिकारियों ने लिया है। बिजली सब स्टेशन परिसर लोहरदगा में बिजली आपूर्ति अवर प्रमंडल के उर्जा मित्रों के साथ कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो समेत अन्य विभागीय अधिकारियों ने बैठक कर इसके सफल संचालन की रणनीति बनाई। स्थानीय सभी ऊर्जा मित्र को शतप्रतिशत बिल उपभोक्ताओं को ससमय देने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में कार्यपालक अभियंता ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कमर्शियल उपभोक्ता जिनका विद्युत भार पाच किलोवाट है उन्हें नए नियम के अनुसार तीन फेज के लिए अपने विद्युत भार को बढ़ाकर कम से कम छह किलो वाट करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस ऊर्जा मित्रों के माध्यम से भेजा जाएगा। अगर विद्युत भार में उपभोक्ताओं द्वारा खुद से बढ़ोतरी नहीं की गई तो विभागीय जांच दल द्वारा जांच करा कर लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी इसके बाद नियमानुसार शुल्क लगाया जाएगा। बैठक में सहायक विद्युत अभियंता सुजीत कुमार, बिलिंग सुपरवाइजर दीपक महतो और ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

# 'तंबाकू के सेवन से जन्म लेती हैं गंभीर बीमारियां'




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान का आयोजन राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में किया गया। मौके पर दंत चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार ने कहा हमें भोजन चाहिए तंबाकू नहीं। तंबाकू के सेवन से दांत गंदा होता है उसके साथ हीं कई गंभीर बीमारी का जन्म भी होता है। इसलिए तंबाकू का सेवन किसी भी परिस्थिति में नहीं करना चाहिए। तंबाकू का सेवन हमारे लिए सिर्फ और सिर्फ हानिकारक होता है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा की तंबाकू के सेवन से हमारे शरीर को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं होता है और ना ही तंबाकू खाने में स्वादिष्ट होता है, फिर हानिकारक चीजों का सेवन बंद करना चाहिए। तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी होती है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय तंबाकू का प्रयोग नहीं करना है। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार के सभी लोगों ने तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित करने का शपथ लिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच हमें भोजन चाहिए तंबाकू नहीं विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पना शक्ति से खूबसूरत चित्र बनाकर उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। निर्णायकों द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को डिक्शनरी एवं अन्य पठन-पाठन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजू कुमारी, द्वितीय स्थान सुजीत कुमार, तृतीय स्थान हेमन अग्रवाल एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार, गौरव डीन एनसीडी, प्रधानाध्यापक अरुण राम, शिक्षक अजय कुमार, नेमहन्ति मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, माता समिति सदस्य किरण देवी, पुष्पा देवी, सुमन देवी, संगीता देवी एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यायिक पदाधिकारियों व पीएलवी की बुलाई गई आपात बैठक

**लोहरदगा।** झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष ने 4 मई को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह - अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, सभी जिले के उपायुक्त -सह- डालसा उपाध्यक्ष व डालसा सचिवों की बैठक बुलाई थी। इसमें माननीय झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कई दिशा निर्देश दिए थे उन्हीं दिशा निदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक अपने कार्यालय चैंबर में की। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही पीएलवी की भी पृथक बैठक सिविल कोर्ट स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बुलाई गई। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी पीएलवी को यह निर्देश दिया कि आम जनता को पहुंचाए जा रहे लाभ की सूचना हर माह डालसा कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। साथ ही 13 मई को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 27 मई को लगने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, स्पॉन्सरशिप, स्कूल नामांकन, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड आदि उपस्थित रहे।

# नामांकन के लिए गठित समिति की बैठक हुई



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैहक में 5 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा 2 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छात्राओं का नामांकन कक्षा 6 में लिया जाना है। नामांकन में अनाथ, असहाय बालिकाओं, अत्यंत गरीब माता पिता की बालिकाओं, जिनके माता -पिता ईंट भट्ठों में काम करने जाते हों, उनके बच्चों को प्राथमिकता देकर सूची बनाई जाती है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# दुग्ध व दुग्ध उत्पादक इकाई से संबंधित परियोजना के क्रियान्वयन पर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नीति आयोग भारत सरकार से प्राप्त अवार्ड मनी के अंतर्गत लोहरदगा जिले में स्थापित किये जाने वाले दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादक इकाई से संबंधित परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित बैठक हुई। बैठक में जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 12-15 लीटर दूध देने वाली गाय का क्रय दर चार हजार रुपये प्रति होती है। सौ गायों की उत्पादन क्षमता एक हजार लीटर प्रतिदिन होगी। उपायुक्त ने कहा, दस लीटर से कम दूध देने वाली गाय की क्रय न की जाय। गायों की ब्रीड पहचानकर निर्धारित करें। इसके लिए बाजार की





व्यवस्था, गायों के क्रय हेतु तकनीकी समिति की अनिवार्यता स्पस्ट की जाय। साथ लाभुक समिति भी उत्तरदायी बने। पहले दो उत्पाद की मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया की जाय। बैठक में,उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लातेहार संक्षिप्त

### पंचायत सेवक पर मनमानी का आरोप

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत परहाटोली पंचायत सेवक भिकू प्रसाद कई वर्षों से एक जगह जमे हुए हैं। वह मुखिया पर दबाव बना कर मनमानी तरीके से कार्य करवाते हैं। इस संबंध में मुखिया रीता खलखो ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण स्टीमेट बनवाने जाते हैं तो भीकू प्रसाद व जेई आशीष कुमार घुमाते नजर आते हैं। वहीं भीकू प्रसाद हमेशा मुखिया के विरोध में रहते हैं और अपने ठेकेदार से कार्य करवाते हैं। वहीं आवेदन में रीता खलखो ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि भीकू प्रसाद का कहना है कि मैं मुखिया को किसी भी योजना का कार्य नहीं करने दूंगा।आवेदन में उदाहरण स्वरूप बताया गया है कि परा टोली पंचायत में भीकू प्रसाद पंचायत सेवक के द्वारा 1,20,000 रुपये की नाली में 17,000 रुपसे पीसी के रूप में काट लिए गए। जबकि यही काम महुआडांड़ के राजडंडा में हुआ, वहां पैसा नहीं काटा गया। इसके अलावा भी उन्होंने कई उदाहरणों का उल्लेख अपने आवेदन में किया है। पंचायत सेवक को हटाने को लेकर मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया रीता खलखो, आम जनता प्रधान सुलेस्वरी नगेसिया, सुनीता देवी, सुमनी नागेसिया, सुषमा टोप्पो,पंचायत समिति सदस्य सारदा देवी एवं अन्य लोग शामिल थे।

### वशिष्ठ नारायण का चित्र स्कूल को समर्पित



**लातेहार।** नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र पद्मश्री महान गणितज्ञ स्व. डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह का चित्र उनके मित्र डॉक्टर अखिलेश की ओर से शनिवार को नेतरहाट विद्यालय को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। मौके पर वरियतम शिक्षक डॉ प्रसाद पासवान, विधु शेखर देव एवं रवि प्रकाश सिंह समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि स्वर्गीय वशिष्ठ नारायण सिंह बिहार के भोजपुर जिला स्थित बसंतपुर गांव के निवासी थे। विलक्षण प्रतिभा के धनी वशिष्ठ की चर्चा आरंभिक दिनों में ही प्रतिभावान छात्र के रूप में पूरे इलाके में होने लगी थी। सन 1957 से 1963 तक की स्कूली शिक्षा डॉ वशिष्ठ ने नेतरहाट विद्यालय से प्राप्त की।नेतरहाट विद्यालय के चतुर्थ आश्रम वर्ग के विक्रम आश्रम के ये अंतेवासी छात्र थे। बिहार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से पूरे राज्य में मैट्रिक की परीक्षा में इन्हें सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ था। आगे की शिक्षा पटना साइंस कॉलेज से प्राप्त कर गणित के क्षेत्र में महारत हासिल करते हुए उन्होंने विदेश के विश्वविद्यालयों से शोध कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर उन्हीं विश्वविद्यालयों में शोध एवं शिक्षण का कार्य भी किया। भारत में भी आईआईटी जैसे संस्थानों में ये व्याख्याता के रूप में कार्यरत रहे।

## आयोजन | जागरूकता कार्यक्रम में बोले सुजीत कुमार

# बांस कला बना रही है आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
बरवाटोली पंचायत के रूद गांव में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड लातेहार के बैनर तले जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सहयोग समिति लातेहार अंचल के सहायक निबंधक सुजीत कुमार सिंह एवं बीडीओ बिजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उग्रतारा बंबू क्राफ्ट क्लस्टर उद्योग सहयोग समिति लिमिटेड रूठ के सदस्यों को संयुक्त रूप से सहकारी समिति का निबंधन प्रमाण पत्र सौंपा गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुजीत कुमार ने कहा कि बांस कला एवं हस्तशिल्प कारों को बढ़ावा दिया जाना अति आवश्यक है, बांस कला सामग्री बनाकर आत्मनिर्भर बन रहे प्रखंड के हस्तशिल्पकारो के लिए इस तरह की कार्यों किया जाना चाहिए ताकि पलायन को रोका जा सके। बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि समय-समय पर हस्तशिल्प कारों को बांस कला से प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए ताकि मांग के अनुसार बेहतर समग्री का निर्माण कर आत्मनिर्भर रहते हुए आर्थिक रूप से समृद्ध बन सके। वहीं जिला उद्यमी सहायक श्रम आयुक्त हेमंत केसरी ने बताया कि वर्तमान में 200 से अधिक पुरुष महिला ग्राम रूप में (रूद देवन्दिया चिरो)कला से संबंधित कार्यों को करते आ रहे हैं कलस्टर का निर्माण कर भारत सरकार की योजना हस्तशिल्प कारों को लाभ दिलाने हेतु कार्य किए जा रहे हैं। तैयार वस्तुओं का मार्केटिंग एवं बिक्री लोकल बाजार डिस्प्ले शॉप ऑनलाइन प्राइवेट एवं सरकारी वर्क आर्डर के माध्यम से यह जाने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार गुप्ता, समिति के अध्यक्ष भगवती देवी, मनोज कुमार, शकुंतला देवी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं उद्योग केंद्र एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हाथी से बचाव को चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
बीडीओ मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन की टीम ने शनिवार को हाथियों से बचाव के लिए प्रखंड के चंदलासो पंचायत के हेंजला, कालीपुर, राजरोम आदि गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। क्षेत्र में बढ़ रहे हाथियों के हमले और उत्पात पर रोकथाम के लिए चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान हाथी से बचाव के तौर तरीके सुझाए गए। बीडीओ ने ग्रामीणों को बताया कि जंगल के किनारे गांव व खेत होने के कारण हमेशा हाथियों का खतरा बना रहता है, जिससे बचाव के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है। घर के आस-पास साफ सफाई रखें। उजाले की व्यवस्था रखें। हाथी दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग और प्रखंड प्रशसन को दें, जिससे कोई घटना न घटने पाये। मौके पर युवा सद्भावना मंच के सदस्य सलीम आमिर, सुरेंद्र यादव, अखिलेश सिंह, बिलटू मुंडा, पच्चू भगत, ग्राम प्रधान जगदीश रजवार मौजूद रहे।



# गो फर्स्ट की सभी फ्लाइट्स 12 मई तक सस्पेंड




**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैश की तंगी से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन की सभी फ्लाइट्स को 12 मई तक सस्पेंड कर दिया गया है। एक दिन पहले कंपनी ने सभी फ्लाइट्स को 9 मई तक सस्पेंड करने की घोषणा की थी। इससे पहले एयरलाइन ने सोमवार को बताया था कि वो अपनी फ्लाइट 3, 4 और 5 मई के लिए कैंसिल कर रही है और जल्द ही टिकटों का रिफंड प्रोसेस करेगी। गुरुवार को एयरलाइन को उस समय एक और झटका लगा, जब कंपनी को लीज पर प्लेन देने वालों ने अपने 23 प्लेन वापस मांग लिए थे। लीज पर प्लेन देने वालों ने डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से कहा है कि वह 23 प्लेन डिरजिस्टर करे। डीजीसीए ने लीज देने वालों की मांग और उसकी डिटेल अपनी वेबसाइट पर पब्लिश की थी। नियमों के अनुसार डीजीसीए को लीज देने वालों की मांग 5 दिन में माननी होगी। यानी 23 प्लेन को पांच दिनों में डिरजिस्टर करना होगा। एयरलाइन ने 15 मई तक फ्लाइट टिकट की बुकिंग भी रोक दी है। इससे यात्री भी परेशान हो रहे हैं। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी। एयरलाइन ने कहा कि वो इंजनों की सप्लाई नहीं होने से इस हालत में पहुंची है। अमेरिका के एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफैक्चरर प्रैट एंड व्हिटनी को गो फर्स्ट को इंजन की सप्लाई करनी थी, लेकिन उसने समय पर इसकी सप्लाई नहीं की। ऐसे में गो फर्स्ट को अपनी फ्लीट के आधे से ज्यादा एयरक्राफ्ट ग्राउंडेड करने पड़े। इससे उसे भारी नुकसान हुआ। इधर डीजीसीए ने सख्त रुख दिखाते हुए फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद पैसेंजर्स को उनका पैसा तुरंत लौटाने को कहा है। एयरलाइन ने भी टिकटों का पैसा वापस करने की बात कही है। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने वढक और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने गो फर्स्ट की खुद से दायर की गई इन्सॉल्वेंसी यानी दिवालिया याचिका पर सुनवाई की। एयरलाइन ने एनसीएलटी से इंटरिम मोराटोरियम की मांग की थी।

## हेल्थ एवं हाइजीन पॉडकास्ट लॉन्च

**रांची।** वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के मौके पर हेल्थ एवं हाइजीन कंपनी रेकिट ने अपने प्रमुख कैम्पेन डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत का पहला पब्लिक हेल्थ एवं हाइजीन केंद्रित पॉडकास्ट बनेगा स्वस्थ इंडिया-स्वास्थ्य मंत्र लॉन्च किया है। पॉडकास्ट का प्रमुख उद्देश्य युवा दर्शकों को इस अभियान में शामिल करना और सेहत से जुड़ी अच्छी आदतों को विकसित करने के महत्व के संदेश को आम लोगों तक फैलाना है। यह पॉडकास्ट दर्शकों के लिए स्पॉटिफाई, एप्पल पॉडकास्ट, गूगल पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है। वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे 2023 की थीम, मिलकर तेजी से काम करें। जीवन बचाएं - अपने हाथ साफ करें है। इस बार की थीम के तहत, डेटॉल बीएसआई अपनी इस खास पहल के साथ उपभोक्ताओं को यह बताना चाहता है कि केवल स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत हो सकता है। रेकिट - साउथ एशिया एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट गौरव जैन ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए हम विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर ग्राहकों के साथ जुड़ना सुनिश्चित करने और उन्हें सेहत से जुड़ी अच्छी आदतों को बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एक बेहद खास और आकर्षक टूल पेश कर रहे हैं।

## स्कोडा कोडियाक 4x4 भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** चेक रिपब्लिकन कार मैकर कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में 7 सीटर कोडियाक को लॉन्च कर दिया है। कार डोर एज प्रोटेक्टर जैस सेफ्टी फीचर से लैस है, जो इसके गेट को डैमेज होने से बचाता है। कंपनी ने इस फुल साइज एसयूवी को पहली बार 2017 में पेश किया था। 2023 कोडियाक को लॉन्च करते ही 24 घंटे में इसकी 759 यूनिट्स बिक चुकी हैं। मांग को देखते हुए कंपनी ने अब गाड़ियों के एलॉटमेंट की संख्या बढ़ा दी है। स्कोडा अब हर तिमाही में कस्टमर्स को 750 कोडिएक कार एलॉट करेगी।

# वैश्विक विदेशी मुद्रा में डॉलर की हिस्सेदारी 58 प्रतिशत गिरी



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने अप्रैल में अपने बयान में कहा था कि रुस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण डॉलर का प्रभुत्व कम होने का जोखिम है, लेकिन इसके कुछ ही दिनों बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लेने का आरोप लगाते हुए रुस और ईरान की कंपनियों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका प्रतिबंधों के नकारात्मक पक्ष से अवगत है, जिसे वह विदेश नीति के हथियार के रूप में उपयोग करता है, लेकिन अधिकारियों और विशेषज्ञों ने संकेत दिया है कि उनका मानना है कि डॉलर के किसी एक मुद्रा या उनमें से किसी भी समय जल्द ही बढ़ने की संभावना नहीं है। क्योंकि, अन्य कारणों के अलावा, कोई विकल्प नहीं हैं। वे कहां जा रहे हैं? पूर्व वित्त मंत्री लैरी समर्स ने अप्रैल के अंत में ब्लूमबर्ग के साथ एक इंटरव्यू में पूछा। यूरो एक विकल्प नहीं बन सकता जब तक अमेरिका यूरोप के साथ अपने प्रतिबंधों का सहयोग करता है जो उसके पास है। उन्होंने चीनी मुद्रा रेनमिनबी का जिक्र करते हुए कहा, किसी के लिए भी जो राजनीतिक स्थिरता की तलाश में है, जो पूवानुर्मान की तलाश में है, जो गैर-पक्षपाती की तलाश कर रहा है, उनके दावों का वस्तुनिष्ठ अधिनिर्णय क्या वे वास्तव में आरएमबी में बड़ी मात्रा में संपत्ति रखने जा रहे हैं। डॉलर ने वास्तव में वैश्विक व्यापार और विनिमय के लिए मुद्रा के रूप में अपना दर्जा खो दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अप्रैल में कहा था कि वैश्विक विदेशी मुद्रा में इसकी हिस्सेदारी 58 प्रतिशत गिर गई है, जो 1995 के बाद सबसे कम है। कुछ विशेषज्ञों ने डॉलर की गिरावट का एक अधिक संस्करण प्रस्तुत किया है। वाशिंगटन डीसी डी-डॉलरीकरण को मुख्य रूप से रूस और चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचाने के लिए, अमेरिकी आर्थिक और मौद्रिक नीति के प्रभावों के जोखिम को कम करने और वैश्विक स्तर पर दावा करने के दशकों लंबे प्रयास के रूप में देखता है। आर्थिक नेतृत्व, जैसा कि कांग्रेस रिसर्च सर्विस (सीआरएस) द्वारा तैयार एक रिपोर्ट में कहा गया है, एक स्वायत्त निकाय जो अमेरिकी कांग्रेस को नीतिगत मुद्दों पर अनुसंधान मार्गदर्शन प्रदान करता है। रूस और चीन द्वारा डी-डॉलरीकरण के प्रयासों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दोनों देशों के साथ और उनके बीच अमेरिकी संबंधों पर कई सीआरएस रिपोर्टें में शामिल किया गया है। 2021 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों में तारीख में न्यूनतम परिवर्तन हैं, लेकिन यह चेतावनी दी गई है, यदि वे भविष्य में डॉलर के अपने उपयोग को और अधिक महत्वपूर्ण रूप से कम करने में सक्षम हैं। उदाहरण के लिए गैर-डॉलर व्यापार का विस्तार करके या विकसित करके डिजिटल मुद्रा, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए प्रभाव हो सकता है। चीन द्वारा डॉलर को कमजोर करने के लिए जो कुछ भी किया जा रहा है, उसके बावजूद अमेरिकी मुद्रा में उसका खुद का अटूट विश्वास उसके विदेशी मुद्रा भंडार की होल्डिंग में परिलक्षित होता है। उनमें से 50 प्रतिशत- 60 प्रतिशत डॉलर मूल्यवर्ग की संपत्ति हैं। दूसरी ओर, दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के पास अपने विदेशी मुद्रा भंडार का केवल 2 प्रतिशत रॅन्मिन्बी में है, जो कि कड़े नियंत्रण वाली चीनी मुद्रा है।

# रैपिड कंपनी ने 70 और कर्मचारियों की छंटनी की




**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) मार्केटप्लेस बनाने वाले यूएस-आधारित स्टार्टअप रैपिड (पहले रैपिडएपीआई के रूप में जाना जाता था) ने अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियों को जाने के बाद दो सप्ताह से भी कम समय में अन्य 70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि कंपनी में केवल 42 लोग रह गए हैं, जो अप्रैल में 230 से नीचे है, जो हेडकाउंट में 82 प्रतिशत की कमी का प्रतिनिधित्व करता है। लेटेस्ट दौर ने यूरोप में कंपनी के शेष सभी कर्मचारियों के साथ-साथ अमेरिका में भी कुछ कर्मचारियों को प्रभावित किया। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि छंटनी 'जल्दबाजी और गड़बड़' थी, जिसमें 'कोई समर्थन नहीं दिया जा रहा था' और, कुछ मामलों में, निकालने से पहले गलत टर्मिनेशन्स जारी की गई थी। पिछले साल नवंबर में, रैपिडएपीआई ने घोषणा की थी कि उसका नाम बदलकर रैपिड कर दिया गया है और चार मिलियन से अधिक डेवलपर्स ने इसके सार्वजनिक एपीआई हब का उपयोग किया है। रैपिड की स्थापना 2015 में तत्कालीन 17 वर्षीय इद्दो गीनो द्वारा की गई थी ताकि व्यवसायों को थर्ड पार्टी के एपीआई को खोजने और एकीकृत करने और उनके आंतरिक एपीआई उपयोग को प्रबंधित करने में मदद मिल सके। इस बीच, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉपिफाई ने अपने 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**

**इश्तिहार का प्रकाशन**

**सरकार**

**बनाम**

**01.सुशिल समद, पिता-निहीमिया समद, साकिन-घुटबहार राजाबसा, थाना-टी० टॉंगर, जिला-सिमडेगा।**

**जलडेगा थाना कांड सं0-16/22,**

दिनांक-06.06.2022, धारा-302/201/34 भा0द0वि0।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप के विरूद्ध **दिनांक-26.04.2023** को इश्तिहार माननीय न्यायालय सिमडेगा से जारी किया गया है।

अतः आप से इस प्रकाशन के जरिए आग्रह किया जाता है कि प्रकाशन की तिथि से तीस दिनों के भीतर उपस्थित होकर माननीय न्यायालय सिमडेगा में अपना पक्ष रखें। इसे ताकिद जानें।

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 296684Police(23-24)#D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा**

**समग्र शिक्षा अभियान**

**जिला स्तरीय कार्यालय,प्रखण्ड परिसर,चतरा-825401,दूरभाष: (06541) 253924**

**इमेल-chatrajepc@ymail.com**

**आम सूचना**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1928 दिनांक 24.04.2023 द्वारा राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों यथा- राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय चतरा, कस्तूरबा गॉंधी बालिका विद्यालय, चतरा एवं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सिमरिया मे सत्र 2023-24 में सी.बी.एस.ई. आधारित शिक्षण हेतु छात्र-छात्राओं के नामांकन हेतु आवश्यक दिशा-निदेश प्राप्त है। विद्यालयों में नामांकन से संबंधित सूचना निम्न प्रकार हैं :-

**Details of SoE Schools In District Chatra**

| Sr. No. | Block | Name of School | UDISE Code | Classes for New Enrollment | Classwise Seats Available |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CHATRA | KGBV CHATRA | 20030230907 | VI | 25 |
| 2 | CHATRA | RAJYA SAMPOSIT HIGH SCHOOL | 20030230706 | VI to VIII | 40 |
| 3 | SIMARIA | PROJECT GIRL UPGRADED + 2 SCHOOL SIMARIYA | 20030515502 | VI to VIII | 40 |

1. जिला स्तर पर आवेदन प्रकाशन की तिथि - 27.04.2023
2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 02.05.2023 से 15.05.2023
3. अस्थायी सूची जारी करने की तिथि- 19.05.2023
4. आपत्ति/त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 20.05.2023
5. विद्यालयवार एवं कक्षावार प्रथम मेधा सूची प्रकाशन की तिथि- 22.05.2023
6. मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि - 23.05.2023 से 08.06.2023

अतः जो भी माता-पिता/अभिभावक संबंधित विद्यालय में अपने बच्चे/पाल्य के नामांकन हेतु इच्छुक हैं। वे यथाशीघ्र संबंधित विद्यालय से सम्पर्क करते हुए नामांकन से संबंधित जानकारियॉं प्राप्त करते हुए अपने बच्चे/पाल्य का नामांकन ले सकते है। नामांकन से संबंधित सम्पूर्ण विवरणी www.chatra.nic.in एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, चतरा के सूचना-पट्ट पर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,झा.शि.प., चतरा

PR 296631 Jharkhand Education Project Council(23-24).D


# आस्ट्रेलियाई मॉडल सिएना वियर का निधन



**एजेंसी। मेलबर्न**

मिस यूनिवर्स 2022 की फाइनलिस्ट रही आस्ट्रेलियाई मॉडल सिएना वियर का आज निधन हो गया। उन्होंने 23 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में घुड़सवारी के दौरान उनका एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 अप्रैल को सिएना वियर सिडनी के विंडसर पोलो ग्राउंड्स में घुड़सवारी कर रही थीं। उस समय घोड़े से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उसके बाद उन्हें वेस्टमीड अस्पताल ले जाया गया। वहां उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। वह पिछले कुछ हफ्तों से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थीं और आज (6 मई को) उन्होंने दम तोड़ दिया। सिएना को घोड़ों की सवारी करना बहुत पसंद था। घुड़सवारी उनका जुनून था। सिएना मिस यूनिवर्स 2022 की फाइनलिस्ट थीं। उन्होंने सिडनी विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य और मनोविज्ञान में बीए किया है। अब मॉडल आगे की पढ़ाई के लिए यूके जाने की सोच रही थीं। मॉडलिंग के क्षेत्र में वह हमेशा एक्सपेरिमेंट करती दिखीं। सिएना के निधन के बाद से ही फैंस सोशल मीडिया के जरिए अपना शोक व्यक्त कर रहे हैं। सिएना एक बेहतरीन मॉडल के तौर पर जानी जाती थीं। उसने मॉडलिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# ब्रिटेन में चार्ल्स-कैमिला की हुई ताजपोशी

**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन के नए राजा किंग चार्ल्स थ्री और क्वीन कैमिला की ताजपोशी हो गई है। शनिवार यानी 6 मई को लंदन के वेस्टमिंस्टर ऐबे चर्च में 80 मिनट तक राजा-रानी की ताजपोशी से जुड़ी रस्में चलीं। इसके बाद आर्चबिशप ने किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला को ताज पहनाए। किंग चार्ल्स ने 1661 में बना सेंट एडवर्ड का ताज पहना, तो वहीं क्वीन ने जो ताज पहना उससे कोहिनूर हीरा नहीं जड़ा हुआ था। ब्रिटिश शाही परिवार में 70 साल बाद ताजपोशी हुई है। इससे पहले 1953 में किंग चार्ल्स की मां यानी महारानी एलिजाबेथ की ताजपोशी हुई थी। उस समय चार्ल्स की उम्र केवल 4 साल थी। अब किंग चार्ल्स 74 साल के हो चुके हैं। करीब 6 महीने पहले क्वीन एलिजाबेथ का निधन होने के बाद उनके बड़े बेटे चार्ल्स को राजा घोषित कर दिया गया था, लेकिन उनकी ताजपोशी अब हुई है। सबसे पहले चार्ल्स को बतौर किंग लोगों के सामने पेश किया गया। इस दौरान वे सिंहासन के सामने ऐबे की तरफ मुंह करके खड़े हुए। आर्चबिशप ने उनके राजा बनने की घोषणा की, इसके बाद चार्ल्स ने ईसाईयों की पवित्र किताब पर हाथ रखकर शपथ ली।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**जिला नियोजनालय, चतरा**

**Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 08.05.2023**

"Apprentices Act 1961" के तहत Regular and Contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5 - 15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रेन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रवधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के चतरा जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया में दिनांक 08.05.2023 को PM Apprenticeship Mela आयोजित किया गया है, जिसमें एक्ट के अतंर्गत आने वाले, राज्य के निबंधित MSME/ Manufacturing Sector/ Service Sector / एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान / उपक्रम यथा - होटल/रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल /कोचिंग सेन्टर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर /बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरण करा सकते है, एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा/इजीनियरिंग/Short term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5 वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा, एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एवं छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

अधिक जानकारी के लिए नोडल सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया के प्राचार्य/ संबधित जिला नियोजन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ताओं एवं अभ्यार्थियों को मेला स्थल पर झारखण्ड सरकार द्वारा COVID-19 के संबध में जारी अद्यतन SOP का पालन करना अनिवार्य है।

सहायक शिक्षुता सलाहकार -सह-
जिला नियोजन पदाधिकारी चतरा

PR 296616 Labour Employment and Traning (23-24)_D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**

**Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com**

**ई-निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या - 06/2023-24 दिनांक 29.04.2023

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा समाहरणालय परिसर स्थित दो दुकानो (पुराना) का मरम्मति कार्य | लोहरदगा | 769000.00 | 1250.00 | 15400.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | कुडू बस स्टैण्ड परिसर में दुकान निर्माण (दक्षिणी छोर) एवं बस स्टैण्ड परिसर से पानी निकासी हेतु अंडरग्राउण्ड नाली निर्माण | कुडू | 8950000.00 | 10000.00 | 179000.00 | 08 (आठ) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 09.05.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :- 18.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :- 19.05.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :- 22.05.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :- जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :- जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट - 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट-बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 296666 Lohardaga (23-24)_D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रॉंची**

**मध्य विद्यालय बी०एम०पी०-1 डोरण्डा परिसर, रॉंची-834002**

**Email - jepranchi@gmail.com**

**रांची जिले के सभी कोटि के निजी विद्यालयों हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा रांची जिले में संचालित सभी कोटि के निजी विद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/प्रधानाध्यापक को सूचति किया जाता है कि UDISE + 2022-23 अन्तर्गत Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से **evidyavahini.jharkhand.gov.in** Portal के माध्यम से दिनांक 31.03.2023 तक किया जाना था परन्तु अबतक यह कार्य पूर्ण नही हुआ है जो खेद का विषय है। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में इन आँकड़ों का गहनता पूर्वक समीक्षा की जाती है तथा भारत सरकार द्वारा UDISE + का संधारण किया जाता है। इन आँकड़ों का उपयोग शैक्षणिक योजना निर्माण में किया जाता है। समीक्षा के क्रम में विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि निजी विद्यालयों द्वारा Child Mandatory Field के आँकड़े को वांछित संख्या में अद्यतीकरण (Updation) या तो नही किए गए है अथवा आंशिक रूप से किए गए है। दिनांक 05.05.2023 को आहूत विडीयो कान्फ्रेंसिग में उक्त कार्य को तीन दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। इस क्रम में निम्नवत् निदेश दिये जाते है :-

1. वैसे निजी विद्यालय जो **CBSE/ICSE/JAC** बोर्ड से सम्बद्वता/मान्यता (Private Recognized Schools) से प्राप्त है वे तीन दिनों के अन्दर अपने विद्यालय का **UDISE** + 2022-23 **Child Mandatory Field** पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा पूर्ण नही होने की स्थिति में संबंधित बोर्ड को मान्यता रद्द करने हेतु संसूचित किया जाएगा।
2. इसी प्रकार सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय भी तीन दिनो के अन्दर इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
3. वैसे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय (Private Unrecognized School) तीन दिनों के अन्दर इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत विद्यालय बंद करने संबंधी कारवाई की जायेगी।
4. कुछ ऐसे भी निजी विद्यालय है जिनके द्वारा अबतक 2021-22 से 2022-23 तक प्रोग्रेशन भी नही किया गया है। इसके साथ ही कई विद्यालयों द्वारा नया नामांकन 2022-23 की भी **Entry** ई-विद्यावाहिनी में नही की गई है जिस कारण छात्र संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम प्राप्त हो रहा है जो अत्यन्त गंभीर मामला है।
5. किसी भी प्रकार की सहायता के लिए अपने के प्रखण्ड संसाधन केन्द्र (BRC) अथवा जिला परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, म०वि०, बी०एम०पी०-1 परिसर डोरण्डा, रांची से भी सम्पर्क किया जा सकता है। अतः निदेश दिया जाता है दिनांक 08.05.2023 तक इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची

PR 296668 (Human Resource Developement)23-24*D

## एक नजर इधर भी

# परदा है परदा, परदे के पीछे...!

**परदा** एक कपड़े का टुकड़ा भर नहीं होता। परदा किसी घर की इज्जत होता है। खिड़की और दरवाजे पर लटकी वह कपड़े की दीवार घर की इज्जत बचाती और बढ़ाती है। उसका काम क्या है आप उस बात पर मत जाइए ,आप तो बस उसका दाम देखिए। किसी एक घर में एक करोड़ रुपये के परदे लग हुए है ,तो हम जलनखोर उस पर हाय हाय कर रहे है । हम लोग ऐसे ही हैं, कोई चीज हमारे जेब की क्षमता से बाहर हुई और हम महंगे होने का टैग चस्पा कर देते हैं। और उसके अपने पास न होने के फायदे बताते हैं। जैसे बाजार में टमाटर महंगे होते ही उसे पथरी का कारण बताने का तर्क देते है। दिल्ली के एक घर में महंगे ₹परदे जी₹ लगाए गए ,भाई साहब, अगर वह कीमती हैं,तो परदे को जी लगाकर इज्जत तो देना ही पड़ेगी। मीडिया में हल्ला है कि बहुत महंगा परदा लगा है, तुम जलनखोर, दिन भर कैमरा कंधे पर धरे ये ही ढूंढते रहो,किसे के घर में क्या लगा है। तो क्या हुआ, लग गए परदे , किसी की जेब से तो नही गए, किसी से चंदा तो नही मांगा । सरकार के पैसे थे, घर भी सरकार का, उसमे रहने वाले खुद सरकार। एक आम आदमी थोड़ी सी लग्जरी चीज का उपयोग करने लगे तो, तुम्हे परेशानी क्यों होने लगती है। वह आम आदमी है, वह खुद सरकार है, जब देश तरक्की के रास्ते पर है तो एक आम आदमी भी इस में पीछे क्यों रहे ? आम आदमी की तरक्की हुई है, वह दो कमरे के फ्लैट में रहने वाला आम आदमी , वैगन आर जैसी छोटी कार में चलने वाला आम आदमी, ये महसूस करने का काम कर रहा है कि अगर इस देश का छोटे रिक्शे वाला आदमी जब किसी समय बड़ा आदमी बन जाएगा तब वह एक करोड़ रुपये खर्च करके अपने घर में परदे लगा सके, उसका आनंद कैसा होगा? हमारी आदत रोने-धोने की हो गई है। कभी हम कॉमनवेल्थ गेम के समय खरीदे गए कुर्सी को घोटाला बताने लगते है, जबकि वह भी देश का मान सम्मान बढ़ाने का ही काम था। हम छाती पीटने वाले ऐसी हरकतें करते हैं। जब विदेशी मेहमान भारत आ रहे थे, उनके लिए प्लास्टिक की कुर्सी नई चीज थी वह कुर्सी 10 हजार में खरीद कर ये कह सके कि आप बड़ी महंगी कुर्सी पर बैठे हो, आप ये न सोचें कि ये कुर्सी बाजार में 400 रुपये की है। हम आपके लिए इसको जानबूझकर इतना महंगा खरीदा है ताकि आप महंगी कुर्सी पर बैठने का आनंद ले सको। इसी तरह से ये परदे दिल्ली की इज्जत हैं। दिल्ली में ऐसे कई उद्योगपति हैं, जिनके घर में इससे भी महंगे परदे लगे हैं। वह जब दिल्ली के मालिक से मिलने आए और सस्ते परदे देख कर नाक मुंह सिकोड़े, तब दिल्ली वालों की क्या इज्जत रह जायेगी ? आम वोटर क्या सोचेगा ,जिसको हमने वोट दिया है वह एक उद्योगपति से कम कीमत के परदे लगाए हुए है, वोटर की इज्जत गिर कर पाकिस्तानी रुपया रह जायेगी। हमने उस आम रिक्शा वाले, उस ठेले वाले की इज्जत के बारे में सोचा है, उसकी इज्जत बढ़े वह ये सोचे कि मेरी गरीबी रेखा को अमीरी रेखा में बदलने की कोशिश कर रहे उस आदमी के घर में सस्ते परदे लगे हैं। आम आदमी का जीवन ऐसी करोड़ों रुपये से भी बड़ा है,ऐसा विचार आने के लिए उस घर में कम से कम एक करोड़ रुपये के परदे जरूर लगाए जाने चाहिए। हम वही लोग हैं,जो खुद तरक्की करते नहीं हैं,और तरक्की करने वालों से जलने लगते हैं। आम आदमी के उस घर की छत गिर रही थी, गिरती हुई छत को थामने के लिए इससे सस्ता कुछ नहीं हो सकता था। सरकार के पास बड़े इंजीनियर हैं वह भी खुद इंजीनियर रहे हैं, वह जानते हैं कि छत को गिरा कर नई छत बनाने, दीवार पर पलस्तर करके ये काम नही हो सकता, वाकई में सरकार का पैसा बचाना है तो छत को नई बनाने से बेहतर है महंगे परदे लगा दो इससे छत से रिसता हुआ पानी रुक जायेगा। हम परदे को देख-देख कर, फालतू का स्यापा मचाए हुए हैं, करोड़ों के परदे से कुछ छुपाया जा रहा है। मीडियावालो, छिपाने को तो चार सौ ,पांच सौ के परदे ही बहुत थे।अगर हमारे मन में कोई बेईमानी होती तो, हम सस्ते परदे लगा कर ,उसका पैसा खुद बचा जाते। लेकिन नहीं , हम कट्टर ईमानदार लोग है, इसलिए हमने कुछ भी नहीं बचाया और महंगे परदे लगा लिए। आप क्या चाहते हो? एक कट्टर ईमानदार मुख्यमंत्री अपनी पत्नी की पुरानी साड़ी से घर के परदे बनाए।

■ **प्रदीप्त औदिच्य**

# शिव राज में राम काज, श्रीराम पथ गमन- सब कर रहे नमन

**इसे** राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रबल प्रवाह की कहा जाएगा कि पहले मध्य प्रदेश में रामपथ गमन के लिए सत्ता में आते ही प्रभावी कार्य योजना पर कार्य आरंभ किया गया, फिर स्थानों का चयन कर उनके विकास की चरणबद्ध अनेक योजनाएं संचालित होना शुरू हुई और अब पूर्ण सफलता के लिए अंतिम कार्य श्री रामचन्द्र पथ-गमन वाले अंचलों के विकास के लिये 'श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास' के गठन की स्वीकृति देकर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने इसे पूर्णता प्रदान कर देने का कार्य कर दिया है । प्रदेश मंत्रिमण्डल में इस कार्य को स्वीकृति देने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज का ट्वीट भी आया । "राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं। वनवास के समय प्रभु श्री राम जिन मार्गों से होकर गुजरे, वहां हम राम वन गमन पथ बना रहे हैं। आज कैबिनेट ने 'श्री रामचंद्र पथ-गमन न्यास' के गठन का निर्णय लिया है, जो वहां होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख करेगा। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।" आज देखा जाए तो कुछ लोग इस निर्णय को कांग्रेस की प्रतिक्रिया के रूप में भी देख रहे हैं। दरअसल, कुछ लोगों को ऐसा इसलिए लग सकता है क्योंकि जिस मुद्दे को लेकर कमलनाथ और कांग्रेस के ट्वीटर हैंडल से रामवन गमन पथ नहीं बनाए जाने को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरे जाने का प्रयास जिस दिन किया गया उसी दिन शिवराज मंत्रिमण्डल ने ₹श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास₹ के गठन की स्वीकृति दे दी। लेकिन तथ्यों को देखें तो यह कोई कांग्रेस की प्रतिक्रिया नहीं है, जिसमें कांग्रेस की ओर से 04 मई 2023 को लिखा गया था - कमलनाथ सरकार- राम वन गमन पथ को मंजूरी, 22 करोड़ का बजट आवंटित, परियोजना पर कार्य प्रारंभ, राम भक्तों का सम्मान। दूसरी ओर शिवराज सरकार- राम वन गमन पथ पर रोक, बजट का अता पता नहीं, परियोजना पर बीजेपी भारी, प्रभु राम का अपमान। यदि श्रीराम पथ गमन के इतिहास में जाएं तो प्रदेश में वर्ष 2003 में भाजपा की उमा सरकार आते ही इस पर काम शुरू हो गया था। उसके बाद बाबूलाल गौर फिर शिवराज ने इस पर गहन काम किया। मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने 28 फरवरी 2022 को ही मीडिया बुलाकर इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि ''श्री रामचन्द्र गमन पथ" को लेकर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किस तरह से काम कर रही है, उन्होंने तभी कह दिया था कि यह जल्द बनकर तैयार होगा। तत्कालीन समय में एक वर्ष पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने पत्रकारों के बीच यह दावा भी किया था कि जल्द ही राम वन गमन पथ न्यास बनाकर, राम वन गमन पथ योजना को पूरा किया जाएगा। उषा ठाकुर ने इसके साथ ही यह भी बता दिया था कि सरकार क्या चाहती है और क्या करने जा रही है । उन्होंन साफ कर दिया था कि 'राम वन गमन पथ हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है। आचार्य शंकर न्यास जो हमने ओंकारेश्वर में बनाया है, उसकी तर्ज पर ही राम वन पथ गमन न्यास बनाया जाएगा। इस योजना पर तेजी से काम शुरू हो सके, इसके लिए हमने इसे धर्मस्व विभाग से निकालकर, संस्कृति विभाग में शामिल किया है'। अब मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल जाने के बाद जो एक वर्ष पहले संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर की तरफ से कहा गया था, उस पर पूरी तरह से मुहर लग गई है। शिवराज सरकार की मंशा इसे लेकर कितनी गंभीर थी, यदि इसकी ओर पड़ताल करें तो फिर हमें बहुत पीछे जाना होगा, लेकिन जब 2021 को देखते हैं तो जुलाई माह में सीएम शिवराज का वह निर्णय सामने आ जाता है जिसमें मध्य प्रदेश में रामपथ वन गमन के विकास को लेकर राज्य सरकार तेजी से कार्य करती दिखती है। योजना के पहले चरण में चित्रकूट से शुरू हो रहे रामपथ वन गमन मार्ग के निर्माण की फिजीबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर बनाने के लिए आध्यात्म विभाग एक करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति देता है। कलेक्टर को कहा जाता है कि वे स्वयं से हर 15 दिन मे संबंधित विभागों की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा करेंगे और सीधे सीएम सचिवालय को अपडेट करेंगे। मध्य प्रदेश की पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री ऊषा ठाकुर इस कार्य के लिए बार-बार चित्रकूट के दौरे पर पहुंचती हैं, उनका पूरा का पूरा फोकस सिर्फ रामपथ वन गमन पर दिखाई देता है। वे इस पथ के निर्माण की पूरी रूपरेखा तैयार कर वाती हैं। रामपथ वन गमन मार्ग को तीन चरणों मे पूरा किया करने का जब खाका बनता है, तो उसमें तय किया जाता है कि पहले चरण में कामदगिरि परिक्रमा, दूसरे चरण में चित्रकूट की 84 कोशी परिक्रमा स्थल और तीसरे चरण में रामपथ वन गमन के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को सरकार द्वारा विकसित किया जाएगा। फिर सरकार की ओर से निर्देश जारी कर दिए जाते हैं कि रामपथ वन गमन मार्ग प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार करते समय स्थानीय लोगों, साधु-संतों, जन-प्रतिनिधियों से राय लेकर आगे जमीनी योजना तैयार हो। इतना ही नहीं तो मंत्री ऊषा ठाकुर उत्तर प्रदेश की काशी एवं अन्य घाटों में होने वाली गंगा शयन आरती की तर्ज पर मंदाकिनी घाट पर भी शयन आरती की व्यवस्था करने के निर्देश देती हैं। तथ्यों पर गौर करें तो 2022 में मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ (कॉरिडोर) का काम शुरू करने के लिए पहले चरण में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर जोर देते हुए शिवराज सरकार 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमति देती है, जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार अपने लिए देना तय करती हैं। काम की समय सीमा तय होती है। इससे पहले कमलनाथ सरकार ने वर्ष 2019 में कार्ययोजना तैयार करते हुए जरूर 22 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन पथ के निर्माण को लेकर अध्यात्म विभाग के अधिकारियों की अरुचि के चलते यह काम कभी जमीन पर नहीं उतर सका। लेकिन अब जो होने जा रहा है, उससे लगता है कि ₹श्री रामचन्द्र पथ गमन" एक राम भक्त के लिए दूर की कौड़ी नहीं रह गया है, यह सपना अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की तरह ही जमीन पर हकीकत में पूरा होने जा रहा है, बात सिर्फ कुछ दिनों की ही शेष बची है। अब प्रदेश में श्री राम वनवास के समय जिन रास्तों से निकले उसके विकास में तेजी आएगी। रामपथ गमन में चित्रकूट, पन्ना, बधवारा (कटनी), रामघाट (जबलपुर), राम मंदिर तालाब, रामनगर मंडला, शहडोल, डिंडौरी और अमरकंटक शामिल हैं। विस्तार से स्थलों को देखें तो इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल हैं।

**"राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं। वनवास के समय प्रभु श्री राम जिन मार्गों से होकर गुजरे, वहां हम राम वन गमन पथ बना रहे हैं। आज कैबिनेट ने 'श्री रामचंद्र पथ-गमन न्यास' के गठन का निर्णय लिया है, जो वहां होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख करेगा। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।"**

इन दिनों



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# अजीत... यानी सारा शहर मुझे लॉयन के...

हिंदी सिनेमा में नायकों के साथ खलनायकों का भी वर्चस्व हमेशा रहा है। कई बार इनकी छवि और इनका मेहनताना नायकों के समकक्ष या उससे भी ज्यादा रहा है। के.एन. सिंह, प्राण, अजीत, प्रेम चोपड़ा, रंजीत, अमजद खान, अमरीश पुरी और गुलशन ग्रोवर तक एक लंबी लिस्ट है। सभी खलनायकों की अपनी-अपनी विशेषताएं थी और अपनी अलग पहचान भी। खलनायक अजीत ने अपने ठहरे हुए बुलंद संवादों, राजसी ठाठबाट, शानदार वेशभूषा और सिगार के सहारे अपनी अलग पहचान बनाई। फिल्म सूरज से शुरू हुआ उनका यह दूसरा सफर फिल्म जुगनू, यादों की बरात, जंजीर, चरस से होते हुए कालीचरण में एक संपूर्णता और सर्वोच्चता प्राप्त करता है। उनकी अपने संवादों से बनी विशेष पहचान आज तक 'अजीत जोक्स' के नाम से ज़िंदा है। हैदराबाद के रहने वाले अजीत का मूल नाम हामिद अली खान था। फिल्मों में नायक बनने आए अजीत 20 साल तक फिल्मों में नायक, सहनायक और अन्य भूमिकाएं करते रहे। काम कम होने पर उन्होंने राजेंद्र कुमार के कहने पर फिल्म सूरज में खलनायक का रोल किया और इस तरह प्राण की तरह ही उनकी दूसरी बेहतर और लंबी पारी की धमाकेदार शुरूआत हुई। उनका पूरा जीवन बहुत सीधा और कठोर अनुशासन के चलते काबिले तारीफ था। अंत में वे स्वयं अपने वतन हैदराबाद चले गए थे और अंत समय तक वहीं रहे। उनके बारे में कई अनकही और रोचक जानकारियां हाल ही में उन पर आई एक पुस्तक 'अजीत का सफर सारा शहर मुझे...' से प्राप्त होती हैं जिसे वरिष्ठ पत्रकार इकबाल रिजव ने लिखा है और इसे वाणी प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। अजीत का जन्म 27 जनवरी 1922 को हुआ था। उनके पूर्वज अफगानिस्तान के कंधार से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आकर बस गए थे। अजीत के दादाजी यहीं से हैदराबाद निजाम की सेवा में गए इसलिए उनका जन्म और शिक्षा दीक्षा हैदराबाद में ही हुई। पढ़ाई लिखाई में तो वे औसत थे किंतु फुटबॉल वह बहुत अच्छा खेलते थे। पढ़ाई के दौरान ही स्कूल के नाटकों में भाग लेने लगे थे। सिनेमा में भी उनकी दिलचस्पी अपने मामू के कारण बनी क्योंकि कई सिनेमाघरों में उनकी कैंटीन थी। इस कारण वे बहुत सी फिल्में मुफ़्त में देख पाते थे। अपने एक टीचर की सलाह पर उन्होंने अपने करियर के लिए सेना या सिनेमा में से सिनेमा को चुना और बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंच गए। चार साल तक बंबई में उन्होंने खूब स्ट्रगल किया। एक्स्ट्रा से लेकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने तक और वॉइसओवर यानी कमेंट्री तक। इसी बीच उन्हें प्रख्यात अभिनेता मजहर खान ने अपनी फिल्म बड़ी बात (1944) में टीचर का एक छोटा सा रोल दिया। शाहे मिस्र (1946) में गीता बोस के साथ नायक का रोल मिला जिसके निर्देशक थे गोविंद राम सेठी। उसके बाद उनकी जन्मपत्री, हातिमताई, जीवन साथी और आपबीती जैसी फि ल्में आई और सफर चल पड़ा। चार साल तक वह फिल्मों में हामिद अली खान थे, लेकिन फिल्म बेकसूर के डायरेक्टर के. अमरनाथ ने उन्हें एक छोटा नाम अजीत रखने की सलाह दी जिसे उन्होंने मान लिया गया और इस तरह हामिद अली खान, अजीत हो गए। अपने समय में उन्होंने नर्गिस और नूतन को छोड़कर सभी प्रमुख अभिनेत्रियों के साथ रोल किए। अपने कैरियर के इस पहले पड़ाव में उन्होंने नायक के तौर पर अस्सी फिल्में की। नायक के रूप में उनकी अंतिम फिल्म थी- पैनिक इन बगदाद (1966)। अब तक उन्हें फिल्मों में हीरो के रोल मिलना कम हो गए थे। राजेंद्र कुमार की सलाह पर उन्होंने सूरज फिल्म में खलनायक बनने के लिए हामी भर दी और फिर तो चमत्कार हो गया... अपनी दूसरी पारी में उन्होंने खलनायक के रूप में बेहद लोकप्रियता हासिल की। जंजीर का सेठ धर्मदयाल तेजा, यादों की बारात का शाकाल और कालीचरण का लॉयन। 'सारा शहर मुझे लॉयन के नाम से जानता है' यह संवाद तो लोगों की जुबान पर ऐसा चढ़ा कि आज तक नहीं उतरा। उनकी 'मोना डार्लिंग' को भी कौन भूल सकता है। कहानी किस्मत की, जीवन मृत्यु और वारंट फिल्मों के नेगेटिव रोल ने उन्हें लार्जर देन लाइफ बना दिया। अजीत को शायरी का शौक था। जंगल में जाकर शिकार भी करते थे। उनकी पहली शादी एक फ्रांसीसी कन्या ग्वेन डी मोंट से हुई थी जो पांच साल तक चली। अजीत की अंतिम दो फिल्में थीं- महेश भट्ट की क्रिमिनल और देवानंद की गैंगस्टर जो 1995 में प्रदर्शित हुई। 21 अक्टूबर 1998 को वे हमारे बीच नहीं रहे।

**चलते चलते :** किताबें बेचकर और मां से कुछ पैसे लेकर 26 जून 1943 को मुंबई (तब बंबई) पहुंचे हामिद अली खान ने विक्टोरिया टर्मिनल के पास ही क्राफर्ड मार्केट में स्थित हैदराबाद गेस्ट हाउस में पांच रुपए महीने पर कमरा लिया, लेकिन यहां एक मुश्किल थी। उनके कमरे के पास ही कुछ गुंडे रात को जुआ खेला करते थे और इस दौरान होने वाली बहस, लड़ाई के चक्कर में उनकी नींद टूट जाती थी। एक रात अचानक शोर सुनकर अजीत की नींद खुली तो पता चला कि पुलिस ने जुआरियों को पकड़ने के लिए छापा मारा है और इस अफरातफरी में जान बचाने के लिए कुछ जुआरी उनके कमरे में भी घुस आए। उस दिन शनिवार था और अगले दिन रविवार, इसलिए सोमवार तक तो उन्हें जेल में रहना ही होगा, यह सोचकर हामिद की आंखों में आंसू आ गए। ड्यूटी इंस्पेक्टर ने रोने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि वह बड़े घर के आदमी हैं और यहां फिल्मों में काम के लिए आए हैं। इंस्पेक्टर को हामिद की बातों में सच्चाई नजर आई और उन्होंने उनको अपराधियों की शिनाख्त करवाकर छोड़ दिया। मजेदार बात यह हुई कि अगले दिन बाजार में उन जुआरियों ने उन्हें घेर लिया फिर तो उन्होंने उसी थाने में पहुंचकर अपनी जान बचाई।

■ **अजय कुमार शर्मा**

## है न विचित्र बात !

# समलैंगिक विवाह, परिवार व्यवस्था और कुछ तथ्य

**मुख्य** न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर इन दिनों सुनवाई कर रही है। न्यायपालिका के अपने तर्क हैं और समलैंगिक विवाह की दुहाई देने वाले अपने अधिकारों की बात कर रहे हैं किंतु जिनके आधार पर भारतीय संविधान का ताना-बाना बुना गया, उस सामाजिक सरोकार और भारतीय परिवार व्यवस्था के अपने मापदंड हैं। भारतीय संदर्भों में समलैंगिक विवाह के विचार के विरोध में कम से कम एक हजार से अधिक ऐसे तर्क दिए जा सकते हैं जो वर्तमान भारतीय सामाजिक व्यवस्था के समर्थन में हैं और समलैंगिक विवाह की बातचीत करने या न्यायालय के समक्ष इसकी मांग कर रहे लोगों के विरोध में जाते हैं। विचार करें, विवाह क्यों किया जाता है? विवाह निजी मसला है या सामाजिक? विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों के यौन संबंधों की स्वीकार्यता भर है या दो परिवारों का जुड़ना और उसके माध्यम से समाज, संस्कृति और सभ्यता को पोषित, पल्लवित और पुष्पित करना भी है?
एक विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जाएंगे? आखिर इनसे किसका भला होने वाला है? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आएंगे? जहां नैतिकता के कोई मापदंड नहीं होंगे, कोई मयार्दा नहीं होगी।
केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की चिंताएं जायज हैं और यह सिर्फ उनकी चिंता भर नहीं, बल्कि भारत समेत दुनिया भर में परिवार व्यवस्था पर विश्वास करने वाले करोड़ों करोड़ लोगों की चिंता भी है।
आज हम संविधान के दायरे में मौलिक अधिकारों की परिभाषा करते हैं, वैसे कल व्यक्ति के निजी अधिकारों की बात कर इस प्रकार के विषय भी उठाए जाएंगे। फिर सोचिए कि क्या हमारी समाज व्यवस्था होगी? वस्तुतः भारतीय समाज और उसकी मान्यताएं समलैंगिक विवाह को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सही कह रहे हैं कि समलैंगिक शादी का मसला इतना सरल नहीं है, सिर्फ स्पेशल मैरिज एक्ट में हल्का बदलाव करने से बात नहीं बनेगी। समलैंगिक शादी को मान्यता देना बहुत सारी कानूनी जटिलताओं को जन्म दे देगा। परिवार और पारिवारिक मुद्दों से जुड़े ऐसे कानून जिनमें पति के रूप में पुरुष और पत्नी के रूप में स्त्री को जगह दी गई है, इस प्रकार के इससे 160 दूसरे कानून भी प्रभावित होंगे। यह परिवार व्यवस्था का ही पुरुषार्थ है कि आज 'वर्ल्ड ऑफ स्टैटिक्स' की रिपोर्ट भी दुनिया को यह बता रही है कि कैसे भारतीय परिवार व्यवस्था विश्व की सबसे श्रेष्ठतम सामाजिक व्यवस्था है जिसमें न सिर्फ सभी का स्थान सुरक्षित है बल्कि इसने ममता, दुलार भी समान रूप से सभी को प्राप्त है। यह रिपोर्ट यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि भारत में दुनिया के देशों के बीच सबसे कम तलाक या संबंध विच्छेद होते हैं जबकि आज के समय में हम सभी जानते हैं कि भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में तलाक प्रतिशत एक फीसदी है, जबकि वियतनाम में सात, तजाकिस्तान में 10, ईरान में 14, मैक्सिको, मिस्र और साउथ अफ्रीका में 17-17, ब्राजील में 21 और तुर्किये में 25 प्रतिशत लोग तलाक लेते हैं।

■ **डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# योगी आदित्यनाथ की अयोध्या यात्रा के निहितार्थ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निगम चुनाव की दृष्टि से अनेक क्षेत्रों में जनसभा कर रहे हैं। वह स्थानीय मुद्दों के साथ ही प्रदेश मे विकास और कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हैं। इस क्रम में उनकी अयोध्या यात्रा का व्यापक महत्व है। छह वर्ष पहले तक अयोध्या उदास और उपेक्षित थी। विदेशी आक्रांताओं ने यहां विध्वंस किया। आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी, मथुरा और अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इस धारणा को बदल दिया। केवल अस्था ही नहीं तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थ नगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा। सैकड़ों वर्षों की श्री रामलीला परम्परा मे नया अध्याय जुड़ा। श्री राम, जानकी, हनुमान जी, और लक्ष्मण का अभिनय करने वाले प्रतीकात्मक पुष्पक विमान से आते हैं। प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनका अभिनन्दन करते है। आरती उतारते हैं।

**अवधपुरी प्रभु आवत जानी। भई सकल सोभा कै खानी॥**
**बहइ सुहावन त्रिबिध समीरा। भइ सरजू अति निर्मल नीरा॥**

फिर जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का समय भी आ गया। दूसरी तरफ श्री राममंदिर निर्माण को रुकवाने के लिए जमीन आसमान करने वाले लोग भी थे। अब मन्दिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मेडिकल कालेज, इंटरनेशनल एयर पोर्ट बन रहा है। अयोध्या की उदासी दूर हुई। उत्साह, उमंग का वातावरण बना। इसकी अभिव्यक्ति दीप जला कर की गई। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गया। तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गया। दूसरा सन्देश असत्य पर सत्य की जीत का था। कार्तिक मास की गहन अंधकार वाली अमावस्या की रात्रि अयोध्या दीयों की रोशनी से नहा गई थी। दीपावली दीपों का पर्व भारतीय पहचान और अस्मिता से जुड़ गया।

अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। अयोध्या के मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में क्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन सर्किट का विकास, ब्रांडिंग अयोध्या, चौरासी कोसी परिक्रमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं।

**आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी, मथुरा और अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इस धारणा को बदल दिया। केवल अस्था ही नहीं तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थ नगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया।**

इसके साथ ही अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है।अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है। कनेक्टिविटी में सुधार के प्रयास जारी है। इनमें एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के विस्तार, बस स्टेशन, सड़कों और राजमार्गों व ढांचा परियोजनाओं का निर्माण शामिल है।
ग्रीनफील्ड टाउनशिप भी प्रस्तावित है। इसमें तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा, आश्रमों के लिए जगह, मठ, होटल, विभिन्न राज्यों के भवन आदि शामिल हैं। अयोध्या में पर्यटक सुविधा केंद्र व विश्वस्तरीय संग्रहालय बेजोड़ होगा। सरयू के घाटों का विकास हो रहा है। ग्रीनफील्ड सिटी योजना, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, सरयू तट पट विकास, पैंसठ किमी लंबी रिंग रोड, पर्यटन केंद्र, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग विकास आदि से अयोध्या की तस्वीर बदल जाएगी।
योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अयोध्या के आसपास संचालित लगभग दो हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं कार्य चल रहा है। पहले जो लोग अयोध्या का नाम लेने व आने में कतराते थे। आज उनमें अयोध्या आने की होड़ है। हर व्यक्ति देखना चाहता है कि आखिर अयोध्या में क्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने राम जन्मभूमि मुक्ति के इस अभियान को जो स्वरूप दिया है उसका परिणाम है कि इस वर्ष के अंत तक राम मंदिर के भव्य मंदिर निर्माण का काम पूरा होगा। तब अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी में से एक होगी। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को नगर निगम के रूप में मान्यता प्रदान की थी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने वाली है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी है तो सोलर एनर्जी का प्रयोग होगा। समाजवादी पार्टी सरकार ने पहला फैसला रामजन्म भूमि पर हमला करने वालों से मुकदमा वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। किन्तु उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी की इस मंशा को पूरा नहीं होने दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या की सड़कें चौड़ी हो रही हैं। अभी तो कष्ट हो रहा होगा पर इस वर्ष के अंत तक जब काम हो जाएगा, ये सड़कें देश मे सर्वश्रेष्ठ होंगी।

■ **डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाविद्यालय की डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटकते नवयुवक



नौकरी ना मिले पर पुन रोजगार की तलाश में भटकता रहता है युवक अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी खोजता रहता है।घर के लोग उसे निकम्मा समझते हैं।समाज के लोग आवारा कहते हैं। निराशा की नींद सोता है।व आंसुओं के खारे पानी को पीकर समाज को अपनी मौन व्यथा का सुनाता है। महाविद्यालय की डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटकते हुए नवयुवक के चेहरे पर निराशा और चिंता का भाव होना आजकल देखना सामान्य सी बात हो गई है।कभी-कभी रोजगार की तलाश में भटकता हुआ युवक अपनी डिग्रियां फाड़ने अथवा जलाने के लिए विवश दिखाई देता है।वह रात को देर तक बैठकर अखबारों के विज्ञापनों को पड़ता है। आवेदन पत्र लिखता है साक्षात्कार लेता है। जब कोई योग्यता काम करने के लिए इच्छुक व्यक्ति प्रचलित मजदूरी की दरों पर कार्य करने के लिए तैयार हो और उसे काम ना मिलता हो। जो व्यक्ति काम करने के इच्छुक नहीं है और परजीवी भी है बेरोजगारी की श्रेणी में नहीं आते हैं।भारत की आर्थिक समस्याओं के अंतर्गत बेरोजगारी एक प्रमुख समस्या है। इससे एक और निर्धनता भुखमरी तथा मानसिक अशांति फैलती है।तो दूसरी ओर युवाओं में आक्रोश तथा अनुशासनहीनता बढ़ती है। चोरी, डकैती,हिंसा,अपराध एवं आत्महत्या अधिक



समस्याओं के मूल में एक बड़ी सीमा तक बेरोजगारी ही विद्यमान है। बेरोजगारी एक ऐसा भयंकर विष हैं। जो संपूर्ण देश के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन को दूषित कर देता है तो उसके कारणों को खोजकर उसका निराकरण अत्यधिक आवश्यक है।

पहले ये समस्या कम थी बोले तो गांव में ज्यादा थी। लेकिन, अब शहरों तथा नगरों में भी बढ़ गई है। वैसे बेरोजगारी शब्द वहां उपयोग करेंगे जहां समाज तथा बाजार में चल रहे मजदूरी दर में काम करने के लिए तैयार होते हुए।भी मजदूर को रोजगार ना मिलना, हमारे पलामू व पुरे भारत देश के बेरोजगार के कई प्रकार है। जैसे शिक्षित बेरोजगारी, अल्प बेरोजगारी, अदृश्य बेरोजगारी, चक्रीय बेरोजगारी इत्यादि। गांव में ज्यादा अदृश्य बेरोजगारी तथा मौसमी बेरोजगारी देखने को मिलती है। जैसे खेती के दिनों में मजदूरों की आवश्यकता बढ़ जाती है। वहीं शहरों में शिक्षित बेरोजगारी तथा अक्षमता बेरोजगारी देखने को मिलती है। वैसे गांव के कुछ जगहों में कुछ पूंजीपतियों लोगों के कारण यह समस्या कुछ हद तक कम हुई है। क्योंकि वे चिमनी भट्ठा, क्रेशर इत्यादि लगवा रखे हैं। जिनमें काफी मात्रा में बेरोजगारों को रोजगार मिला है। उन्हें अपने घर तथा परिवार से दूर भी नहीं जाना पड़ता। वैसे बेरोजगारी के कई कारण है लेकिन भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या पहले नंबर पर है। दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, रोजगार के नए अवसरों मे वृद्धि का ना होना, कृषि क्षेत्र या कहे तो प्राथमिक क्षेत्र पर फोकस ना करना, तृतीय क्षेत्र की धीमी गति इत्यादि है। वस्तुत यह एक ऐसी बुराई है।जिसके कारण केवल उत्पादक मानव शक्ति नष्ट नहीं होती वरन देश का भावी आर्थिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जो श्रमिक अपने कार्य द्वारा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय सहयोग दे सकते हैं। वह कार्य के अभाव में बेरोजगार रह जाते हैं।यह स्थिति हमारे विकास में बाधक है। बेरोजगारी एक अभिशापबेरोजगारी किसी भी देश या समाज के लिए अभिशाप है।

❖ मुकेश सिंह

## बेरोजगार लंबी कतारों में खड़े हैं



आज हमारे पलामू में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। पलामू में पढ़े लिखे युवा दर-दर भटक रहे हैं भिक्षा की भांति नौकरी मांग रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहकर अपनी जीवन को सुखमय तरीके से जीवन यापन करने का अथक प्रयास करते रहता है। प्रकृति ने इस ब्रह्मांड में अनेकों ग्रहों एवं उपग्रहों का निर्माण है। परंतु पृथ्वी ही एक मात्र ऐसा ग्रह बनाया जिस पर हवा और पानी है। जो जीव उत्पत्ति का कारण बना और उन करोड़ों जीवो में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा विवेकशील प्राणी है। जो हमेशा सुखमय एवं भोग विलासिता पूर्ण जीवन जीने के लिए तत्पर रहता है। बड़े-बड़े पूंजी पतियों को भी युवाओं का रक्त चूसने की आदत पड़ गई है। वह नौकरी देते हैं तो इतने कम पैसे पर कि महीने भर का वेतन से भी उनका गुजारा मुश्किल से हो पाता है। साथ में यह डर भी रहता है कि नौकरी कब चली जाएगी पता नहीं शिक्षित बेरोजगार वह व्यक्ति है जिसने किसी विशेष कार्य को करने हेतु आवश्यक योग्यता अर्जित कर रखी है। वह उस कार्य को करने में भी सक्षम है किंतु उसे कार्य करने का अवसर नहीं मिल पा रहा है वे अपनी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो रहा है। यह बेरोजगार युवक भयंकर निराशा के शिकार हो रहे हैं। वह हर दिन रोजगार पाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं शिक्षित होने के बावजूद बहुत लोगों को उचित नौकरी नहीं मिल पाता है। शिक्षित बेरोजगारी किसी भी देश की प्रगति में बहुत बड़ा अड़चन है। दोषपूर्ण शिक्षा पद्धति भी शिक्षित बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है भारत की शिक्षा प्रणाली छात्रों को सीधे व्यवसाय से नहीं जोड़ पाती है। बल्कि उन्हें सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान देती है। इसी कारण छात्र शिक्षित तो हो जाते हैं लेकिन व्यवसाय से नहीं जुड़ पाते हैं। वह पढ़ाई करने में अपना ज्यादा समय व्यतीत कर देते हैं। किंतु इससे उन्हें जब रोजगार नहीं मिल पाता तब वह अत्यंत निराश हो जाते हैं।

❖ सतिश कुमार पांडेय

## बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या



हमारा पलामू युवाओं का जिला कहा जाता है। जो विश्व की सर्वाधिक दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या रखने वाला देश है, जो प्रथम कगार पर बहुत जल्द ही पांव रखने वाला है। पर इस बढ़ती हुई जनसंख्या के होड़ में मनुष्य अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। जिनमें से आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याएं जकड़ी हुई है। इन तीनों समस्याओं का मुख्य आधार बेरोजगारी है। हमारे इस समाज में बहुत कम प्रतिशत लोग भोग विलासिता में लीन है। जिनके पास जो सकती है उसका सदुपयोग या दुरुपयोग दोनों तरीकों से आजमा कर अपनी लालच को पूर्ण करने में लगा है। मन में स्वार्थ की भावना पाले हुए मनुष्य मनुष्यता को मारते हुए एक भ्रष्ट समाज की ओर अग्रसर होते जा रहा है। दूसरी ओर हमारे देश की अधिकतर जनसंख्या रोजमर्रा की जीवन जीने के लिए जूझ रहा है। आज की यह 21वीं सदी या नहीं आधुनिक युग दिखावे का युग है। इस दिखावे भरे युग में ऐच्छिक बेरोजगारी की समस्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐच्छिक बेरोजगारी से तात्पर्य है लोगों की इच्छा एवं स्टेटस के अनुसार काम ना मिलना। मनुष्य इस दिखावे भरे युग में चाह कर भी हर काम नहीं करता है। उसके मन में अपनी सामाजिक स्टेटस को दिखाने की होड़ मची है। लोग क्या कहेंगे यह वाक्य लगभग प्रत्येक मनुष्य के जहन में भर कर बैठ गया है। बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। परंतु यह अपने आप में बहुत बड़ी समस्या नहीं है बल्कि हम मनुष्यों ने इसे एक बड़ी विकराल रूप दिया है। इस समस्.ाा की एक-एक कड़ी हमारे समाज ने उत्पन्न की है। समाज की गंदी राजनीति ने आत्म स्वार्थ के लिए मनुष्यता को मारते हुए समाज में अस्थिरता एवं अराजकता की प्रवृत्ति बढ़ाते जा रहा है। हमारे समाज में बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। स्वार्थ एवं गंदी राजनीति से ऊपर उठकर धरातल पर जनहित के लिए कार्य करने की जरूरत है। आज हमारे समाज में विद्वान सर्वत्र पूज्यते के जगह धनवान सर्वत्र पूज्यते की भावना जगह कर गई है। जो एक अंधकार की ओर इंगित करता है। इस से बाहर निकलकर लोगों में एक सकारात्मक भावना लाने की जरूरत है। हम सबों का यह दायित्व है कि किसी दूसरे के भरोसे न रहकर स्वयं एक सकारात्मक समाज का निर्माण करें। इसलिए अपने कर्तव्य को निस्वार्थ भाव से सही दिशा में निरंतर करते रहने की जरूरत है। बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है बेरोजगारी को दूर नहीं करना सबसे बड़ी समस्या है। धैर्य के साथ हमें हमेशा उचित दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हमारे देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। बेरोजगार उन्हें कहा जाता है जो लोग कार्य करने के योग्य होते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें काम करने को नहीं मिलता है। जिससे उन्हें अपना जीवन जीने में बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। क्योंकि इन लोगो के पास पैसे नहीं होते हैं। हमारे पलामू शहर में लाखों ऐसे लोग हैं। जिन्हें कोई रोजगार नही मिला और नहीं मिलता है। इनके पास पैसे नहीं आते हैं और इसलिए इन्हें अपने जीवन यापन करने में अत्यधिक परेशानी होती है। हमारे देश में बेरोजगारी के बहुत सारे कारण हैं। इन सभी कारणों के वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ रही हैं।

❖ सुशिला देवी





## नौकरी पाने के चक्कर में लड़के बेरोजगार रह जाते



बेरोजगारी का दूसरा कारण। अधूरी शिक्षा आज बड़े बड़े ऑफिसर के बच्चे सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ते। क्योंकि सरकारी विद्यालय में इतनी अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाती है। जितना प्राइवेट स्कूल में मिलती है। बेरोजगारी की समस्या तभी दूर हो सकती है। जब जनसंख्या पर रोक लगाई जाए और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाए। बहुत से लोग केवल सरकारी नौकरी की तलाश में रहते हैं, और सरकारी पद कम और लोगो की संख्या ज्यादा होने के कारण कुछ लोग ही सरकारी पद पर नौकरी कर पाते हैं और बाकी के लोग सरकारी नौकरी की तलाश में बेरोजगार रह जाते हैं। मंदा औद्योगिक विकास होने के कारण बेरोजगारी कि समस्या और उत्पन्न होती है। कुटीर उद्योग में गिरावट से भी बेरोजगारी समस्या उत्पन्न हो जाती है। तकनीकी उन्नति ना होने के कारण भी बेरोजगारी समस्या बढ़ती है।हमारे देश में बेरोजगारी का बहुत से कारण हो सकते हैं। जैसे किसी के पास जीवन जीने का कोई साधन नहीं है वे पूरी तरह से खाली बैठे हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जो जिनके पास कुछ समय का काम होता है। परंतु उसके बाद बेकार हो जाते हैं और कुछ ऐसे लोग भी हैं। जिन्हें अपनी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिलता है। लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा उत्पन्न हो रही है। क्योंकि जब लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। शिक्षा की कमी या पूरी तरह शिक्षा ना मिलने के कारण लोगों को सही जानकारी नहीं मिलती है और बिना शिक्षा के ऐसे लोग बेरोजगार हो जाते हैं।

❖ सुरेन्द्र कुमार

## शिक्षा सरकारी नौकरी के लिए नहीं



पलामू में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शिक्षित बेरोजगारी से परेशान लोगों को यह जानना आवश्यक है कि उनके लिए कौन सी नौकरी सही है। उसे पाने के लिए उन्हें कौन सा करियर पथ चुनना चाहिए। पलामू में तकनीकी और व्यवसायिक संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए। सरकार को भी व्यवसाय शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना होगा जिससे छात्र रोजगार से जुड़ सकें और अपने व्यवसाय के माध्यम से अपने आसपास में रोजगार प्रदान कर सकें। ऐसे में युवाओं को भी यह सोचना होगा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी के लिए नहीं है। युवाओं को उस से ऊपर उठकर सोचना होगा अपने लिए रोजगार के अवसर तलाशने होंगे। अपने व्यवसाय के माध्यम से लोगों को रोजगार से जोड़ना होगा। वहीं बेरोजगारी यह सब सुनते ही मस्तिष्क में लाखों की तादाद में बेहतर भविष्य की तैयारी की जद में सदैव प्रयत्नशील युवाओं का चेहरा सामने आता है। जो लंबे अरसे से अनेक कठिनाइयों का मजबूती से सामना करते हुए अपने मस्तिष्क में एक उम्मीद की किरण सदैव जगाए रहते हैं। यह ऐसा शब्द है जिसका जिसके भाव बड़े ही अलग है। देश की धीमी विकास, अच्छे कौशल का न होना, पर्याप्त औद्योगिक संस्थानों का ना होना बेरोजगारी उत्पन्न होने के बहुत बड़े कारण के महत्वपूर्ण बिंदु है। किसी भी देश का विकास उस देश में रहने वाले बेहतर विभिन्न कौशलों में निपुण युवाओं पर निर्भर करता है। बेरोजगारी की समस्या का समाधान होना अति आवश्यक है। क्योंकि यह भारत देश के विकास में मुख्य बाधाओं मे से एक बाधा है। सरकार को अपने देश के सभी राज्यों में वो सुविधाएं देना चाहिए जिससे कि नए रोजगार के सृजन हो सके। भारत में बेरोजगारी खासकर शिक्षित बेरोजगारी तो इस प्रकार है कि, यदि कोई मजाक तथा झूठ के भी कहीं पोस्टर लगा दे। कुछ युवक युवतियों के लिए बंपर भर्ती जिनको जरूरत हो और इस पत्ते और नंबर पर संपर्क करें, तो घंटों में कई कॉल चले जाते हैं उस नंबर पे। वहीं गूगल पर लोकेशन सर्च कर लेते हैं। इस समस्या से परेशान युवा वर्ग क्राइम की ओर भी अपना कदम बढ़ाने लगे हैं। जैसे उपद्रवी, चोरी, डकैती, किडनैपिंग इत्यादि। पलामू सहित भारत देश में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या बेरोजगार का एक सबसे मुख्य तथा बड़ा कारण है। वहीं सरकार तथा सभी देशवासियों को इसपे नियंत्रण पाने के लिए कुछ सख्त उपाय करना चाहिए।

> पलामू में तकनीकी और व्यवसायिक संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए। सरकार को भी व्यवसाय शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना होगा जिससे छात्र रोजगार से जुड़ सकें और अपने व्यवसाय के माध्यम से अपने आसपास में रोजगार प्रदान कर सकें। ऐसे में युवाओं को भी यह सोचना होगा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी के लिए नहीं है।

❖ रामजीत कुमार सिंह

## बेरोजगार युवक कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर

पलामू सहित विभिन्न देशों की सरकारें अलग-अलग तरीके से अपने यहां विद्यार्थियों को प्रारंभिक समय से ही विभिन्न क्षेत्रों में निपुण करते जा रहे हैं। अगर हम भारत के वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालें तो हम पाते हैं कि यहां की शिक्षा की वर्तमान स्थिति केवल किताबों तक ही सिमटी हुई है। वर्ग के सभी बच्चों को एक तय नियमानुसार याद करने के लिए गृह कार्य दिया जाता है। मूल रूप से विद्यार्थियों में शिक्षा के विकास का पैमाना इन्हीं किताबों के इर्द-गिर्द घूमती नजर आती है। विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार न चलते हुए सामूहिक विकास पर जोर दिया जाता है। परिणामतः सारे विद्यार्थी एक निश्चित समय आने के बाद एक साथ बड़े पैमाने पर केवल सरकारी तंत्र के भरोसे बैठे होते हैं जो सर्वथा उचित नहीं है। दूसरी ओर अमेरिका, जापान जैसे विकसित देशों की बात करें तो वहां प्रारंभिक समय से ही विद्यार्थी को किताबी ज्ञान के साथ अलग अलग कलाओं से संबंधित शिक्षा प्रदान की जाती है। परिणाम विभिन्न कलाओं में निपुण होने के कारण वे भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं नजर आते हैं। अपने आप को एक बेहतर स्थान संस्थान में आसानी से जोड़ लेते हैं। साथ ही बहुत सारे लोग खुद का कार्य प्रारंभ करते हैं। प्रतिकार्थ यह है कि वे अपना जीवन यापन करने के लिए सरकारी तंत्र पर ज्यादा निर्भर नहीं होते हैं।

बेरोजगारी के सामाजिक परिणाम को गौर करें तो हम पाते हैं कि बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि होने के कारण देश की गरीबी दर वृद्धि हुई है वहीं दूसरी ओर अपने जीवन का भरण पोषण करने के लिए बहुत सारे लोग अपराधिक प्रवृत्ति की ओर मुड़ते जा रहे हैं। एक महत्वपूर्ण कारणों की विवेचना करें तो हम पाते हैं कि बेरोजगारी की तादाद बढ़े होने के कारण आज औद्योगिक जगत हो या कोई भी संस्थान हो प्रत्येक जगह लगातार श्रम का शोषण किया जा रहा है। कम वेतन पर काम करने के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं। इसका फायदा औद्योगिक संस्थान भली भांति उठाते हैं।

हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा उत्पन्न हो रही है। क्योंकि जब लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो



बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। शिक्षा की कमी या पूरी तरह शिक्षा ना मिलने के कारण लोगों को सही जानकारी नहीं मिलती है। बिना शिक्षा के ऐसे लोग बेरोजगार हो जाते हैं। बहुत से लोग केवल सरकारी नौकरी की तलाश में रहते हैं। और सरकारी पद कम और लोगो की संख्या ज्यादा होने के कारण कुछ लोग ही सरकारी पद पर नौकरी कर पाते हैं।और बाकी के लोग सरकारी नौकरी की तलाश में बेरोजगार रह जाते हैं। औद्योगिक विकास की रफ्तार कम होना। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योग कब बंद होना।

बेहतर तकनीक का उचित विकास नहीं होना बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण है। एक और महत्वपूर्ण पहलू पर गौर करे तो हम पाते है की बेरोजगारी की संख्या में वृद्धि होने के कारण लोग मानसिक रूप से अस्वस्थ हो रहे है। जिसके परिणाम आत्महत्या के मामले बढ़ता जा रहे है। बहुत सारे युवा मानसिक तनाव में रहते हुए विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं जिनका असर परिवार के जीवन यापन पर बड़ी बेतरतीब ढंग से पड़ता है। अपने आपको एक बेहतरीन साबित करने में वे फिसड्डी साबित होते जा रहे हैं।

निष्कर्ष यह है बेरोजगारी के कारण विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है। पूरे देश को बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए सबसे प्रमुख कदम उचित शिक्षा की व्यवस्था करना साथ ही साथ देश की बढ़ती हुई जनसंख्या को विराम लगाना होगा। हम सभी को विभिन्न अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग ना करते हुए मानव संसाधन पर विशेष बल देना होगा। जिससे बहुत बड़ा भाग विभिन्न कार्यों में संलग्न होकर देश की बढ़ती हुई बेरोजगारी में कुछ गिरावट ला सकता है। वर्तमान समय में बहुत सारे मनुष्य का कार्य कम समय में विभिन्न मशीनों के द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। जो कहीं ना कहीं मानव संसाधन को बेरोजगारी के प्रकार पर लाने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विभिन्न सरकारों को युवाओं में कौशल विकास को तवज्जो देकर उन्हें खुद के स्वामित्व वाले कामों पर पर फोकस करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा से ही अलग-अलग रूचि के अनुसार बच्चों को विभिन्न कलाओं में निपुण बनाना होगा।तभी एक बेहतर समृद्ध विकसित भारत का निर्माण संभव हैं।

❖ आनन्द

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति




## NEWS इन ब्रीफ

### मणिपुर में हिंसा के कारण नीट-यूजी परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा के कारण रविवार को होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट- यूजी 2023) की परीक्षा को यहां स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा सिर्फ उन उम्मीदवारों के लिए स्थगित की गई है जिनका परीक्षा केन्द्र मणिपुर में है। शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ट्वीट करके जानकारी दी कि कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण और राज्य सरकार के अनुरोध पर मणिपुर में रविवार को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इन उम्मीदवारों के लिए नीट परीक्षा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

### बड़गाम में वज्रपात से 2 लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा, मृतकों की पहचान ताज बेगम और मुहम्मद सुल्तान चोपन के रूप में हुई है। अधिकारियों का एक दल घटना की रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद मुजपथरी के लिए रवाना हो गया।

### नोएडा में हादसा, पति-पत्नी और बेटे की मौत

**नोएडा।** नोएडा में शनिवार सुबह भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार डिस्बैलेंस होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी और उनके 3 महीने के बेटे की मौत हो गई। जबकि युवक की साली और उसकी बुआ की हालत गंभीर है। सभी आगरा में शादी से लौटकर दिल्ली जा रहे थे।

# अफ्रीकी देश कांगो में बाढ़-भूस्खलन, 176 मौतें

### एक ही परिवार के 11 बच्चों की मौत

### कई लोग मलबे में दबे, स्कूल-अस्पताल बह गए

**एजेंसी। अफ्रीका**

अफ्रीकी देश कांगो में 2 दिन से जारी भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया और बाढ़ आ गई। अब तक 170 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ किवु प्रांत में कालेहे इलाके में 4 मई को एक नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आई। इस वजह से बुशुशु और न्यामुकुबी गांव में पानी भर गया। न्यामुकुबी गांव में रहने वाले मुपेंडा ने कहा- बाढ़ से पूरे गांव में तबाही मच गई। मेरी मां, मेरे 11 बच्चे भी बह गए। वो जिंदा नहीं बचे। एक अन्य शख्स ने कहा- बाढ़-भूस्खलन से हमारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हम सब मलबे में अपनों को ढूंढ रहे हैं। लोग खुले में सोने और रहने के लिए मजबूर हो गए हैं।



### मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है : गवर्नर

**किवु** प्रांत के गवर्नर ने बताया कि यहां कई घर पूरी तरह से डूब गए। स्कूल, अस्पताल भी पूरी तरह से तबाह हो गए। पीने के पानी और बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई है। अब तक 176 लोगों की मौत हो चुकी है। ये आंकड़ा बढ़ सकता है। 100 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। हालांकि, लोकल सिविल सोसाइटी के मेंबर ने दावा किया है कि 226 शवों को मलबे से बाहर निकाला गया है।

### लोगों को बचाने में दिक्कतें आ रहीं

**कई** इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक बचाव कर्मचारी ने कहा- मिट्टी काफी गीली है और इलाके में फिसलन के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। कई लोग मलबे में दबे हैं। वहीं, एक डॉक्टर ने बताया कि उनकी टीम दो दिन से बिना सोए लोगों की मदद कर रही है। उनके पास एक दिन में 56 से ज्यादा पेशेंट्स आ रहे हैं। इनमें से 80% लोगों को फ्रैक्चर हुए हैं।

### अफ्रीकी देश रवांडा में भी बाढ़

**कांगो** के पड़ोसी देश रवांडा में भी भारी तबाही हुई है। 2 मई से शुरू हुई बारिश ने यहां भी बाढ़ और भूस्खलन का रूप ले लिया। यहां अब तक 130 लोगों की मौत हो चुकी है। 5 हजार से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिमी प्रांत में करीब 17 सड़कें, 26 ब्रिज पूरी तरह से तबाह हो गए। सरकार ने प्रभावित इलाकों में मदद के लिए राहत सामग्री भेजी है। रेस्क्यू ऑपरेशन भी जारी है।

#### एआई कैमरा घोटाला

## कांग्रेस ने कहा- घोटाले में कुल 100 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ

**एजेंसी। कोच्चि**

राज्य के एक शीर्ष भाजपा नेता के आरोप के चार दिन बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि केरल में 232 करोड़ रुपये के एआई कैमरे लगाने के सौदे में सबसे बड़े लाभार्थी मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बेटे के ससुर थे, इसके सभी दस्तावेजी सबूत उसके पास हैं। नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीसन ने कहा कि इस घोटाले में कुल 100 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। विजयन की चुप्पी की ओर इशारा किए जाने पर हम सभी ने राज्य के उद्योग मंत्री पी. राजीव की प्रतिक्रिया सुनी और अब हमारे पास सभी सबूत हैं कि विजयन के करीबी रिश्तेदार ने इस संदिग्ध अनुबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अनुबंध को अंतिम रूप देने के लिए



बैठकों में भाग लिया। जब भी उचित जांच की घोषणा की जाएगी, हम सबूत सौंप देंगे।

संयोग से सतीसन और विधायक रमेश चेन्निथला इस घोटाले को उठाने वाले पहले व्यक्ति थे और बिना किसी का नाम लिए विजयन पर निशाना साधा था। लेकिन भाजपा की वरिष्ठ नेता शोभा सुरेंद्रन ने ही प्रकाश बाबू को विजयन के बेटे का ससुर बताया था।

## 65 प्रतिशत मोबाइल फोन उपभोक्ता को हो गया है 'नो मो फोबिया'

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

मोबाइल फोन की लत लोगों को ऐसी लग गई है कि एक दो घंटे यदि फोन से अलग हो जाते हैं , तो लगता है कुछ गड़बड़ हो गया है। इस तरह से बहुत से लोगों को फोन के बीना जीना मुश्किल होने लगा है। स्मार्टफोन आज लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा हो गया है। इसलिए लोग फोन को अपने से दूर नहीं करना चाहते हैं। इस संबंध में ओप्पो और काउंटरप्वाइंट ने स्मार्टफोन की लत लगने को लेकर एक सर्वे किया था। जिसका नाम रखा गया 'नो मो फोबिया'।

सर्वे के अनुसार 65 प्रतिशत उपभोक्ता अपने स्मार्टफोन से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। उन्हें हमेशा इस बात का डर सताता है कि फोन का इंटरनेट खत्म ना हो जाए, फोन खो ना जाए और बैटरी खत्म ना हो जाए। नोमोफोबिया (नो मोबाइल फोबिया) का शॉर्ट टर्म है। यह एक तरह का डर है जिसमें लोगों को मोबाइल के काम ना करने का भय बना रहता है। ओप्पो और



काउंटरप्वाइंट के इस सर्वे में 1,500 लोगों ने जवाब दिए थे। इस सर्वे में शामिल 60 प्रतिशत लोगों ने माना कि खराब बैटरी के कारण वे अपना स्मार्टफोन रिप्लेस करने के लिए तैयार हैं। इस सर्वे पर ओप्पो इंडिया के प्रमुख मार्केटिंग ऑफिसर दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा कि यह सर्वे हमें बेहतर बैटरी लाइफ वाले फोन लॉन्च करने के लिए प्रेरित किया है। इस सर्वे से पता चला है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुष मोबाइल को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। सर्वे में शामिल 82 प्रतिशत पुरुषों ने माना कि फोन को लेकर उन्हें अधिक तनाव होती है। जबकि 74 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि फोन की बैटरी और इंटरनेट को लेकर उन्हें चिंता रहती है। सर्वे में शामिल 92.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे पावर सेविंग मोड का इस्तेमाल करते हैं और 87 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने फोन का इस्तेमाल तभी करते हैं जब वह पूरा चार्ज हो जाता है। सर्वे में शामिल 42 प्रतिशत लोगों ने माना कि वे अपने फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए करते हैं, और मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। करीब 65 प्रतिशत लोगों ने कहा कि बैटरी बचाने के लिए उन्हें कई बार फोन का इस्तेमाल बंद करना पड़ता है।

#### चिराग ने नीतीश को दी चुनौती

## हिम्मत है तो बजरंग दल पर बैन लगाकर देख लें



**एजेंसी। पटना**

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो बैन लगाकर देख लें। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिराग से जब जदयू सांसद की बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जदयू सांसद मांग क्या कर रहे हैं, राज्य में उनकी सरकार है अगर ताकत है तो बैन करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए उसके नाम को इस्तेमाल करने के लिए इस तरह का बयानबाजी करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि क्या विपक्ष के पास मोदी सरकार से चुनाव जीतने के लिए और दूसरा विकल्प नहीं रहा जो इस तरह का बयान दिया जा रहा है। जमुई के सांसद ने कहा कि जदयू बताए की किस घटना के आधार पर बजरंग दल को बैन करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महज एक राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्ष कर्नाटक में विरोध कर रहा है, तो बाकी के भी विरोधी दल बहती गंगा में हाथ धोना चाहते हैं। इसके आलावा इनके पास कोई ठोस वजह नहीं है।

#### अगले दो दिन दिल्ली, मुंबई में छाए रहेंगे बादल

## पश्चिम बंगाल और ओडिशा में दस्तक दे सकता है मोचा तूफान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत मुंबई में अगले दो दिन बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इसके साथ मौसम विभाग के अनुसार ओडिशा और पश्चिम बंगाल में सात मई से नौ मई तक मोचा तूफान के दस्तक देने की संभावना जताई है। इसको लेकर ओडिशा के 18 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। इस हफ्ते ओडिशा में भारी बारिश और तूफान की संभावना जताई गई है। मौसम



विभाग के अनुसार 8 मई को दबाव के तेज होने की उम्मीद है और बाद में एक गहरे दबाव वाले क्षेत्र में बदलने और बंगाल की मध्य खाड़ी की ओर बढ़ने की उम्मीद है। 9 मई को एक चक्रवाती तूफान का रूप लेगा। मौसम विभाग ने ओडिशा के तटीय क्षेत्रों के मछुआरों, छोटे जहाजों के नाविकों से 7 से 9 मई तक बंगाल की मध्य खाड़ी में नहीं जाने की सलाह दी है।

### ऐसे रखा गया चक्रवात मोचा का नाम

**ओडिशा** में आने वाले चक्रवात मोचा नाम की सिफारिश यमन की ओर से की गई थी। ये नाम लाल सागर तट पर स्थित येमेनी शहर मोचा से आया है। मोचा लंबे समय से कॉफी व्यापार के लिए जाना जाता है।

## बिहार के वैशाली में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार में वैशाली जिले के वैशाली-पातेपुर थाना क्षेत्र स्थित चिकनौटा गांव में ट्रक-कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर यह हादसा हुआ। ट्रक और कार की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। बली गांव थाने की पुलिस और महुआ एसडीपीओ आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने में लगे हैं। सभी की डेड बॉडी को पातेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में रखा गया है। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पांच मृतकों में अभी तक दो की ही पहचान हो पाई है। उनमें से एक रोहित कुमार (25) है, जो समस्तीपुर के चकनूर गांव का रहने वाला है। दूसरा कमलेश कुमार मुजफ्फरपुर के कांटी थाना इलाके का रहने वाला है। हादसे के वक्त रोहित गाड़ी चला रहा था। बाकियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक ट्रक पातेपुर की तरफ से मुजफ्फरपुर जा रहा था। फिलहाल घटनास्थल से गाड़ियों को हटा दिया गया है।




## फिल्म 'द केरल स्टोरी' के समर्थन में उतरी कंगना रनौत



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी बातों को मजबूती के साथ पेश करती हैं। उन्होंने फिल्म "द केरल स्टोरी" का समर्थन किया है। कंगना ने फिल्म के खिलाफ बोलने वालों की आलोचना की है। सुदीप्तो सेन की फिल्म का समर्थन करते हुए कंगना ने कहा कि हाई कोर्ट, गृह मंत्रालय और पूरी दुनिया आईएसआईएस को आतंकवादी कह रही है। ऐसे में अगर आपको फिल्म से दिक्कत है तो आप खुद आतंकवादी हैं। एक मीडिया कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं कंगना रनौत ने फिल्म "द केरल स्टोरी" को लेकर कहा कि फिल्म किसी धार्मिक समुदाय को टारगेट नहीं कर रही है बल्कि एक आतंकी संगठन को टारगेट कर रही है। कंगना ने कहा, "मैंने फिल्म देखी नहीं है लेकिन फिल्म को बैन करने की पूरी कोशिश की गई।

### नागा चैतन्य ने अपनी एक्स वाइफ एक्ट्रेस सामंथा की तारीफ की



**साउथ** अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और अभिनेता नागा चैतन्य मनोरंजन उद्योग में एक लोकप्रिय कपल थे। दोनों 2017 में शादी के बंधन में बंधे और 2021 में उन्होंने तलाक ले लिया। तलाक के बाद भी दोनों अपने रिश्ते को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। अब नागा चैतन्य ने समांथा को लेकर अपनी राय रखी है। भले ही नागा चैतन्य और सामंथा एक दूसरे से अलग हो गए हों लेकिन उनमें अच्छी दोस्ती है। कई इंटरव्यू में ये एक-दूसरे के बारे में पूछे गए सवालों का खुलकर जवाब देते हैं। अब हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में नागा चैतन्य ने अपनी पूर्व पत्नी समांथा के बारे में बात की है।

## रणबीर ने शाहरुख से की रिलीज डेट टालने की गुजारिश!

**'पठान'** की शानदार सफलता के बाद, शाहरुख खान के प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों 'डंकी' और 'जवान' के लिए बेहद उत्साहित हैं। शाहरुख की 'जवान' की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है और फिल्म जल्द ही पर्दे पर आएगी। इस बीच मुंबई में फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। कहा जा रहा था कि 'जवान' 2 जून को तय समय पर रिलीज होगी लेकिन यह साफ है कि फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है, क्योंकि फिल्म पर अभी काफी काम किया जाना बाकी है। चूंकि फिल्म के वीएफएक्स पर अभी काफी काम किया जाना बाकी है, इसलिए कहा जा रहा है कि 'जवान' अगस्त में रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चर्चा है कि 'जवान' 11 अगस्त को रिलीज हो सकती है। रणबीर कपूर की बहुचर्चित 'एनिमल' और सनी देओल की 'गदर 2' भी इसी दिन रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कहा जा रहा है कि एनिमल की टीम ने "जवान" की नई रिलीज की तारीख जानने के बाद शाहरुख खान से संपर्क किया। फिलहाल खबर सामने आ रही है कि शाहरुख खान और रणबीर कपूर ने भी इस मामले पर चर्चा की है।




#### लाइव स्ट्रीमिंग | दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन, सीजेआई ने कहा

## जजों को भी ट्रेनिंग की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि अदालती कार्यवाही की नई अपनाई गई लाइव स्ट्रीमिंग पद्धति का एक 'दूसरा पहलू' है और न्यायाधीशों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है क्योंकि उनके और वकीलों के बीच आदान-प्रदान सार्वजनिक डोमेन में जाता है। 'यूट्यूब पर बहुत सारी अजीब चीजें चल रही हैं जिन्हें हमें नियंत्रित करने की आवश्यकता है क्योंकि यह गंभीर चीजें हैं। अदालत में जो कुछ होता है वह बेहद गंभीर चीजें होती है। हम जो लाइव स्ट्रीमिंग कर रहे हैं उसका एक दूसरा पक्ष है। न्यायाधीशों के रूप में हमें इसकी आवश्यकता है ट्रेनड हों क्योंकि हम जो भी शब्द अदालत में कहते हैं वह सार्वजनिक दायरे से ऊपर है।

सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कटक में



डिजिटाइजेशन, पेपरलेस कोर्ट्स और ई-पहल पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक दूसरा पहलू भी है। उदाहरण के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को हमें यह बताने की अनुमति देना बहुत मुश्किल होगा कि एक आपराधिक मामले में सजा के बाद क्या सजा दी जाए।

सीजेआई ने कहा कि अधिकांश हाईकोर्ट यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम कर रहे हैं और जो डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाने का इरादा है, उसमें पेपरलेस और वर्चुअल कोर्ट शामिल हैं। सीजेआई ने एक क्लिप का हवाला दिया जो पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा एक आईएएस अधिकारी से यह पूछने पर वायरल हो गया था कि वह उचित कपड़े क्यों नहीं पहनता है। उन्होंने एक अन्य क्लिप का भी उल्लेख किया जिसमें गुजरात हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने एक वकील से पूछा कि वह अपने मामले के लिए तैयार क्यों नहीं है।

सीजेआई ने कहा, 20 जिलों के अधिवक्ता ओडिशा में अपने जिलों में बैठे हाई कोर्ट को संबोधित कर सकते हैं। ई-न्यायालय परियोजना की दृष्टि सस्ती, सुलभ, लागत प्रभावी, पर्यावरण आदि है। चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि राज्य सरकारें इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी नहीं ले रही हैं. हम भारत के वित्त विभाग पर 100 प्रतिशत निर्भर हैं। 10,000 से 15,000 पन्नों के फैसले हमें न्यायाधिकरणों से भेजे जाते हैं। एक न्यायाधीश इसे कैसे पचा सकता है? उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को सोशल मीडिया के इस युग के बारे में पता होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश में लगभग 5 करोड़ मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा, तो इन मामलों में लगभग 15 से 20 करोड़ लोग शामिल हैं। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एस मुरलीधर, ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, ओडिशा हाई कोर्ट, कटक के अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश और अधिवक्ता और अन्य उच्च न्यायालयों के सभी मुख्य न्यायाधीश भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपस्थित थे।

# बूथ स्तर तक कांग्रेस पार्टी को बनाना है सशक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला प्रभारियों, प्रदेश महासचिवों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें 2024 की चुनाव की तैयारी को मद्देनजर बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाना है। इसलिए अबतक गठित जिला एवं प्रखंड समितियों के साथ मंडल समितियों का पूर्ण गठन आठ मई तक पूरा कर लेना है। साथ ही इसकी सूची प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जमा करवा देना है। राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 की लड़ाई निर्णायक लड़ाई है। इसलिए हमें पूरी मुस्तैदी के साथ पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ वैचारिक स्तर पर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर पार्टी के साथ जोड़ना है। उन्होंने सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया की वह खुद सभी जिलों में 11 मई से प्रवास करेंगे और जिला बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत, वार्ड, मंडल, प्रखंड और जिला पदाधिकारियों के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करेंगे।




**राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 की लड़ाई निर्णायक लड़ाई है। पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ वैचारिक स्तर पर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर पार्टी के साथ जोड़ना है।**

प्रदेश अध्यक्ष ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि सभी जिला अध्यक्ष उनके जिला दौरा कार्यक्रम के पूर्व अपने जिला के सभी प्रखंड का दौरा कर लें। प्रदेश अध्यक्ष का जिला दौरा कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम जिले से होगा। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि वर्चुअल बैठक में विशेष रूप से संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के पुनर्गठन की समीक्षा की गयी। सभी जिला अध्यक्षों से प्रदेश भर में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।

## रॉकमैन प्रीमियर लीग : सुपर किंग्स और ब्लास्टर ने जीते मुकाबले

**रांची।** शाखा मैदान धुर्वा में खेले जा रहे रॉकमैन प्रीमियर लीग के पांचवें दिन सुपर किंग्स और ब्लास्टर ने अपने- अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक बटोरे। पहले मुकाबले में सुपर किंग्स ने टाइटंस को 22 रनों से मात दी। जिसमें मैन ऑफ द मैच रोहित राय को दिया गया। वहीं दूसरे मुकाबले में ब्लास्टर ने सुपर जायंट्स को 4 विकेट से हराया। इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच आलराउंड प्रदर्शन करने वाले अनमोल राज को दिया गया। टाइटंस बनाम सुपर किंग्स : सुपर किंग्स-157/6 (20 ओवर) आकाश कुमार सिन्हा-45(35), नवीन सिंह, दिव्य रंजन पांडे-36*(17), गौरव कुमार सिंह -1/31, राजकुमार कुमार -1/34 टाइटंस-135/10(20 ओवर) अभिषेक कुमार सिंह-52 (39), गौरव कुमार सिंह-20(15), रणवीर गौतम 17(26), रोहित राय 4/20, गुड्डू कुमार 2/6 विकेट लिये।

## माकपा ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने जम्मू कश्मीर के पूंछ सेक्टर में सेना के वाहन पर आतंकवादियों की ओर से किए गए हमले की कड़ी भर्त्सना की है। विप्लव ने शनिवार को कहा कि अभी पिछले ही दिनों जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में भी आतंकी हमले में सेना के पांच जवानों को जान गंवानी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में किसी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है। साथ ही कहा कि इस आतंकी हमले की पूरी जांच होनी चाहिए और किन परिस्थितियों में इस प्रकार का जघन्य आतंकवादी हमला हुआ इससे सबक लेते हुए आतंकवाद से और बेहतर तरीके से निपटने की तैयारी होनी चाहिए। ताकि इस तरह की आतंकी हमले का फिर कभी हिम्मत न कर सके। हालांकि हमारी सेना ने हर तरह से आतंकियों के खिलाफ जमकर जवाब दिया है और उन्हें घुटने टेकने से मजबूत कर दिया है।

# वेंडर मार्केट बनाकर दुकानदारों को बसाने का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में शनिवार को मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों को हटाए जाने के मामले को लेकर रौशन कुमार एवं अन्य की रिट याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उन्हें छह महीनों के अंदर वेंडर मार्केट बनाकर उसमें जगह देने का निर्देश दिया है। अदालत के दिए गए फैसले के अपने पक्ष में होने पर मोरहाबादी के दुकानदारों ने इसे लेकर खुशी जताई।दुकानदारों ने रंग गुलाल लगाकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे जलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान दुकानदारों ने अपने नेता कुमार रौशन का आभार व्यक्त किया। साथ ही रविवार सात मई को दोपहर एक बजे तक मोरहाबादी में दुकानें बंद रखने एवं हाई कोर्ट के फैसले को लेकर विजय जुलूस निकाले जाने का एलान किया। विजय जुलूस मोरहाबादी मैदान से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली जाएगी। इस मौके पर कुमार रौशन ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। हम हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। रोज कमाने-खाने वालों के लिए यह एक चमत्कार की तरह है। गरीबों को इंसाफ मिला है। पिछले वर्ष 27 जनवरी, 2022 को मोरहाबादी में गैंगस्टर कालू लामा की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद जिला प्रशासन ने यहां धारा 144 लगा कर सभी अस्थायी ठेला, खोमचा, गुमटी को हटाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद फुटपाथ दुकानदारों ने इस आदेश के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। वे मान्या पैलेस के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। बाद में हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर किया।



## बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने को लेकर तीन साल की सजा

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में दोषी करार अनिल भेंगरा को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर पांच हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर अनिल भेंगरा को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इससे पूर्व अदालत ने अनिल को चार मई को दोषी ठहराया था। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने 14 नवंबर 2021 को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि घटना 22 अक्तूबर 2021 की है। उस दिन पीड़ित बच्ची की मां बच्ची को घर में छोड़कर अपने पति को लेकर डॉक्टर के पास गई थी, उसी दौरान अनिल भेंगरा ने बच्ची को घर में अकेला पाकर उसके साथ गलत हरकत की थी। लेकिन बच्ची ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को 15 दिनों बाद दी थी। मामले में अभियोजन की ओर से पांच गवाहों की गवाही कराई गई।

## बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव 11 मई को करेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 11 मई को करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में बालू घाटों के अलावा डीएमएफटी फंड की भी समीक्षा होगी। डीएमएफटी फंड में 50 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं हो सकी है। वहीं, अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने व अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की भी समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में 608 बालू घाट हैं, जिसमें केवल 23 बालू घाटों की ही नीलामी हो सकी है। हाल ही में राज्य सरकार ने बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ सघन अभियान चलाया था। वहीं, जिलों को भी तत्काल नीलामी का निर्देश दिया गया है। अब तक 12 जिलों की ओर से डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट पूरी कर बालू घाटों की वित्तीय निविदा जारी कर दी गयी है।

## इंटर जेसुइट बास्केटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को



**रांची।** दो दिवसीय इंटर जेसुइट बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023 के डायमंड जुबली संस्करण का उद्घाटन संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर फादर फ्लोरेंस कुजूर मुख्य अतिथि थे। बधाई संदेशों के साथ पूल मैच खेले गए। प्रतियोगिता में कुल 11 स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा, संत जेवियर्स स्कूल साहिबगंज, लोयला जमशेदपुर, संत जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल रांची ने अपने मुकाबले जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। रविवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सेमी फाइनल 1: संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा बनाम संत जेवियर्स स्कूल, साहिबगंज।

# गैंगस्टर अनिल शर्मा रिम्स में इलाजरत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर मृणाल कुंज अनिल शर्मा का ईलाज कर रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि कई टेस्ट कराये गये हैं। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग स्थित जेपी कारा में बुधवार की सुबह चार बजे के करीब सीने में दर्द हुआ था। कारा चिकित्सकों ने जांच के बाद हार्ट अटैक आने के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां के कैदी वार्ड में उसका इलाज चल रहा थ। इस बीच बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। उल्लेखनीय है कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। साथ ही अनिल शर्मा 23 साल से जेल की सजा काट रहा है।



## मदरसा दारुल कुरान का 12 वां जलसा ए दस्तारबंदी 8 जून को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदरसा दारुल कुरान बड़ी मस्जिद हिंदपीढ़ी रांची का 12वां जलसा ए दस्तारबंदी 8 जून 2023 दिन गुरुवार को होना है। इसके मुख्य अतिथि दारुल उलूम देवबंद के उप प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती राशिद होंगे, और विशेष वक्ता ओडिशा मदरसा मरकाजुल उलूम सोंगडा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती नकीब उल अमीन होंगे। जलसा ए दस्तारबंदी की अध्यक्षता झारखंड की शान, शेख उल हदीस, दर्जनों एदारा के संरक्षक और जामिया रशीदुल उलूम चतरा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद मजाहिरी करेंगे। उक्त जानकारी मदरसा दारुल कुरान बड़ी मस्जिद हिंदपीढ़ी रांची के प्रिंसिपल हजरत मौलाना हाफिज जुबैर अहमद ने दी है। उन्होंने बताया कि जलसा ए दस्तारबंदी की तैयारी चल रही है। इस जलसे में 22 हुफ्फाज ए कराम के सरो पर दस्तार ए फजीलत( पगड़ी) बांधी जाएगी। आप सबसे इस जलसा दस्तारबंदी में शिरकत होने के अपील है।

# प्रेम प्रकाश जैसे लोगों के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम कर रहे थे : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को ट्वीट करके आईएएस अधिकारी छवि रंजन की भूमिका पर कहा कि उन्हें यह सुनकर हैरानी होती है कि प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करने वाले अफसर रहे। जो लोग छवि रंजन के मौखिक आदेश पर गलत करने से डरते या आनाकानी करते थे, उन्हें प्रताड़ित और तंग किया जाता था। मरांडी के कहा कि प्रेम जैसे दलाल के लिए छवि रंजन ने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से गलत काम कराने के लिए सत्ता संरक्षण के बल पर धौंस दिखाकर आतंक मचा रखा था। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस प्रकार की कार्यशैली वाले छवि रंजन अकेले नहीं हैं। झारखंड को लूट कर खोखला बनाने वाले ऐसे कुछ और बेईमान सीनियर अफसर हैं, जो अधीनस्थों को डरा-धमका कर गलत करवाते हैं। लूट के माल का हिस्सा खुद लेते हैं और ऊपर तक भी पहुंचाते हैं। जब पकड़ में आने का नम्बर आता है तो खुद पल्ला झाड़कर नीचे वालों को फंसाने का प्रयास करते हैं।

## ईश्वर एक है

## चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में छठे दिन का कार्यक्रम आयोजित

# भगवान आवश्यकता के अनुसार अवतार लेते हैं : स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के सायंकालीन सत्र के छठे दिन स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने गीता के तीसरे अध्याय के 34वें श्लोक की व्याख्या में कहा कि राग द्वेष की अधिकता, इनकी दृढ़ता हमारे दैनिक जीवन की प्रगति में बाधक है। ये पक्षपाती निर्णय को बल देती है। राष्ट्रवाद की अधिकता भी विध्वंसक है, हिटलर इसका साक्षात उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ उपासना पद्धति नहीं है, धर्म जीवन के वे शाश्वत मूल्य है जो हमारे चित्त को उदात्त बनाते हैं, हमें मुक्ति की दिशा में ले जाते हैं। चौथे अध्याय में उल्लेखित अवतारवाद की व्याख्या में बताया कि यह जगत ईश्वर की सृष्टि है और यह ईश्वर एक है, वह एक ईश्वर विभिन्न उपाधियों के माध्यम से जगत का सृजन व पालन करते हैं। ईश्वर का सामर्थ्य है कि वह कुछ भी हो सकता है और कुछ भी कर सकता है जो ऐसा नहीं कर सकता वह ईश्वर नहीं है, परमात्मा नहीं है । भगवान आवश्यकता के अनुसार अवतार लेते हैं और प्रसंग के अनुसार स्वरूप धारण करते हैं । सनातन धर्मावलंबियों को मूर्ति पूजक कहा जाता है । प्रस्तर राम नहीं है , प्रस्तर में राम की भावना है। गीता में भगवान ने कहा कि ज्ञान के लिए श्रद्धा की आवश्यकता है । श्रद्धा सत्यबुद्धि पूर्वक महत्व बुद्धि है । षष्टम अध्याय में भगवान कहते हैं कि हमें स्वयं का उत्थान स्वयं ही करना है, हम ही हमारे शत्रु हैं और हम ही हमारे मित्र हैं। प्रातः कालीन सत्र के पांचवें दिन स्वामी जी ने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने 7 श्लोकों में संसार का यथार्थ बताया, घनिष्ठतम संबंधों की भी सीमा बताई। संसार विचित्र है, परिवर्तनशील है। जो इस जन्म में पुत्र है वह पूर्व जन्म में किसी का पिता होगा। हमें संसार की, संबंधों की, अपने अनुभवों की परीक्षा करनी है। जो चिन्तन करेगा उसकी उन्नति अवश्यंभावी है । चिन्तन, स्मरण अज्ञात का नहीं हो सकता, परमात्मा का चिन्तन करते हेतु लीला , कथा आदि का श्रवण करना होगा, स्वरूप को जानना होगा। इससे जड़ चेतन ग्रंथि शिथिल होगी, यह ग्रंथि भी मिथ्या ही है क्योंकि गांठ सजातीय में ही संभव है। यह अज्ञान की गांठ है, माना हुआ बंधन है। अभी हमें रस्सी में सर्प दिखता है , सर्प हमारी स्मृति में रहता है और रस्सी को नहीं जानने से सर्प का आभास होता है । सत्संग से अधिष्ठान का ज्ञान होगा जिससे अध्यास की निवृत्ति हो जायगी। गीता आरती के यजमान पंकज पोद्दार, आर. एस. अग्रवाल एवं सतीश गुप्ता सपत्नीक थे । कल इस ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति है अर्थात अंतिम दिन है।



## पृष्ठ एक का शेष

**चाय बागान की 100 एकड़...**

सब-रजिस्ट्रार, सीओ, सीआई व कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होगी। क्योंकि, करीब एक दर्जन पदाधिकारियों की शिकायतें ईडी को मिली हैं।

**चाय बागान की 100 एकड़ जमीन का बाजार मूल्य 500 करोड़ रुपए**

नामकुम अंचल के बरगांवा मौजा की 100 एकड़ से अधिक जमीन का रेकर्ड ही गायब है। भू-माफियाओं ने रांची के अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी के कार्यालय में भू-हदबंदी वाद संख्या 144/73-74 का रेकर्ड कार्यालय से गायब करा दिया। इस मामले में अपर समाहर्त्ता भू-हदबंदी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध कोतवाली थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि नामकुम अंचल के मौजा बरगांवा के खाता नंबर 221 के प्लॉट नंबर 128, खाता संख्या 125 के प्लॉट नंबर 09, खाता संख्या 124 के प्लॉट नंबर 10, खाता संख्या- 215 के प्लॉट नंबर 121, 123, 125 से संबंधित रेकर्ड कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं। चाय बागान में जमीन की कीमत 5 से 6 लाख रुपए प्रति डिसमिल है। ऐसे में 100 एकड़ की कीमत कम से कम 500 करोड़ रुपए होती है।

**आईएएस छवि रंजन को...**

कारा रांची में हैं। ईडी ने उनको 7 मई से 12 मई तक विशेष कोर्ट से रिमांड पर भी लिया है। कल से ईडी छवि रंजन से पूछताछ शुरू करेगी। जमीन का पूरा घोटाला तब हुआ जब छवि रंजन रांची उपायुक्त के पद पर थे। 24 अप्रैल को भी ईडी ने उनसे पूछताछ की थी। इसी मामले में 8 मई को न्यूक्लियस मॉल के मालिक और झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल से भी पूछताछ होनी है। वर्तमान में छवि रंजन समाज कल्याण विभाग में निदेशक के पद पर थे। उनके पास सामाजिक सुरक्षा के निदेशक और निःशक्तता आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार था। कार्मिक विभाग की अधिसूचना में बताया गया है कि रांची में मौजूद ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने धन शोधन निरोधक अधिनियम 2002 की धारा 19 के तहत आईएएस छवि रंजन को गिरफ्तार किया है। इस आलोक में अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन एवं अपील नियमावली 1969 के नियम 3 (3) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। अधिसूचना में इस बात का भी जिक्र है कि नीलम दिन की अवधि में हिरासत से मुक्त होने के बाद सभी रंजन को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के मुख्यालय में योगदान देना होगा। इस दौरान अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन एवं अपील नियमावली 1969 के नियम 4 (i) के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

**ओपीएस एनपीएस फंड पर...**

नहीं आया है। लोकसभा के पिछले बजट सत्र के दौरान इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा था कि झारखंड सहित जिन राज्यों ने ओपीएस लागू किया है, उन्हें एनपीएस के तहत जमा राशि वापस नहीं की जाएगी। कराड ने कहा था कि पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत एनपीएस में सब्सक्राइबर्स यानी सरकार और कर्मचारियों के अंशदान की जमा राशि राज्य सरकार को वापस की जा सके। अगर यह राशि नहीं मिली तो झारखंड सरकार को बड़ा आर्थिक झटका लगेगा। यह अलग बात है कि सरकारी खजाने पर बोझ के बावजूद ओपीएस के लागू होने से हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल अन्य राजनीतिक सहयोगियों को चुनावी लाभ मिलने की संभावना है। झारखंड सरकार द्वारा लागू ओपीएस योजना से करीब सवा लाख परिवार लाभान्वित होंगे। झामुमो 2024 के विधानसभा चुनाव में ओपीएस की घोषणा का फायदा उठाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

## यशस्वी व रुतुराज को भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये : आरपी



**मुंबई।** पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल और चेन्नई सुपर किंग्स के रुतुराज गायकवाड़ को भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये। आईपीएल कमेंट्री टीम में शामिल आरपी ने कहा कि इन दोनो ही खिलाड़ियों ने अब तक पारी की शुरूआत करते हुए काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। आरपी ने कहा, यशस्वी और रुतुराज को अवश्य अवसर मिलना चाहिए। ये दोनों बहुत ही अच्छा खेल रहे हैं और दोनों पारी की शुरूआत कर रहे हैं।


## भारतीय हॉकी टीम के नवनियुक्त सहयोगी सदस्य रेट हल्केट

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नवनियुक्त विश्लेषणात्मक कोच रेट हल्केट और वैज्ञानिक सलाहकार एलन टैन यहां के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में नये मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में टीम शिविर में शामिल हुए। यह दोनों गुरुवार को नयी दिल्ली पहुंचे थे और फिर वहां से बेंगलुरु आये। भारत 26 मई से होने वाले एफआईएच प्रो लीग के आगामी यूरोपीय चरण के लिए अपनी तैयारी शुरू कर रहा है और रेट तथा एलन दोनों फुल्टन के साथ मिलकर काम करेंगे। भारत लंदन में बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा और फिर नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने के लिए आइंडहोवन, नीदरलैंड की यात्रा करेगा। भारतीय टीम का इस साल का कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को इसके बाद अगस्त में चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और फिर चीन के हांग्जो में एशियाई खेलों में भाग लेना है।

## मनोज-केएस विनोद के बीच खेला जाएगा चैरिटी बॉक्सिंग मैच

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैरिटी बॉक्सिंग (डब्ल्यूसीबी) संगठन ने शनिवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपने मिशन और चल रहे चैरिटी कार्य के बारे में संक्षिप्त परिचय देने के साथ-साथ ओलंपियन मनोज कुमार और केएस विनोद के बीच होने वाले चैरिटी बॉक्सिंग मैच की घोषणा की। डब्ल्यूसीबी एक प्रसिद्ध मंच है जिसने संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य यूरोपीय देशों में लोकप्रियता हासिल की है। संगठन का उद्देश्य पूरी दुनिया में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है और यह संगठन खेल दान के माध्यम से मानवता की सेवा करने के नेक काम के लिए समर्पित है।

# रोहित शर्मा का आईपीएल में सबसे खराब प्रदर्शन





**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 के 49वें मैच में महेंद्र सिंह धोनी की चालाकी के आगे मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा की एक नहीं चली। कप्तान धोनी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई को खराब शुरूआत मिली। इस बार रोहित शर्मा खुद ओपनिंग के लिए नहीं आए, बल्कि इशान किशन (7) के साथ कैमरुन ग्रीन (6) को उतारा, लेकिन वह भी सस्ते में निपट गए। वहीं जब तीसरे नंबर पर रोहित आए तो वह धोनी की चाल का शिकार होकर खुद भी बिना खाता खोले जल्दी पवेलियन चले गए।

रोहित शुरूआती दो गेंदों पर रन नहीं चुरा सके। फिर ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने स्कूप शॉट खेलने का प्रयास किया, लेकिन गेंद हवा में जाकर सीधी बैकवर्ड पॉइंट से आए जडेजा के हाथों में चली गई। इसी के साथ रोहित 3 गेंदों में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। साथ ही उनके नाम आईपीएल इतिहास का सबसे खराब रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

दरअसल, आईपीएल इतिहास में रोहित 16वीं बार बिना खाता खोले आउट हुए हैं, जोकि किसी भी बल्लेबाज के द्वारा सबसे ज्यादा है। आईपीएल का यह घटिया और अनचाहा रिकॉर्ड अब रोहित शर्मा के नाम हो गया है। उनके बाद दिनेश कार्तिक सुनील नरेन और मंदीप सिंह के नाम 15 बार शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड सयुंक्त रूप से है, तो अम्बाती रायडू के नाम भी 14 बार शून्य पर आउट होने का आईपीएल रिकॉर्ड है। रोहित ने आईपीएल में कुल 237 मैच खेले हैं जिसमें वह 16 बार बिना रन बनाये आउट हुए हैं।

बता दें कि रोहित शर्मा के लिए यह आईपीएल खराब गया है। अभी तक हुए 10 मुकाबलों में उन्होंने कुल 184 रन बनाए हैं, जिसमें दो बार वह जीरो पर आउट हुए हैं। पिछले मैच में भी रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए थे। उनके बल्ले से इस बार सिर्फ एक ही अर्धशतक आया है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 65 रनों की पारी खेली थी और टीम को जीत दिलाई थी। रोहित शर्मा का खराब फॉर्म मुंबई इंडियंस टीम की सबसे बड़ी परेशानी बनी हुई है।

### धोनी ने चली चाल

**रोहित** इस सीजन में कुछ खास नहीं कर पाए। दवाब साफ उनपर नजर आता दिखा। पारी के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर दीपक चाहर ने पहले किशन को आउट किया। फिर क्रीज पर रोहित आए तो धोनी ने उनपर लगाम कसने के लिए चाल चली। यह चाल थी रोहित पर शुरूआत में ही दवाब डालने की। धोनी ने फील्डिंग ऊपर लगा दी। उन्होंने एक फिल्डर स्लिप में, एक शॉर्ट थर्ड और एक फील्डर बैकवर्ड पॉइंट पर तैनात कर दिया। साथ ही खुद विकेट के पीछे नजदीक खड़े हो गए। धोनी का यह अंदाज हैरान कर गया, क्योंकि तेज गेंदबाज के खिलाफ विकेटकीपर उस समय विकेट के बिल्कुल नजदीक खड़ा होता है जब मैच फंसा हो या फिर बल्लेबाज को सिंगल रन लेने के लिए रोकना हो, लेकिन धोनी के माइंड में जल्दी से जल्दी रोहित को समेटने का प्लान था जो फिर सफल भी हो गया।

तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज

# गुकेश की लगातार दूसरी जीत



**एजेंसी। स्टाकहोम स्वीडन**

तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूनार्मेंट में भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए ना सिर्फ एकल बढ़त बना ली है, बल्कि लाइव विश्व रैंकिंग मे वह अब 2741 अंको के साथ 15वें स्थान पर पहुँच गए है। उन्होने दूसरे दिन सफेद मोहरो से खेलते हुए जर्मनी के शीर्ष खिलाड़ी विन्सेंट केमर के खिलाफ राय लोपेज ओपनिंग में राजा के ऊपर आक्रमण का शानदार नमूना पेश किया और 35 चालों में बाजी अपने नाम कर ली। शतरंज ओलंपियाड के व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता गुकेश नें जिस अंदाज में प्रतियोगिता की शुरूआत की है वह विश्व टॉप 10 में शामिल होने के बेहद करीब पहुँच गए है। वहीं भारत के दूसरे खिलाड़ी दूसरे वरीय अर्जुन एरिगासी को मेजबान स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा है। अन्य मुकाबलों में यूएसए के 14 वर्षीय अभिमन्यु मिश्रा नें नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को तो रूस के पीटर स्वीडलर नें इजराइल के बोरिस गेलफंड को पराजित किया। अब तीसरे राउंड में गुकेश के सामने निल्स तो अर्जुन के सामने पीटर स्वीडलर की चुनौती होगी।

# चेन्नई ने मुंबई को 6 विकेट से हराया



**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने घर पर मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के सामने 140 रन का लक्ष्य रखा। चेन्नई ने यह लक्ष्य 17.4 ओवर में हासिल कर लिया। चेपक की धीमी पिच पर नेहाल वढेरा (51 गेंद, 64 रन) के अलावा मुंबई का कोई बल्लेबाज टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सका। इस युवा बल्लेबाज ने सूर्यकुमार यादव और ट्रिस्टन स्टब्स के साथ दो अर्द्धशतकीय साझेदारियां करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर हालांकि चेन्नई को हराने के लिये काफी नहीं था। कॉनवे ने 42 गेंद पर चार चौकों के साथ 44 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेलकर मेजबान टीम को जीत तक पहुंचा दिया। चेन्नई 11 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि मुंबई 10 मैचों में पांच जीत और पांच हार के साथ छठे स्थान पर है। लखनऊ सुपर जाएंट्स 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

इससे पहले नेहाल वढेरा (51 गेंद में 64 रन) की इंडियन प्रीमियर लीग में पहली अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने खराब शुरूआत से उबरते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 139 रन बनाये। वढेरा ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

उन्होंने इस दौरान सूर्यकुमार यादव (22 गेंद में 26 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 और ट्रिस्टन स्टब्स (21 गेंद में 20 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। चेन्नई के लिए मथीश पथिराना ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीपक चाहर और तुषार देशपांडे को दो-दो सफलता मिली। रविंद्र जडेजा ने एक विकेट चटकाया। मुंबई इंडियंस के लिए इशान किशन (नौ गेंद में सात रन) के साथ कप्तान रोहित शर्मा (शून्य) की जगह कैमरुन ग्रीन (चार गेंद में छह रन) ने पारी का आगाज किया लेकिन टीम का यह फैसला कारगर नहीं रहा और एक रन के अंदर तीनों बल्लेबाज आउट हो गये। देशपांडे ने दूसरे ओवर में ग्रीन को बोल्ड किया तो वही अगले ओवर में चाहर ने इशान और रोहित को पवेलियन की राह दिखायी। रोहित इस लीग में रिकॉर्ड 16वीं बार खाता खोले बगैर आउट हुए। टीम के 14 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद नेहाल वढेरा और सूर्यकुमार यादव ने संभलकर बल्लेबाजी की।

## इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर कैथरीन ने संन्यास लिया



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर कैथरीन साइवर-ब्रंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। अपनी ही टीम की साथी क्रिकेटर नेट साइवर ब्रंट से शादी कर सुर्खियों में आयी तेज गेंदबाज कैथरीन ने साल 2004 में इंग्लैंड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। कैथरीन ने अपने करीब दो दशक के खेल सफर में कई अहम रिकार्ड बनाये हैं। इस महिला क्रिकेटर ने इंग्लैंड की ओर से 267 मैच खेले हैं। अपने 19 साल लंबे करियर में साइवर-ब्रंट ने 141 एकदिवसीय, 112 टी20 अंतर्राष्ट्रीय और 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने सभी प्रारुपों में कुल 335 विकेट लिए हैं। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 170, टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 114 और टेस्ट क्रिकेट में कुल 51 विकेट लिए हैं। वह तीन बार इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम में शामिल रही हैं।




# एशिया कप : कंपाउंड तीरंदाजों का क्लीन स्वीप, भारत 14 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने एशिया कप स्टेज 2 विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में सभी पदक जीतकर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। भारतीय दल ताशकंद में शुक्रवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में सात स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य के साथ शीर्ष पर रहा। कंपाउंड तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरूष और महिला वर्ग में पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। हालांकि सभी 10 स्वर्ण पदकों की दौड़ में भारत पूरी तरह हावी होने से चूक गया, जिसमें रिकर्व तीरंदाज तीन फाइनल हार गए, तीनों फाइनल में भारतीयों को चीनी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर, रिकर्व तीरंदाजों के पास दो स्वर्ण और तीन रजत थे, जिसने भारत को 14 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले मृणाल चौहान वांग बाओबिन से 2-6 (29-30, 29-29, 27-28, 26-26) से हार गए। वहीं महिला वर्ग में संगीता अपने से नीचे की रैंकिंग वाली चीनी प्रतिद्वंद्वी वू जियाक्सिन से 3-1 (27-26, 27-27, 26-27, 24-27, 26-30) से हार गईं। संगीता, मधु वेदवान और तनीषा वर्मा की रिकर्व महिला टीम ने भी एकतरफा फाइनल में अपने चीनी समकक्षों से 0-6 (52-56, 47-52, 51-52) से हार गई। रिकर्व तीरंदाजों ने आखिरकार दो स्वर्ण पदक जीते जब पुरुषों की टीम और मिश्रित जोड़ी टीमों ने चीनियों के खिलाफ अपने-अपने फाइनल जीते। मृणाल चौहान, तुषार शेल्के और जयंत तालुकदार ने पुरुष टीम फाइनल में चीन को 5-1 से मात दी। चौहान और संगीता की मिश्रित टीम जोड़ी ने चीन को 5-4 से हराया।

कंपाउंड तीरंदाजों ने सुबह के सत्र में स्वर्ण पदक से शुरूआत की, जब परनीत कौर, रागिनी मार्कू और प्रगति की महिला टीम ने कजाकिस्तान को 232-223 से शिकस्त दी। वहीं, अभिषेक वर्मा, कुशाल दलाल और अमित ने पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में हांगकांग को 233-226 से हराया। वर्मा और परनीत कौर की कंपाउंड मिश्रित टीम ने कजाकिस्तान को 157-145 से हराकर तीसरा स्वर्ण हासिल किया।

## नीतीश राणा की पत्नी का पीछा करने व परेशान करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतीश राणा की पत्नी का कथित तौर पर पीछा करने और उन्हें परेशान करने के आरोप में पश्चिमी दिल्ली में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने बताया कि शुक्रवार को कीर्ति नगर थाने में ई-मेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने ड्राइवर के साथ अपनी कार से छतरपुर से अपने घर वापस जा रही थी। इस दौरान कीर्ति नगर इलाके में लाल बत्ती के पास बाइक सवार दो लोगों ने तेज गति से उनकी कार को पार किया और उनकी कार के सामने अपनी मोटरसाइकिल रोक दी। इन दोनों ने इसके बाद उसे घूरना शुरू कर दिया और उसकी कार पर हाथ फेरा।

## वनडे रैंकिंग में पाक की खलबली, न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त देकर हासिल किया पहला स्थान



**एजेंसी। कराची**

कप्तान बाबर आजम के शतक की मदद से पाकिस्तान ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 102 रन से करारी शिकस्त देकर क्लीन स्वीप की तरफ मजबूत कदम बढ़ाने के साथ ही वनडे में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। बाबर ने 117 गेंदों पर 107 रन बनाए जो उनका वनडे में 18वां शतक है। उनकी इस पारी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 334 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड 232 रन पर आउट हो गया। न्यूजीलैंड का यह श्रृंखला में न्यूनतम स्कोर है। पाकिस्तान ने इस जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 से बढ़त हासिल कर ली है। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गया है। वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांचवा और आखिरी वनडे रविवार को खेला जाएगा। बाबर ने मैच के बाद कहा, दुनिया की नंबर एक टीम बनने का श्रेय पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को जाता है।"

## अदालत ने कबड्डी संघ के पदाधिकारियों के चुनाव की अधिसूचना पर लगाई रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय एमेच्योर कबड्डी संघ (एकेएफआई) के चुनावों की अधिसूचना पर यह देखते हुए रोक लगा दी प्रासंगिक खेल गतिविधि से संबंध नहीं रखने वाले व्यक्ति को किसी भी राज्य की ओर से मतदाता के रूप में नामित नहीं किया जा सकता है। उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें दावा किया गया था कि एकेएफआई द्वारा तय किए गए निर्वाचक मंडल में 13 अपात्र मतदाता हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि ये लोग मतदाता बनने के योग्य नहीं हैं क्योंकि उनमें से कुछ कबड्डी से जुड़े नहीं हैं, जबकि अन्य ने अधिकतम कार्यकाल सीमा पार कर ली है। याचिका में उच्च न्यायालय के 10 फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है जिसमें कहा गया है कि निर्वाचक मंडल के सदस्यों को राष्ट्रीय खेल संहिता और आदर्श चुनाव दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने याचिका पर एकेएफआई और केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा, ऐसा देखा गया है कि इस मामले पर विचार करने की जरूरत है। इस अदालत का प्रथम दृष्टया मत है कि एक व्यक्ति जो प्रासंगिक खेल गतिविधि से संबंधित नहीं है।

विवाद

### माइकल वॉन ने गंभीर को जमकर लताड़ा

# खिलाड़ियों की लड़ाई में आपने क्यूं अड़ाई टांग





**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल बैंगलोर के मैच के बाद हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। उस मुकाबले के दौरान बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली और लखनऊ के मेंटर गौतम गंभीर के बीच तीखी जुबानी झड़प हो गई थी। हालांकि, कोहली की पहले मैदान में लखनऊ के गेंदबाज नवीन उल हक से कहासुनी हुई थी और मैच के बाद गंभीर और कोहली के बीच कहासुनी हुई। इस मामले को लेकर क्रिकेट विशेषज्ञों और फैंस की अलग-अलग राय है, कोई पूरे मामले के लिए कोहली को कसूरवार मान रहा है तो कोई गंभीर को। हालांकि, अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन भी इस मामले में कूद पड़े हैं और उन्होंने पूरे मामले के लिए गौतम गंभीर का कसूरवार माना है।

वॉन का कहना है कि मैदान के बीच मैच के दौरान बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली और लखनऊ के गेंदबाज नवीन उल हक में झड़प हुई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में लखनऊ के मेंटर गौतम गंभीर को खिलाड़ियों के झगड़े के बीच में कूदने के जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा है कि सपोर्ट स्टाफ और कोचिंग स्टाफ का काम रणनीति बनाना होता हो और इसके अलावा उन्हें और कोई मामले में दखलअंदाजी नहीं देनी चाहिए।

वॉन ने कहा, मैच के दौरान अगर खिलाड़ियों के बीच छोटा-मोटा झगड़ा हो जाता है तो ये कोई बहुत बड़ी बात नहीं होती। खेल के दौरान खिलाड़ियों के बीच विवाद होते रहते हैं, लेकिन इस मामले में कोच या कोचिंग स्टाफ के किसी भी मेंबर को दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिए। उनका काम डगआउट में बैठकर रणनीति बनाना और फैसले लेना होता है। अगर खिलाड़ियों के बीच कोई विवाद होता हो तो खिलाड़ियों को खुद उसे सुलझाने देना चाहिए।

### मैच के बाद कोहली, गंभीर और नवीन पर लगा था भारी जुर्माना

**आईपीएल** में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स के खिलाड़ियों में हुए विवाद के बाद इस मामले में दोषी खिलाड़ियों पर भारी जुर्माना लगाया गया था। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली और लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर की 100 प्रतिशत मैच फीस काट ली गई थी, जबकि नवीन उल हक की 50 प्रतिशत मैच फीस काट ली गई थी।

